RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 234
नई दिल्ली, शनिवार, 1 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

हाशिम को अपना कोच बनाना चाहती हैं सिंधू
स्पोर्ट्स-12

मणिपुर: इस्तीफा नहीं देंगे सीएम बीरेन सिंह

अटकलों पर लगा विराम, बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के काफिले को राजभवन की ओर बढ़ने से रोका

- सिंह ने ट्वीट में कहा- मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि ऐसे संकट के समय त्यागपत्र नहीं दूंगा
- एक दिन पहले हुई गोलीबारी में घायल एक और ने अस्पताल में दम तोड़ा, मरने वालों की संख्या तीन हुई

एजेंसी। इंफाल

इंफाल में मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन एन सिंह। (इनसेट) सीएम बीरेन एन सिंह का कथित त्यागपत्र, जिसे उनके समर्थकों ने फाड़ने के लिए राजी कर लिया।

मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन एन सिंह ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह अपने पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के साथ ही उनके इस्तीफे संबंधी अफवाहों पर विराम लग गया है। वहीं, बीरेन सिंह द्वारा स्थिति स्पष्ट किए जाने से पहले बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के काफिले को राजभवन की ओर बढ़ने से रोक दिया था। उन्होंने महिला प्रदर्शनकारियों से कहा कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। सिंह ने बाद में एक ट्वीट में कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि ऐसे संकट के समय में मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दूंगा।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाली महिला नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास से बाहर आकर लोगों को आश्वासन दिया था कि सिंह इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। अपुष्ट खबरों में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने एक त्याग पत्र टाइप किया था, लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें इसे फाड़ने के लिए राजी कर लिया। कुछ महिला प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि उन्होंने फटा हुआ पत्र देखा है और सोशल मीडिया पर इसकी प्रतियां भी पोस्ट की हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस मुद्दे पर सवालों का जवाब नहीं दिया। इससे पहले दोपहर में महिलाएं और काली शर्ट पहने सैकड़ों युवा मुख्यमंत्री आवास के सामने धरने पर बैठ गए और मांग की कि बीरेन सिंह को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि इंफाल में ऐसी अफवाहें जोरों पर थीं कि सिंह बृहस्पतिवार को राज्य में फिर से हुई हिंसा के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

बृहस्पतिवार को हुई हिंसा की घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। महिला नेता क्षेत्रीमयुम शांति ने कहा, इस संकट की घड़ी में, बीरेन सिंह सरकार को दृढ़ रहना चाहिए और उपद्रवियों पर नकेल कसनी चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर के कंगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों तथा संदिग्ध दंगाइयों के बीच गोलीबारी में घायल हुए (शेष पेज 9)

राहुल ने की सभी वर्गों से शांति की अपील

- मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मिले मणिपुर की घटनाओं को त्रासदी बताते हुए कहा-राज्य और देश के लिए पीड़ादायक

एजेंसी। इंफाल

इंफाल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हिंसा प्रभावित परिवारों से राहत शिविर में मुलाकात की।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात करने के बाद हिंसाग्रस्त राज्य में शांति के लिए समाज के सभी वर्गों से शुक्रवार को अपील की और कहा कि हिंसा कोई समाधान नहीं है।

उन्होंने मणिपुर की घटनाओं को एक त्रासदी बताया जो राज्य और देश के लिए दर्दनाक है। गांधी ने राजभवन के बाहर पत्रकारों से कहा, शांति के लिए जो भी जरूरी होगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। मैं सभी लोगों से शांति कायम करने की अपील करता हूं क्योंकि हिंसा से कभी कोई हल नहीं निकल सकता।

उन्होंने कहा, शांति ही आगे बढ़ने का रास्ता है और हर किसी को अब शांति के बारे में बात करनी चाहिए और उसकी ओर बढ़ना शुरू करना चाहिए। इस राज्य में शांति का माहौल कायम (शेष पेज 9)

मानसून सत्र में यूसीसी पर बिल ला सकती है भाजपा

- संसदीय स्थायी समिति ने विचार-विमर्श के लिए 3 जुलाई को विधि आयोग और कानून मंत्रालय के प्रतिनिधियों को बुलाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी संसद के मानसून सत्र में विवादास्पद समान नागरिक संहिता विधेयक पेश कर सकती है। सत्ताधारी दल को उम्मीद है कि आम आदमी पार्टी और बीजद जैसी पार्टियों के समर्थन से वह राज्यसभा की बाधा को पार कर लेगी। संसदीय स्थायी समिति ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे पर विचार-विमर्श के लिए 3 जुलाई को विधि आयोग और कानून मंत्रालय के प्रतिनिधियों को बुलाया है। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य हो सकता है।

राज्य के लिए इसका मसौदा तैयार हो चुका है और इसे अगले महीने राज्य सरकार को सौंप दिया जाएगा। भाजपा शासित इस राज्य में यूसीसी लागू करने के बारे में पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम ने भी कहा कि समान नागरिक संहिता भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा रही है। इसलिए इसका कार्यान्वयन उसकी प्राथमिकता में शामिल है। बीते मंगलवार को यूसीसी के लिए प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत समर्थन ने संकेत दिया कि सरकार इसे देशभर में अपनी प्राथमिकता में रखेगी और संसद के आगामी मानसून सत्र में विधेयक पेश करेगी। यूसीसी बिल पास कराने के लिए भाजपा की असली परीक्षा राज्यसभा में होगी, जहां उसे आठ रिक्त सीटों के साथ मौजूदा 237 सांसदों वाले सदन में विधेयक पारित करने के लिए 119 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। वर्तमान में राज्यसभा में भाजपा के 92 और एनडीए के मिलाकर 109 सदस्य हैं।

भाजपा को वाईएसआर कांग्रेस और बीजद के नौ-नौ सदस्यों से समर्थन की उम्मीद है। हालांकि जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस यूसीसी को समर्थन देने को लेकर आश्वस्त नहीं है, इसलिए भाजपा को अरविंद केजरीवाल की आप से राहत मिल सकती है, जिसके पास उच्च सदन में महत्वपूर्ण 10 सीटें हैं और उसने यूसीसी पर सरकार को सैद्धांतिक समर्थन की बात कही है। राज्यसभा की 10 सीटों के लिए चुनाव 24 जुलाई को होने हैं, जहां भाजपा को कांग्रेस की (शेष पेज 9)

उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी: मुख्यमंत्री

- कहा-समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए बनाई गई समिति ने अपना काम पूरा किया

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए बनाई गई समिति ने अपना कार्य पूरा कर लिया है और जल्द ही प्रदेश में इसे लागू किया जाएगा।

धामी ने ट्वीट कर कहा, प्रदेशवासियों से किए गए वादे के अनुरूप समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए बनाई गई समिति ने आज 30 जून को अपना कार्य पूरा कर लिया है और जल्द ही देवभूमि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू किया जाएगा। पिछले वर्ष विधानसभा चुनावों के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा था कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में दोबारा आई तो प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। राज्य सरकार ने कानून का मसौदा तैयार करने के लिए पिछले साल विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी।

इससे पहले, उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कानून का मसौदा तैयार करने वाली समिति की अध्यक्ष रंजना प्रकाश देसाई ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की थी कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार है और उसे जल्द ही उत्तराखंड सरकार को सौंप दिया जाएगा। देसाई ने कहा कि समिति ने (शेष पेज 9)

सड़क पर गड्ढे में भरे पानी में डूबा ऑटो चालक, मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार को भारी बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात बाधित हो गया। इसी दौरान बारिश के कारण सड़क पर बने एक गड्ढे में गिरने से ऑटो चालक की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नंदनगरी निवासी अजीत शर्मा (51) के रूप में हुई है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने कहा कि अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे पीसीआर कॉल मिली थी कि वजीराबाद रोड पर सर्विस रोड के पास एक व्यक्ति गड्ढे में डूब रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि वजीराबाद रोड पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास खोदे गए गड्ढे में बारिश का पानी भर गया था। इस गड्ढे के चारो ओर निर्माणकर्ता एजेंसी ने सुरक्षा घेरा नहीं बनाया था। न ही दुर्घटना (शेष पेज 9)

भारतीय विवि की बढ़ रही वैश्विक पहचान: मोदी

- शताब्दी समारोह समापन कार्यक्रम में बोले मोदी, डीयू एक विवि नहीं, आंदोलन है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डीयू के शताब्दी समारोह को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि शिक्षा की भविष्योन्मुखी नीतियों और निर्णयों का परिणाम है कि आज भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक पहचान बढ़ रही है। उन्होंने हाल के वर्षों में आईआईटी, आईआईएम, एम्स की संख्या में हुई वृद्धि का हवाला दिया और कहा कि ये सभी संस्थान नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि छात्र सीखना क्या चाहते हैं, जबकि पहले ध्यान इस बात पर दिया जाता था कि छात्रों को पढ़ाया क्या जाए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय कंप्यूटर सेंटर, प्रौद्योगिकी संकाय भवन और अकादमिक ब्लॉक की आधारशिला भी रखी। ये भवन डीयू के नॉर्थ कैंपस में बनाए जाएंगे। अमेरिका की अपनी हालिया राजकीय यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ देश के युवाओं में दुनिया के विश्वास के कारण आज दुनिया में देश के सम्मान और प्रतिष्ठा में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) को लेकर हुए एक समझौते मात्र से देश के युवाओं के लिए जमीन से लेकर अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर से लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) तक में नए अवसर पैदा होंगे।

माइक्रोन और गूगल जैसी कंपनियां देश में भारी निवेश करेंगी। यह आहट है कि भविष्य का भारत कैसा होने वाला है और आपके लिए कैसे-कैसे अवसर दस्तक दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा की भविष्योन्मुखी नीतियों और निर्णयों का परिणाम है कि आज भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक पहचान बढ़ रही है। साल 2014 में क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में केवल 12 भारतीय विश्वविद्यालय होते थे, लेकिन आज यह संख्या 45 हो गई है। जीवन के विभिन्न पहलुओं में दिल्ली विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि एक आंदोलन है।

यह उल्लेख करते हुए कि विश्वविद्यालय का 125वां वर्ष देश की आजादी के 100वें वर्ष के साथ मेल खाता है, मोदी ने कहा कि इसे 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय था जब दिल्ली विश्वविद्यालय में मात्र तीन कॉलेज थे लेकिन अब इससे सम्बद्ध कॉलेजों की संख्या 90 से अधिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबी गुलामी के बाद देश आज़ाद हुआ और इस दौरान आज़ादी के भावनात्मक ज्वार को एक मूर्त रूप देने में भारत के विश्वविद्यालयों ने एक अहम भूमिका निभाई थी और दिल्ली (शेष पेज 9)

दिल्ली सरकार ने केंद्र के अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र सरकार के अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस संबंध में याचिका दाखिल करते हुए दिल्ली की आप सरकार ने कहा कि यह कार्यकारी आदेश का असंवैधानिक इस्तेमाल है, जो शीर्ष अदालत और संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करने का प्रयास करता है। याचिका में अध्यादेश को रद्द करने और इस पर अंतरिम रोक लगाने का भी अनुरोध किया गया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने बीते 19 मई को दानिक्स कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश जारी किया था। अधिवक्ता शादान फरासत के जरिए दायर अपनी याचिका में दिल्ली सरकार ने कहा है कि अध्यादेश कार्यकारी आदेश का असंवैधानिक इस्तेमाल है, जो शीर्ष अदालत और संविधान की मूल संरचना के उल्लंघन करने का प्रयास करता है।

क्विक न्यूज

आवर्ती जमा समेत कुछ बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ी

नई दिल्ली। सरकार ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए आवर्ती जमा (आरडी) समेत कुछ बचत योजनाओं पर शुक्रवार को ब्याज दर 0.3 प्रतिशत तक बढ़ा दी। बैंकों में जमाओं पर बढ़ती ब्याज दरों के बीच यह कदम उठाया गया है। हालांकि निवेशकों के बीच लोकप्रिय सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर मिलने वाले ब्याज में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, सबसे ज्यादा 0.3 प्रतिशत ब्याज पांच साल के आवर्ती जमा (आरडी) पर बढ़ाया गया है। इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आवृत्ति जमा धारकों को 6.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जो अब तक 6.2 प्रतिशत था। ब्याज दरों की समीक्षा के बाद डाकघरों में एक साल की मियादी जमाओं (एफडी) पर ब्याज 0.1 प्रतिशत बढ़कर 6.9 प्रतिशत मिलेगा। वहीं दो साल की मियादी जमा पर ब्याज अब 7.0 प्रतिशत होगा जो अब तक 6.9 प्रतिशत था। हालांकि तीन साल और पांच साल की मियादी जमाओं पर ब्याज को क्रमशः 7.0 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।

पुतिन-मोदी संबंधों को प्रगाढ़ करने पर सहमत

- टेलीफोन वार्ता में यूक्रेन पर भी चर्चा, वैगनर ग्रुप के बागी तेवर पर रूसी नेतृत्व के फैसले का किया समर्थन
- पुतिन ने मोदी को रूस का शानदार मित्र बताया

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/मास्को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के बीच शुक्रवार हुई टेलीफोनिक वार्ता में भारत और रूस ने समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

क्रेमलिन ने कहा कि इसके अलावा यूक्रेन विवाद पर भी दोनों नेताओं ने चर्चा की। क्रेमलिन ने अपने बयान में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते वैगनर ग्रुप के अल्पकालिक विद्रोही तेवर के मद्देनजर रूसी नेतृत्व द्वारा उठाए गए कदमों का समर्थन किया। बयान में कहा गया है कि 24 जून को हुए घटनाक्रमों के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने, देश में स्थिरिता तथा नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर रूसी नेतृत्व द्वारा लिए गए फैसलों का समर्थन किया। दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर बातचीत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के डिजिटल शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले हुई, जिसकी मेजबानी चार जुलाई को भारत द्वारा की जाएगी। इससे एक दिन पहले, रूस के सुरक्षा परिषद सचिव निकोलाई पेत्रुशेव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच द्विपक्षीय संबंधों और रूस में नवीनतम सुरक्षा घटनाक्रम पर चर्चा हुई थी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और पुतिन ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसने कहा कि दोनों नेता संपर्क में बने रहने और दोनों देशों के बीच विशेष एवं विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत (शेष पेज 9)

सुरा प्रेमी मेट्रो में ले जा सकेंगे दो सीलबंद बोतल

- महिलाओं ने किया विरोध, डीएमआरसी व सीआईएसएफ ने कहा- मेट्रो परिसर या कोच के अंदर पीने वालों पर होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शराब पीने वालों को मेट्रो में सफर के दौरान शराब रखने में कोई दिक्कत पेश नहीं आएगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने लोगों को मेट्रो के अंदर शराब की दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति दे दी है। हालांकि, मेट्रो परिसर के अंदर शराब पीना अभी भी वर्जित है।

डीएमआरसी ने कहा कि अभी तक एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर दिल्ली मेट्रो की किसी भी सेवा में शराब ले जाने पर प्रतिबंध था। हालांकि, बाद में सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) और डीएमआरसी के अधिकारियों की एक समिति ने सूची की समीक्षा की और संशोधित सूची के अनुसार, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन की तरह ही दिल्ली मेट्रो पर प्रति व्यक्ति शराब की दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति दे दी गई है। डीएमआरसी ने कहा कि मेट्रो यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा करते समय शिष्टाचार बनाए रखें। एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अगर कोई यात्री शराब के नशे में अभद्र व्यवहार करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत उचित कार्वाई की जाएगी। डीएमआरसी के इस कदम पर महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस फैसले से महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी।

महिला कार्यकर्ता एनी राजा ने कहा कि दिल्ली मेट्रो परिसर के अंदर लोग शराब नहीं पीएंगे, यह सुनश्चित करना कठिन होगा। उन्होंने इस फैसले को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के लिए सभी सुरक्षा उपायों का उल्लंघन है। जरूरी नहीं कि महिलाएं सिर्फ महिला कोच में ही सफर करें। वे अन्य डिब्बों में भी यात्रा करती हैं। इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से यह नुकसानदेह होगा। हालांकि, पुलिस ने आश्वस्त किया है कि कड़ी निगरानी रखी जाएगी और अगर कोई हंगामा करते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समूचे मेट्रो नेटवर्क में नियमों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से यह फैसला किया गया है। सीआईएसएफ दिल्ली मेट्रो में सुरक्षा का जिम्मा संभालता है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और अन्य मेट्रो लाइन के लिए अलग-अलग नियम रखना उचित नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त (मेट्रो) जी. रामगोपाल नाइक ने कहा कि हमारे पास डीएमआरसी अधिनियम में कुछ प्रावधान हैं जिसके अनुसार यदि कोई यात्री हंगामा करता है तो हम 200 रुपए का जुर्माना लगा सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते (शेष पेज 9)

कांवड़ यात्रा के लिए रोडवेज चलाएगा 40 अतिरिक्त बसें

नोएडा के मोरना डिपो से आज से सुबह 6:30 से रात 9 बजे तक मिलेगी बस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा डिपो से कांवड़ स्पेशल बसें शनिवार से शुरू होंगी। 40 बसें हरिद्वार के लिए चलेंगी। सुबह 6:30 बजे से रात 9 बजे तक श्रद्धालुओं को डिपो से बस की सुविधा मिलेगी। कांवड़ यात्रा 4 जुलाई से शुरू हो रही है। इसलिए बसों की संख्या में इजाफा किया गया है। यहां से हर बार हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेने हरिद्वार जाते है।

नोएडा डिपो में 144 बस हैं। सभी साधारण और एसी से चलने वाली बस हैं। डिपो की अपनी एसी बस सेवा नहीं है।

अन्य डिपो की एसी बस नोएडा होकर निकलती है। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा में हरिद्वार जाने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। इस कारण बस की संख्या बढ़ा दी गई है। आम दिनों में चार बस हरिद्वार के लिए डिपो से चलती हैं।

गर्मियों की छुट्टी में दस बस चलाई गई थी। उन्होंने कहा कि यदि श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक हुई तो बसें बढ़ा दी जाएंगी। डिपो स्टाफ से मिली जानकारी के अनुसार हरिद्वार के लिए प्रति यात्री किराया 365 रुपए है।

कांवड़ के दौरान बस घूमकर जाएगी, तो किराया बढ़ाया जा सकता है। यदि किराया बढ़ता है तो इसकी सूची लगा दी जाएगी।

मार्ग पर लगेंगे 180 से अधिक कैमरे

गाजियाबाद। छह जुलाई से शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। कांवड़ यात्रा मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए पूरे मार्ग में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए करीब 180 कैमरे कांवड़ यात्रा मार्ग में लगाए जाएंगे, जिनकी मदद से पूरी कांवड़ यात्रा की मॉनीटिरिंग की जाएगी ताकि कहीं कोई गड़बड़ होने पर तत्काल वहां राहत पहुंचाई जा सके। दिल्ली-मेरठ रूट कावंड़ियों का सबसे मुख्य मार्ग है। यहां से लाखों की संख्या में कांवड़ियां अपने गंतव्य की ओर निकलते हैं। इसके अलावा शिवरात्रि के अवसर पर दूधेश्वरनाथ मंदिर में तीन दिवसीय कांवड मेला शुरू होगा। जहां लाखो शिवभक्त जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। मंदिर परिसर के अलावा बाहरी क्षेत्र भी पूरी तरह से सीसीटीवी की जद में रहेंगा। कांवड़ियों के लिए अस्थाई रूप से एसडी इंटर कॉलेज, पीजी कॉलेज, रामलीला घंटाघर मैदान और जिला अस्पताल में शिविर बनाए जाते हैं। जहां सैंकडों की संख्या में कांवडिया रूकते हैं। इसके लिए इन अस्थाई शिविरों में भी सीसीटीवी लगाए जाएंगे ताकि समय रहते किसी भी समस्या से निबटा जा सके। दूधेश्वरनाथ मंदिर परिसर और उसके आसपास भी करीब 50 से अधिक सीसीटीवी होंगे जिनकी मॉनीटिरिंग मंदिर परिसर व जस्सीपुरा मोड स्थित पुलिस चौकी से की जाएगी।

सुरक्षा को 18 वॉच टावर के लिए सर्वे पूरा

गाजियाबाद। कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा को लेकर इंतजाम पुख्ता करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। निगम और प्रशासन विभाग की ओर से शहर में ऐसे स्थानों का चुनाव कर लिया है जहां वॉच टावर लगाए जाएंगे। शहरी एरिया में 18 स्थानों पर वॉच टावर लगाए जाएंगे। वैसे पूरे जिले में वॉच टावर की कुल संख्या 40 निर्धारित की गई है। वॉच टावर की मदद से ही शहर के प्रत्येक कांवड़ रूट पर प्रशासन नजर रखेगा। गत दिनों इसके लिए एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में बताया गया था कि शहर और ग्रामीण एरिया में कांवड़ सुरक्षा के लिए व्यवस्थाएं की जाएंगी। शहरी एरिया में कहां-कहां वॉच टावर बनाए जाएंगे इसके लिए हाल ही में एक सर्वे किया गया है।

अंडे की दुकान तोड़ने पर चौकी इंचार्ज समेत 3 निलंबित

● सोशल मीडिया पर फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस आयुक्त ने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

टूटी हुई दुकान और बिखरा सामान।

नोएडा के थाना सेक्टर-113 के सेक्टर-76 में तीन पुलिस कर्मियों ने मिलकर एक अंडे की दुकान पर जमकर लाठी डंडे चलाए।

उसकी दुकान को तोड़ दिया साथ ही अंडे व अन्य बर्तन सामान तोड़ते हुए फेंक दिए। पुलिस की इस कार्यवाही को लोग देखते रहे। किसी ने इसका एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में टूटी हुई दुकान के अलावा सामान बिखरा दिख रहा है। सोशल मीडिया पर फुटेज वायरल होने के बाद लोगों ने ट्विट कर पुलिस कर्मियों के इस कार्य की निंदा की और कठोर कार्रवाई के लिए कहा गया। पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी नोएडा जोन को मामले की जांच सौंपते हुए तीनों पुलिस कर्मियों चौकी प्रभारी सोरखा उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक आवेश मलिक और आरक्षी मानवेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इनके खिलाफविभागीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए है।

गुरुवार की रात तीनों पुलिस कर्मी सेक्टर-75 में रोड साइड डे एंड नाइट कैफे के नाम से एक अंडे की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदार से अंडे की मांग की। आरोप है कि देरी होने पर पहले उन्होंने दुकानदार के साथ बदतमीजी की। इसके बाद हाथापाई तक उतर आए। उन्होंने दुकान पर रखा सारा सामान तोड़ दिया। खोखा पलट दिया। वहां खड़े लोग इसे देखते रहे।

राजेश कुमार सिंह जीडीए सचिव रणविजय एडीएम प्रशासन बने

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश शासन ने देर रात कई आईएएस पीसीएस अफसरों के तबादले किए हैं जिसमें पीसीएस राजेश कुमार सिंह को जीडीए सचिव बनाया गया है। वहीं जिले में एडीएम प्रशासन के पद पर तैनात बिपिन कुमार को एडीएम प्रशासन बनारस बनाया गया है उनके स्थान पर बनारस में एडीएम पद पर तैनात पीसीएस रणविजय सिंह को एडीएम प्रशासन गाजियाबाद बनाया गया है।

वहीं कार्यवाहक शुभांगी शुक्ला को नियमित सिटी मजिस्ट्रेट गाजियाबाद तैनात किया गया है। आईएएस ब्रजेश कुमार को एसीओ ग्रेटर नोएडा, आईएएस योगेन्द्र यादव को कमिश्नर निशक्तजन, अपर सचिव समाज कल्याण बनाया गया है। पीसीएस विनीत कुमार को एडीएम एफआर गोरखपुर, पीसीएस अंजनी कुमार सिंह को एडीएम सिटी गोरखपुर, पीसीएस मंगलेश दूबे को सिटी मजिस्ट्रेट गोरखपुर, पीसीएस गुलाबचंद को एडीएम प्रशासन मुरादाबाद, पीसीएस रणविजय को गाजियाबाद एडीएम, राकेश सिंह को एडीएम एफ आर लखनऊ, अरूण सिंह को एडीएम बाराबंकी, पीसीएस अंजूलता को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है।

दिनदहाड़े पिस्तौल के बल पर ज्वेलरी की दुकान में लूट

गाजियाबाद। गाजियाबाद में बदमाशों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े एक ज्वेलरी शॉप लूट ली। शॉप मालिक, बेटे और कर्मचारी को गन पॉइंट पर लेकर लूट को अंजाम दिया। बदमाश करीब 2 मिनट तक शॉप में रहे और वारदात करके आसानी से फरार हो गए।

कैमरे में कैद हुए बदमाशों के हुलिए से उनकी पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कॉलोनी निवासी रिजवान अहमद की भगत सिंह चौक के पास सुहाग ज्वेलर्स नाम से शॉप है।

शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे शॉप पर रिजवान और उनके बेटा-बेटी मौजूद थे। तभी एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। इसमें एक व्यक्ति ने मुंह पर गमछा लपेटा हुआ था, जबकि दूसरे ने मास्क लगाया हुआ था। मास्क वाले व्यक्ति ने ही पिट्ठू बैग भी लटका रखा था। शॉप पर पहुंचते ही काउंटर पर बैठे रिहान ने उनसे पूछा क्या चाहिए।

रिजवान कुछ समझ पाते, इससे पहले ही बदमाशों ने रिहान की कमर पर पिस्टल तान दी और सारे जेवरात पिट्ठू बैग में भरने के लिए कहा। एक बदमाश ने सोने के जेवरात के 3 डिब्बे, चांदी के जेवरात के 2 डब्बे और काउंटर में रखे 30 हजार लूट लिए। इसके बाद वे गोली मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

भारी कर्ज में डूबे मिठाई व्यापारी ने दी जान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● सुसाइड नोट में लिखा- ब्याज पर लिए थे 40 लाख, मकान और रुपए देकर भी 1 करोड़ बकाया

गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर इलाके में मिठाई व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यापारी ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें सूदखोर से तंग आकर जान देने की बात कही है।

व्यापारी ने 40 लाख रुपए ब्याज पर लिए और ये बकाया रकम बढ़कर 2 करोड़ रुपए पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। लोनी के बलरामनगर निवासी 52 वर्षीय चंचल अग्रवाल मशहूर हलवाई हैं। चंचल मार्केट में उनकी शॉप है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे चंचल ने घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उस वक्त घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में मौजूद थे। जब तक उनकी नजर इस घटनाक्रम पर गई, तब तक चंचल फांसी पर झूल चुके थे। परिजनों ने तुरंत उन्हें नीचे उतारा और नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुबह करीब 9 बजे लोनी बॉर्डर थाना पुलिस को इस घटनाक्रम की जानकारी हुई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

अंकुर विहार विवेक ने बताया हमें व्यापारी के घर से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इसमें चंचल अग्रवाल ने जितेंद्र बंसल उर्फ जीतू से कुछ सालों पहले 40 लाख रुपए ब्याज पर लेने की बात कही है। इसमें चंचल ने ये भी लिखा है कि जीतू ने उसका मकान अपने नाम लिखवा लिया है। वो सारे रुपए भी दे चुका है। इसके बावजूद जीतू अभी अपने एक करोड़ रुपए और बकाया बता रहा है। इससे परेशान होकर वो आत्महत्या कर रहा है।

संक्षिप्त समाचार

थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा अवैध हथियार के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

ग्रेटर नोएडा में हार्ट अटैक से हेड कॉन्स्टेबल की मौत

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाने में नियुक्त एक हेड कॉन्स्टेबल की हार्टअटैक के चलते मौत हो गई। हेड कांस्टेबल की मौत गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में हुई। वह ग्रेटर नोएडा में बीटा 2 थाने पर तैनात थे। उनकी मौत की खबर के बाद से पूरे पुलिस महकमे में मातम छाया हुआ है। नोएडा पुलिस की तरफसे जानकारी दी गई कि 25 जून को थाना बीटा.2 पर नियुक्त हेड कॉन्स्टेबल राघवेन्द्र सिंह 38 जोकि जनपद फिरोजावाद के रहने वाले थे। उनको अचानक ड्यूटी के दौरान बहुत तेजी से दर्द हुआ एपता चला कि उनको हार्टअटैक हुआ है। हार्ट अटैक आने पर उपचार के लिए उनको परिजनों द्वारा यथार्थ अस्पताल, बिसरख में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां राघवेंद्र की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। जिनकी स्थिति गम्भीर होने के कारण परिजन उनको मेदान्ता अस्पताल, गुरुग्राम हरियाणा ले गए और ईलाज के लिए वही पर भर्ती करा दिया गया। गुरुवार रात को उनके परिजनों के द्वारा फोन के माध्यम से नोएडा पुलिस को सूचना दी गई कि राघवेन्द्र सिंह का निधन हो गया है।

बेटी के प्रेमी की हत्या करने वाले पिता समेत 3 गिरफ्तार

गाजियाबाद। बीती रात खोड़ा थाना क्षेत्र की वंदना विहार कॉलोनी में रहने वाली लोनी मुस्तफाबाद निवासी परवेज को पीट-पीटकर उस मसय मार डाला गया कि जब वह रात के समय अपनी नाबालिग प्रेमिका से मिलने उसके घर पर गया था। उक्त वारदात की सूचना भी लडकी के पिता ने पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस को बताया कि उनके घर में चोर घुस आया था जिसकी पिटाई की गई। उसके बाद पुलिस ने युवक को गंभीर अवस्था में एमएमजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने उक्त प्रकरण की सूचना परवेज के परिजनों को देकर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया। इस संदर्भ में डीसीपी ट्रांस हिंडन विवेकचंद्र यादव ने बताया कि पुलिस ने मृतक युवक परवेज के भाई आसिफकी तहरीर पर लडकी के पिता व भाई समेत कई लोगों के खिलाफहत्या की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। जिसके खोड़ा थाने के एसएचओ योगेंद्र सिंह की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संजय, उसके भतीजे अमन और रंजीत को गिरफ्तार करके जांच शुरू कर दी।

खेत में जुताई कर रहे किसान को लाठी-डंडों से पीटा

नोएडा। खेती की जमीन को पट्टे पर लेकर जुताई करा रहे किसान के साथ गांव के दबंगों ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। अधमरा करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाना ईकोटेक 1 में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महाराणा विहार विजयनगर गाजियाबाद निवासी रोहित चौधरी ने बताया कि उसने ग्राम जगनपुर निवासी अजीत कुमार से ग्राम मोतीपुर मढिया में 10 किला जमीन 1 साल के लिए 2 लाख 40 हजार रुपये देकर ठेके पर ली थी। खेत की जुताई शुरू होने पर गांव निवासी अनिल उर्फ नीरज पुत्र ब्रिजानंद नागर अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और उसने आते ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की और उन्हें अधमरा कर दिया।

वकीलों ने किया सीजीएसटी कार्यालय पर प्रदर्शन

नोएडा। वकील साथी के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में जनपद की तीनों बार एसोसिएशन ने एक साथ मिलकर सेक्टर-48 स्थित सीजीएसटी के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। वकील अवधेश शर्मा ने बताया कि सीजीएसटी सुपरिनटैंडेंट ओमवीर सिंह व इंस्पेक्टर मयंक शाक्य ने वकील रवि संदुजा के जूनियर के साथ दुर्व्यवहार, भ्रष्टाचार की मंशा के साथ मनमाने तरीके से काम करने और अधि वक्ताओं के अधिकारों का हनन किया। संदूजा ने अपने जूनियर वकील अवधेश कुमार झा को व्यापारी की फैक्ट्री भेजा। उन्होंने सीजीएसटी के अधिकारियों के बताया कि आपके द्वारा पूरा टैक्स जमा किया जा चुका है। इसके बाद भी सीजीएसटी के अधिकारियों ने वकील के साथ दुर्व्यवहार किया।

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लाजपत राय चोपड़ा उक्त संपत्ति Property No. K. 34 area measuring 200 Sq. Yds., Situated at Jangpura Extension, New Delhi., PI Conveyance Deed Dated 28.07.1997 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 10297 के द्वारा मालिक थे तथा श्री लाजपत राय चोपड़ा व उनकी पत्नी विमला चोपड़ा की मृतयु दिनांक 09.11.1999 & 05.03.2006 हो चुकी थी। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री लाजपत राय चोपड़ा के विधिक उत्तराधिकारी श्री अजय चोपड़ा, श्रीमती दीपा चोपड़ा, श्रीमती मोहिनी चोपड़ा है।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्नपते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client RBL Bank Ltd. that Mrs. Aseem Agrawal is the owner of Flat Bearing No. 118, on First Floor, Situated at Mukherji Nagar, Delhi "the said property", by virtue of Relinquishment Deed dated 08.06.2023, Registration No. 9470, executed by Mrs. Seema Agrawal and Mrs. Ananya Agrawal, All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property and someone want to purchase the same by taking Home loan from our client, if anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its Title / sale and mortgage/any litigations, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, Ind Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल जय प्रकाश सैनी पुत्र श्री शेर सिंह सैनी निवासी फ्लैट नंबर 605, निजी सी.जी.एच.एस, लिमिटेड, प्लॉट नंबर 40बी, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075, ने सभी दस्तावेज, शेयर प्रमाणपत्र, आवंटन पत्र, कब्ज़ा पत्र, रू 110/- की रसीद, कन्वेयंस पत्र दिनांक 28.09.2006, विक्रय पत्र दिनांक 09.10.2006, विक्रय पत्र दिनांक 18.03.2009 आदि उनके फ्लैट नंबर 605, निजी सी.जी.एच.एस, लिमिटेड, प्लॉट नंबर 40बी, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075, से सम्बंधित है, खो दिए हैं, और एक एन.सी.आर./एफ. आई.आर. एलआर संख्या-594784/2023 दिनांक 26.06.2023 के माध्यम से दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर पहले ही दर्ज करा दिया है। प्राप्तकर्ता/कब्जाधारक कृपया 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, उसके बाद प्राप्तकर्ता/ उपयोगकर्ता सभी प्रकार से इसके उपयोग के लिए जिम्मेदार होगा।

PREM PRAKASH (Advocate)
Plot-1, MLU Sector-10,
Dwarka, N.D.-75 (M):9871268399

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या 629405042934 कर्जदार का नाम मेकशॉट इंजीनियर्स, मनोज कुमार (पार्टनर), रिया रानी, रजनीश सिंह (पार्टनर), रजनीश सिंह, अवंतिका कुशवाहा के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत मांग सूचनाओं का प्रकाशन मांग सूचना दिनांकित 21 अगस्त, 2021 तथा दिनांकित 08 अक्टूबर, 2021 के रूप में क्रमानुसार दि पायनियर (हिन्दी) तथा दि पायनियर (अंग्रेजी) में और सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांकित 17 दिसम्बर, 2021 का प्रकाशन 22 दिसम्बर, 2023 को दि पायनियर (हिन्दी) में एवं दि पायनियर (अंग्रेजी) में तथा भौतिक कब्जा सूचना दिनांकित 25 मई, 2023 का प्रकाशन 31 मई, 2023 को दि पायनियर (हिन्दी) में एवं मॉर्निंग इंडिया (अंग्रेजी) में तथा दि पायनियर और सन्मार्ग (हिन्दी) में हुआ था। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त कर्जदारों के नाम 13.2 एवं सांकेतिक सूचना एवं भौतिक कब्जा सूचना में टंकण त्रुटि हो गई है और इसका प्रकाशन कॉमर्शियल स्पेस नंबर 405 ए, चतुर्थ तल, ऑर्बिट प्लाजा के नाम से ज्ञात कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर सी-2, क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009 के स्थान पर कॉमर्शियल स्पेस नंबर 405 ए, चतुर्थ तल, ऑर्बिट प्लाजा के नाम से ज्ञात कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर सी-2, क्रॉसिंग रिपब्लिक, डेंडाहेड़ा, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009 वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको कॉमर्शियल स्पेस नंबर 405 ए, चतुर्थ तल, ऑर्बिट प्लाजा के नाम से ज्ञात कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर सी-2, क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

दिनांकित : 01-07-2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

PUBLIC NOTICE

To be known to all that my clients, **Mr. RATAN LAL GARODIA,** son of Shri Jodhraj Garodia, and **Mrs. SUMITRA DEVI GARODIA**, wife of Mr. Ratan Lal Garodia, both resident of H.No C-161, Westend Heights, DLF Phase 5, Gurugram, Haryana have lost/misplaced the original i.e. Allotment Letter, Apartment Deed, Possession Letter, and all Payment receipts in respect of Property No. **MM TW-C04/2202, M3M Merlin, Sector 67, Gurgaon, Haryana.** That a Lost Property Report to this effect has been lodged in Police Station Sector 65, Gurugram, Haryana vide Application Number : 132271102300251.

Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact above named person at above address or through phone no 9810221449 within 15 days from the date of publication of this notice.

ACHIN SHARMA (ADVOCATE)
G-2/210, Tulsi Tower, Alaknanda
Main Shopping Complex, New Delhi-19

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यह सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। उक्त कर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम/ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/ प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	हनुमान सहाय मीणा/संजय देवी मीणा- (00900015239-क्यूजैडजेएनवी00004999837) - राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, एसी-1/जी2, हनुमान सहाय मीणा, सीएसक्यूएम12, एसआरजी एमएसजी मानेसर, गुरूग्राम, हरियाणा-122051	प्लॉट नंबर 14, शिवनाथ कालोनी, खसरा नंबर 109/1, ग्राम जुगलपुरा कलां, नेवाई, टोंक, राजस्थान-304021	16 मई, 2023 रू. 9,47,793/-	08-02-2023

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 जुलाई, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गुरूग्राम आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

PUBLIC NOTICE

My client, HERO HOUSING FINANCE LIMITED is mortgaging property bearing no. A-42/1, part of out of khasra no. 203, area measuring 23.41 sq. mtrs., situated at village Ghonda Gujran Khadar, Gali No.6, A-Block, Gamri Extn., Illaqa Shahdara, Delhi-110053 currently owned by Sh. Akash Singh S/o Sh. Shyam Singh virtue of sale deed 02.09.2021 doc. no. 2244. This property if now transferred to legal heir of Smt. Phoolvasi Devi W/o Late Sh. Ram Swarth who became owner by virtue of reliquishment deed executed by (1) Grijesh Kumar S/o Late Sh. Ram Swarth (2) Sh. Navneet Kumar S/o Late Sh. Ram Swarth & (3) Sh. Lokesh Kumar S/o Late Sh. Ram Swarth doc. no. 1726. dated 28.07.2021. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 7 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती लक्ष्मी देवी ने गांव घोंडा गुजरान खादर ब्लॉक-जे की आबादी में, गली नंबर 5, करतार नगर, इलाका शाहदरा दिल्ली में स्थित संपत्ति सं. जे-85ए पर निर्मित, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज, खसरा नं. 153 में से, नोटरीकृत जनरल पॉवल ऑफ अटॉर्नी दिनांक 05.05.2003 के आधार पर मालिक है। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री राजेंद्र यादव और श्रीमती मादुरी एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से श्रीमती लक्ष्मी देवी से यह संपत्ति खरीद रहे हैं। और इसके लिए ऋण के लिए एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से संपर्क किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम गाजियाबाद 201014, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

KSOLVES Emerging Ahead Always
KSOLVES INDIA LIMITED
(सीआईएन: एल72900डीएल2014पीएलसी269020)
पंजी. कार्यालय: 317/276, द्वितीय तल, लेन नंबर 3, मेहरौली रोड, सईदुलअजब, साकेत, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली-110030, भारत
कार्पो. कार्यालय : पारेक्सल, बी-4, प्रथम तल, बी-ब्लॉक, सेक्टर-63, नोएडा-201301
टेलीफोन नंबर : +91 8962669996 ईमेल: cs@ksolves.com, वेबसाइट: www.ksolves.com

9वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु KSOLVES INDIA LIMITED ("कम्पनी") के सदस्यों की 9वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") रविवार, 23 जुलाई, 2023 को पूर्वा. 11:00 बजे, कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020, 22/2020, 33/2020, 39/2020, 10/2021, 20/2021, 03/2022, 11/2022 क्रमानुसार दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 05 मई, 2020, 15 जून, 2020, 28 सितम्बर, 2020, 31 दिसम्बर, 2020, 23 जून, 2021, 08 दिसम्बर, 2021, 05 मई, 2022 एवं 28 दिसम्बर, 2022 ("एमसीए सर्कुलर) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 ("सेबी सर्कुलर") तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 केसाथ पठित तदधीन विरचित नियमावली के अन्य लागू प्रावधानों के अनुपालन में, वीडियो कॉन्फ्रेंस सुविधा ("वीसी")/अथवा अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओवीएएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट एजीएम आयोजन की सूचना सहित यथासमय केवल ई-मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जाएंगी, जिनका ईमेल पता कम्पनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट ("आरटीए")/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) ("डीपी") के पास पंजी.त है। उपरोक्त दस्तावेज www.ksolves.com स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.bseindia.com और www.nseindia.com पर तथा बिगशेयर वेबसाइट https://ivote.bigshareonline.com/landing पर भी उपलब्ध होंगे।

एजीएम आयोजन की सूचना में वीसी/ओवीएएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित होने तथा ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम के लिए रिमोट ई-वोटिंग में भाग लेने की विधि दी गई है। सूचना में, भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरों के उन शेयरधारकों के लिए लॉगइन क्रेडेन्शियल्स के संबंध में अनुदेश भी दिए गए हैं, जिनके द्वारा उनका ई-मेल पता कम्पनी अथवा उनके संबंधित डीपी के पास पंजीकृत नहीं करवाया गया है। वीसी/ओवीएएम सुविधा के माध्यम से भाग ले रहे सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी।

कम्पनी के बोर्ड ने कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों हेतु रू. 8 प्रति शेयर का अंतिम लाभांश भी संस्तुत किया है। लाभांश हेतु ग्राह्य सदस्यों की गणना के लिए रेकार्ड तिथि शुक्रवार 14 जुलाई, 2023 होगी। भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों से अनुरोध है कि अपने भौतिक शेयर अभौतिक रूप में बदलने और भौतिक शेयरों के साथ जुड़े सभी जोखिम समाप्त करने पर विचार करें। ई-मेल पता और बैंक विवरण के पंजीकरण की प्रक्रिया : डीमैट रूप में शेयरों के धारक जिन

राष्ट्रीय मसलों पर सदैव अग्रणी भूमिका में रहा है डीयू : प्रधान

● शिक्षा मंत्री ने शताब्दी समारोह के समापन पर दिल्ली विश्वविद्यालय के योगदान को किया याद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) नाम से दिल्ली जुड़ता है लेकिन यह सिर्फ दिल्ली का ही नहीं बल्कि पूरे देश का और हर नागरिक का विश्वविद्यालय है। प्रधान ने कहा कि डीयू सदैव राष्ट्रीय मसलों में अग्रणी भूमिका में रहने के साथ ही इसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि देश में आपातकाल लागू होने के बाद जब नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे, तब सबसे पहले दिल्ली विश्वविद्यालय ने इसके खिलाफ आवाज उठाई थी। प्रधान ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने देश की आजादी की लड़ाई देखी, यहां शहीद भगत सिंह आए और आजादी की लड़ाई लड़ते-लड़ते चंद्रशेखर आजाद ने भी इसमें कदम रखा था।

शिक्षा मंत्री ने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय नाम से ही दिल्ली से जुड़ता है। यह दिल्ली का ही नहीं है, बल्कि यह पूरे देश का विश्वविद्यालय है, यह देश के हर एक नागरिक का विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं लेकिन 1973-74 में जब भारत के संविधान पर संकट आया था और उसके बाद आपातकाल लागू होने पर नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे तब इसके खिलाफ किसी ने आवाज उठाई थी, तो वह दिल्ली विश्वविद्यालय ही था। प्रधान ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने देश के दूसरे स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई लड़ी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले 75 से 100 वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय ने देश को अनेकों वैज्ञानिक दिए, लोक नीति निर्माता दिए, उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियां दीं, कला एवं सहित्य जगत से जुड़े लोग दिए, न्यायविद दिए। उन्होंने कहा कि संस्थान जब अपने 100 साल पूरे कर रहा है जब चुनौतियां और जिम्मेदारियां बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर-दृष्टि से 34 साल बाद देश को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति मिली और इसके अनुपालन को भी तीन साल हो गए हैं।

"पिछले तीन वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय ने एक भी क्षण गंवाए बिना राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने पर काम किया। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम है कि आज डीयू क्यूएस रैंकिग में देश के शीर्ष संस्थाओं में शामिल है।"
-शिक्षा मंत्री

गौरवपूर्ण 100 वर्षों की यात्रा पर लगाई प्रदर्शनी

मल्टीपर्पज हॉल के बेसमेंट में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। विश्वविद्यालय के गौरवपूर्ण 100 वर्षों की यात्रा पर आयोजित इस प्रदर्शनी में विभिन्न कॉलेजों व विश्वविद्यालय के केंद्रीय अभिलेखागार आदि से विशिष्ट सामग्री जुटाई गई थी। इसके अतिरिक्त विदेशी विद्यार्थियों, दिल्ली विश्वविद्यालय से निकले पैरा ओलंपियनों और एनसीवेब सहभागियों ने भी इसमें भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों के साथ इंटरैक्शन भी किया।

कुलपति ने अतिथियों का किया स्वागत

***नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी के समापन समारोह में डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा और शताब्दी वर्ष की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मिशन मोड में भर्तियाँ करने का आह्वान किया और शिक्षा मंत्री ने लगातार इसकी समीक्षा की, उसी का परिणाम है कि डीयू ने दशकों के बाद 2200 शिक्षकों की भर्तियाँ की हैं। कुलपति ने कहा कि अपने 100 वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली के हर घर में गया, देश के हर जिले में गया, हर तहसील में गया और संसार में जितने भी देश हैं वहां पर आपको कहीं न कहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मिल जाएंगे। कुलपति ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने संकल्प लिया कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र होगा।*

डीयू के आसपास के व्यंजनों का स्वाद न भूलें छात्र : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए मेट्रो ट्रेन में यात्रा की। इस दौरान वह छात्रों से बातचीत करते दिखे।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि भविष्य में वे कहीं भी रहें, लेकिन उन्हें विश्वविद्यालय के उत्तर और दक्षिण परिसर के आसपास के खाद्य स्टॉल के व्यंजनों का स्वाद ना भूलें। दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने विश्वविद्यालयों द्वारा नवाचारों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ अपने लिए भविष्य का एक खाका तैयार करने के बारे में बात की और छात्रों के लिए फुर्सत के समय कुछ लोकप्रिय स्थानों पर विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के मजे लेने का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि लेकिन इतने सारे बदलावों के बीच, आप लोग पूरी तरह मत बदल जाइएगा। कुछ बातें वैसे ही छोड़ दीजिएगा। नॉर्थ कैंपस में पटेल चेस्ट की चाय, नूडल्स, साउथ कैंपस में चाणक्याज के मोमोज इनका टेस्ट ना बदल जाए, ये भी आपको सुनिश्चित करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का नॉर्थ और साउथ कैंपस अपने चाय और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाने के लिए जाना जाता है, जहां न केवल छात्र, बल्कि अन्य लोग भी आते हैं। उन्होंने कहा कि आज इस आयोजन के जरिए यहां नए और पुराने छात्र भी साथ मिल रहे हैं। स्वभाविक है, कुछ सदाबहार चर्चाएं भी होंगी। नॉर्थ कैंपस के लोगों के लिए कमला नगर, हडसन लाइन और मुखर्जी नगर से जुड़ी यादें, साउथ कैंपस वालों के लिए सत्य निकेतन के किस्से, आप चाहे जिस भी साल के पासआउट हों, दो डीयू वाले मिलकर इन पर कभी भी घंटों निकाल सकते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने 100 सालों में अगर अपने अहसासों को जिंदा रखा है, तो अपने मूल्यों को भी जीवंत रखा है। ज्ञात हो कि दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1922 में एक मई को हुई थी। गत वर्ष विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना की सौ वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया था। विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का उद्घाटन एक मई, 2022 को हुआ था जिसमें तत्कालीन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि थे और शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि थे।

समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा के आलोक में शताब्दी स्मारक टिकट तथा 100 रुपये मूल्य का स्मारक सिक्का भी जारी किया था।

प्रधानमंत्री ने मेट्रो में छात्रों से किया संवाद

● राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते हुए छात्रों के साथ बहुत ही जीवंत बातचीत की और इस दौरान उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में भी चर्चा की। विश्वविद्यालय के एक कॉलेज में बीकॉम के छात्र शिवम गुप्ता (19) ने कहा कि प्रधानमंत्री के बगल में बैठना और उनसे बात करना काफी शानदार अनुभव रहा। उन्होंने कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि हममें से कुछ को देश के प्रधानमंत्री के साथ करीबी और व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने का मौका मिला। यह बहुत असाधारण लग रहा था। हमारे विश्वविद्यालय के रास्ते में यात्रा के दौरान उनसे बातचीत करने का भी मौका मिला।

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में भाग लेने के लिए मेट्रो में यात्रा की। वह लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन में सवार हुए और येलो लाइन पर विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर उतरे।

अधिकारियों ने मोदी की मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते, यात्रियों के साथ बैठकर उनसे बातचीत करने की तस्वीरें साझा कीं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गुप्ता ने कहा कि मेट्रो ट्रेन के अंदर यात्रा के दौरान हमें उनसे बातचीत करने का मौका मिला। शुरू में, मैंने सोचा कि मैं थोड़ा भयभीत हो जाऊंगा, लेकिन उनकी आभा काफी आकर्षित करने वाली थी।

मेट्रो स्टेशनों और कोच के अंदर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था। कुछ छात्र बैठे थे जबकि अन्य मोदी के बगल में खड़े होकर उनसे बातचीत कर रहे थे। गुप्ता ने कहा कि बातचीत के दौरान उन्होंने (प्रधानमंत्री) राष्ट्र निर्माण में युवाओं के महत्व और भूमिका के बारे में बात की। एक छात्र ने उनसे पूछा कि भारत की साख बढ़ रही है तो इसका श्रेय किसे जाता है। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह युवा हैं जिन्होंने भारत की साख को आगे बढ़ाया है। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने का भी आग्रह किया। मोतीलाल नेहरू कॉलेज में पढ़ रहे गुप्ता ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से वादा किया कि वह भारत में रहेंगे और शिक्षा पूरी करने के बाद देश के लिए काम करेंगे। उत्तरी दिल्ली के रोशनआरा बाग के निवासी डीयू के छात्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ मेट्रो की उनकी यात्रा हमेशा यादों में रहेगी। दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने कहा कि वापसी के समय भी मोदी ने मेट्रो में यात्रा की।

डीयू सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे एक हजार से अधिक जवान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिल्ली विश्वविद्यालय दौरे के दौरान त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई, जिसमें एक हजार से अधिक अर्धसैनिक बलों तथा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया, हमने एक हजार से अधिक जवानों को तैनात किया, जिसमें अर्धसैनिक बल के जवान शामिल थे। त्रिस्तरीय जांच प्रणाली के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इसके साथ विश्वविद्यालय की तरफ से जारी दिशा-निर्देश में काले कपड़े पहनने के लिए मना किया है। शताब्दी वर्ष समारोह के समापन समारोह का सीधा प्रसारण भी किया गया जिसे सभी कॉलेजों और दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी विभागों में स्क्रीन लगा कर दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से करीब 4000 और वर्चुअल (अप्रत्यक्ष) रूप से भी करीब चार लाख लोग जुड़े।

आइसा कार्यकर्ताओं को नजरबंद करने का दावा

नई दिल्ली। भाकपा माले की छात्र इकाई आइसा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दौरे से पहले उसके कार्यकर्ताओं को उनके घरों के अंदर हिरासत में रखा गया और उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि, दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि किसी भी छात्र को हिरासत में नहीं लिया गया है।

आइसा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अभिज्ञान ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा का हवाला देते हुए, मुझे और आइसा डीयू सचिव अंजलि को हमारे फ्लैट में हिरासत में रखा गया है और हमें परिसर में जाने की अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें कोई वारंट या आदेश नहीं दिखाया गया और हमें नहीं मालूम कि वे यहां कितने समय तक रहेंगे। अभिज्ञान ने अपने फ्लैट के बाहर पुलिस की वर्दी में बैठे लोगों की दो तस्वीरें भी ट्विटर साझा कीं।

आतिशी को वित्त व राजस्व का अतिरिक्त प्रभार

● मंत्रिमंडल में फेरबदल के प्रस्ताव को उपराज्यपाल ने दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मंत्रिमंडल में फेरबदल के प्रस्ताव को उपराज्यपाल वी के सक्सेना की मंजूरी मिलने के बाद मंत्री आतिशी को राजस्व, योजना और वित्त विभागों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पहले ये तीनों विभाग मंत्री कैलाश गहलोत के पास थे। आतिशी दिल्ली मंत्रिमंडल में एकमात्र महिला सदस्य हैं। इस अतिरिक्त प्रभार के बाद अब उनके पास 12 विभागों का जिम्मा होगा, जो सभी मंत्रियों में सर्वाधिक है।

एक अधिकारी ने बताया, दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और फाइल सरकार के पास लौट आई है। मंत्रिमंडल में फेरबदल के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को विवाद पैदा हो गया था, जब सरकारी अधिकारियों ने दावा किया था कि संबंधित फाइल चार दिन से उपराज्यपाल के पास है। लेकिन उपराज्यपाल कार्यालय ने इस आरोप से इनकार किया।

मंत्रिमंडल के सदस्य मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने गिरफ्तारी के बाद अपने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद आतिशी को सौरभ भारद्वाज के साथ मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया गया है जबकि जैन को धनशोधन मामले में पिछले साल गिरफ्तार किया गया था।

नगर निगम चलाएगा मेगा स्वच्छता अभियान : शैली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में जल्द दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की तरफ से मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यह घोषणा महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने निगम मुख्यालय में बुधवार को की।

महापौर शैली ओबरॉय ने मैराथन बैठकों की समीक्षा के दौरान वार्डों की समस्याओं को सुना। उन्होंने नजफगढ़, दक्षिणी, शाहदरा उत्तरी और शाहदरा साउथ जोन के साथ अलग-अलग बैठक कर समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि नालों से निकली गाद को 2 दिनों में उठवाकर उचित स्थान पर डंप करवाने के भी निर्देश दिए। मेयर बैठक में पार्षदों ने मुख्य रूप से पार्कों के रख-रखाव, बाजारों में अवैध अतिक्रमण, ऑटो टिप्परों की भारी कमी, अवैध पार्किंग, आवारा पशुओं की समस्या, अवैध डेयरी, पर्यावरण सहायक, माली सहित स्टाफ की कमी से अवगत कराया गया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने उचित कचरा प्रबंधन को लेकर पार्षदों की मांग को पूरा करने और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि एमसीडी की ओर से जल्द मेगा स्वच्छता अभियान शुरू होगा।

एलजी ने 849 कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

● उपराज्यपाल ने कहा, एक साल में 17,000 लोगों की हुईं नियुक्तियां

कर्मचारी को नियुक्त पत्र सौंपते उपराज्यपाल विनय सक्सेना। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को 849 नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान नियुक्ति पत्र पाकर सभी अभ्यथी बेहद प्रसन्न दिखाई दिए। इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि अब तक बीते 1 साल में 17000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आगे भी विभन्न विभागों में नियुक्तियां होंगी। दिल्ली पुलिस में भी आने वाले समय में नियुक्ति होगी। सक्सेना ने कहा कि मुख्य सचिव के नेतृत्व में डीएसएसबी ने भी राजधानी में नियुक्तियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसके चलते बीते 1 साल में 17000 से अधिक लोगों को हम नौकरी देने में कामयाब रहे हैं।

उपराज्यपाल विनय ने अभ्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य व जिम्मेदारी छोटी यी बड़ी नहीं होती है। देश में लाखों ऐसे शिक्षक हैं जिनमें से किसी एक को उनके अच्छे कामों की वजह से राष्ट्रपति पुरस्कार मिलता है।

डॉक्टर्स-डे : लिवर की बीमारी में लापरवाही हो सकती है जानलेवा

सीनियर रेजिडेंट डॉ. अनन्य गुप्ता

● एम्स डॉ. अनन्य गुप्ता ने कहा, खानपान में अनदेखी बन रही रोग का कारण



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तेज दौड़ती जिंदगी, अनियमित दिनचर्या, अस्वास्थ्यकर आहार के साथ अगर स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी है तो उसे नजरअंदाज करने की बजाय चिकित्सक को दिखाएं और आने वाली भारी परेशानियों से बचें। यह कहना है अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. अनन्य गुप्ता का।

चिकित्सक दिवस (डॉक्टर डे) की पूर्व संध्या पर डॉ. अनन्य गुप्ता ने तेजी से बढ़ती लीवर संबंधी बीमारियों पर चिंता जताते हुए कहा कि बीमारी की अनदेखी के चलते मरीज लीवर सिरोसिस की चपेट में आ सकता है जो बेहद खतरनाक होने के साथ जीवन संकट में डाल सकता है।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान की आदते नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर रोग (एनएएफएलडी) का कारण बनती है। जो इन दिनों तेजी से बढ़ रहा है। इसके साथ जोखिम तब और बढ़ जाता है जब इन समस्याओं के साथ मरीज शराब का सेवन करता हो, वायरल हेपेटाइटिस या कोई ऑटोइम्यून बीमारी हो। मरीज में इसके लक्षण के तौर पर लीवर में पानी भरना, पीलिया, लीवर से खून आना या किडनी की कार्यप्रणाली में शिथिलता देखा जा सकता है। शरीर में किसी तरह की परेशानी होने या इस तरह के कारणों का ध्यान रखना जरूरी है अन्यथा जोखिम बढ़ सकता है। लापरवाही की स्थिति में सिरोसिस और हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा (कैंसर) का कारण बन सकता है।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि लिवर की बीमारी से हर आयुवर्ग के लोग पीड़ित हैं। जरूरी नहीं है कि व्यक्ति एल्कोहॉलिक (शराब पीने वाला) हो, सादा खान-पान वाले लोगों को भी लिवर से जुड़ी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इनमें फैटी लिवर डिजीज, लिवर में इन्फेक्शन, लिवर टिश्यूज में परेशानी शामिल हैं। इनमें सबसे खतरनाक ऑटोइम्यून लिवर बीमारी है।

बीमारी के बाद कड़ी निगरानी

डॉ. अनन्य गुप्ता ने कहा कि लीवर की बीमारी के ठीक होने के बाद किसी तरह के संक्रमण या नुकसान से बचने को मरीज के स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी जरूरी है। ताकि मरीज को लीवर कैंसर से समय रहते बचाया जा सके। हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी वायरल संक्रमण का तुरंत इलाज शुरू करें क्योंकि ये लिवर के साथ मरीज के लिए बेहद खातक है। उन्होंने कहा कि मरीज अपने मधुमेह को नियंत्रित रखने के साथ उच्च रक्तचाप, वजन पर भी ध्यान देना चाहिए। क्योंकि वे गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग के लिए महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं।

भाजपा नेता की हत्या के आरोप में बास्केटबॉल खिलाड़ी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में इस साल अप्रैल में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्थानीय नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या के सिलसिले में राज्य स्तरीय पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक भाजपा की दिल्ली इकाई के किसान मोर्चा के नेता मटियाला की 14 अप्रैल को द्वारका के बिंदापुर स्थित उनके कार्यालय में दो लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने भाजपा नेता की हत्या के मामले में बुधवार को हरियाणा के झज्जर निवासी सुनील को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से तीन जिंदा कारतूसों से भरी एक पिस्तौल भी बरामद की गई। सुनील को कपिल सांगवान उर्फ नंदू-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का वांछित अपराधी बताया जा रहा है।

फैक्ट्री की छत गिरने से एक की मौत, अन्य युवक घायल

● लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस ने इमारत के मालिक को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में एक फैक्ट्री की दूसरी मंजिल की छत गिरने से 55 साल के एक बुजुर्ग कामगार की मौत हो गई, जबकि उसका एक सहकर्मी घायल हो गया।

पुलिस ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार की है, जब मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि घटना में दो लोग घायल हुए थे, जबकि अन्य मजदूर सकुशल बाहर निकलने में सफल रहा।

अधिकारी ने कहा कि दोनों घायलों को पास के ही ईएसआईसी अस्पताल में तुरंत भर्ती कराया गया, जहां उत्तम नगर के निवासी शत्रुघ्न चंद को मृत घोषित कर दिया गया तथा उसके साथी शेष नारायण तिवारी (30) का फिलहाल उपचार चल रहा है। पुलिस ने कहा कि ईएसआईसी अस्पताल ने बुधवार शाम करीब सात बजे घटना की सूचना दी थी।

अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304ए (लापरवाही से मृत्यु) और धारा 34 के अतंर्गत मामला दर्ज किया तथा इमारत के मालिक सरबजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एक महीने तक हरियाणा के टाबरों ने सीखी मूर्ति कला

गुरुग्राम में टाबर उत्सव में भाग लेते बच्चे।

टाबर उत्सव में बच्चों ने सीखे आधुनिक मूर्तिकला के गुर

टाबरों ने आधुनिक मूर्ति कला के साथ सभी विषयों का किया अध्ययन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

स्कूली विद्यार्थियों को मूर्ति कला में पारंगत करने के उद्देश्य से इन गर्मी की छुट्टियों में प्रदेश में चलाया गया टाबर उत्सव शुक्रवार को संपन्न हो गया। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयक्त तत्वावधान में गुरुग्राम में यह शिविर सुखराली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में लगाया गया था। स्कूल स्तर के 5वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव-2023 प्रदेश के सभी जिलों में एक एक सरकारी स्कूल में आयोजित किया गया था। कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी हृदय प्रकाश कौशल (मूर्ति कला) ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों को कार्यक्रम अधिकारी (कल्चर) अमनप्रीत कौर की देखरेख में आधुनिक मूर्ति शिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलिफएवं 3डी स्कलप्चरल आर्ट में हरियाणा संस्कृति पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। इस 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव का उद्देश्य यह था कि हरियाणा राज्य के होनहार छात्र-छात्राओं को लुप्त होती मूर्ति शिल्प कला में अपनी प्रतिभा निखारने व राज्य में लुप्त हो रही मूर्ति कला के विकास के उद्देश्य के साथ-साथ राज्य में होनहार कलाकारों को सुमार्ग मिले। जिसके लिए सरकारी स्कूल स्तर के विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में तकनीकी दृष्टिकोण प्रयोगात्मक अभ्यास के साथ लर्निंग बाई ड्राइंग प्रोसेस से मूर्ति शिल्प व क्राफ्ट की सौंदर्यात्मक एवं विभिन्न माध्यमों में तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इससे सभी विद्यार्थी भविष्य में कला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने योग्य बनेंगे। जिससे वह राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर की मूर्ति शिल्प प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।

इस शिविर में विभाग द्वारा हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से नियुक्त किए गए कलाकारों एवं सह-कलाकारों द्वारा हर्ष एवं उत्साह के साथ सभी विद्यार्थियों को मूर्ति कला विधा में प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे क्ले, पीओपी लघु मूर्ति शिल्पों रिलिफ मोजाइक, म्यूराल बनाकर रंगों से हुनर की कलाकारी सिखाई गई, जिससे भविष्य में उनको मूर्ति कला क्षेत्र में शिक्षा के साथ प्रतियोगिता, रोजगार एवं कैरियर बनाने का भी ज्ञान दिया गया। शिविर के समापन पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सुखराली में कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी हृदय कौशल, कलाकार दिनेश व प्रीति धानिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति व अभिभावक उपस्थित रहे। हृदय कौशल व प्राचार्य द्वारा बच्चों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया।

गुरुग्राम जिला में अवैध खनन पर निगरानी रखेंगी पांच विशेष टीम

अवैध गतिविधियों में संलिप्त वाहनों के लिए बनाई गुरुग्राम व पंचगांव पार्किंग में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

गुरुग्राम में अवैध खनन को लेकर खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अवैध खनन गतिविधियों से सख्ती से निपटने के लिए जिला में पांच विशेष निगरानी टीमें गठित की जाएंगी। ये विशेष टीमें जिला में विभिन्न सड़क मार्गो पर अवैध खनन गतिविधियों में शामिल वाहनों की निगरानी रखेंगी। साथ ही निर्धारित नियमों के तहत विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। इस बावत शुक्रवार को लघु सचिवालय में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक डीसी निशांत कुमार यादव ने ली।

डीसी ने कहा कि हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान मिले निर्देशों के तहत जिला में इन पांच विशेष टीमों का गठन किया जा रहा है। ये टीमें भौंडसी, सोहना, पंचगांव, पटौदी सहित फरुखनगर क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों में शामिल वाहनों की निगरानी रखेंगी। साथ ही दोषी पाए जाने वाले वाहन पर जुर्माना तय करेंगी।

उन्होंने कहा कि विशेष टीमों में विभिन्न विभागों के फील्ड अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अवैध खनन गतिविधियों में शामिल वाहनों की जब्ती के लिए बनाई गई गुरुग्राम व पंचगांव पार्किग में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए।

डीसी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि खनन विभाग को जिला में जहां भी अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों की सूचना मिले, उस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए अवैध खनन करने वालों पर एफआईआर दर्ज करें। खनन विभाग ने जून माह में अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त पांच वाहनों को सीज किया। खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खनन विभाग ने जून माह में जिला गुरुग्राम में अवैध खनन गतिविधियों में शामिल पांच वाहनों को सीज किया है। जिसमें से एक वाहन को चार लाख 40 हजार की पैनल्टी के साथ रिलीज किया गया है। वहीं मिट्टी के अवैध उठान व सोहना क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस में अवैध रूप से मंगाए गए पत्थरों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित लोगों पर दो लाख 47 हजार से 882 का जुर्माना लगाया गया है। बैठक में सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, डीसीपी साउथ सिद्धांत जैन, मंडल वन अधिकारी राजीव तेजयान, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव सहित खनन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन चलाएगा खेलो गुरुग्राम व ग्रीन गुरुग्राम की मुहिम

खेलो गुरुग्राम व ग्रीन गुरुग्राम से जुड़ने के लिए एक से सात जुलाई तक होगा पोर्टल पर पंजीकरण

गुरुग्राम। आजादी की अमृत श्रृंखला के तहत हरियाणा सरकार के हरियाणा उदय-कम्यूनिटी पुलिसिंग एंड पब्लिक आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा खेलकूद संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए खेलो गुरुग्राम व हरियाली को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन गुरुग्राम की मुहिम चलाई जाएगी। इस मुहिम से जुड़ने के लिए जिला प्रशासन की वेबसाइट पर एक से सात जुलाई तक पंजीकरण किया जा सकता है।

खेलो गुरुग्राम मुहिम के तहत जिला में क्रिकेट, वालीबॉल, रस्साकसी, कुश्ती व एथलेटिक्स के मुकाबलों में हर गांव व शहरी क्षेत्र के हर वार्ड की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। टीएम इवेंट से जुड़े क्रिकेट, वालीबॉल व रस्साकसी के लिए सभी गांवों व वार्ड की टीम पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकती है। इसी के तरह कुश्ती व एथलेटिक्स के लिए व्यक्तिगत तौर पर भी पंजीकरण किया जा सकता है। जिला प्रशासन की ओर से खेलकूद के मुकाबलों में भागीदारी करने वालों को ई-सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।

ग्रीन गुरुग्राम से मिलेगा हरियाली को प्रोत्साहन : गुरुग्राम जिला में हरियाली को प्रोत्साहन देने के लिए हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ग्रीन गुरुग्राम मुहिम भी चलाई जाएगी। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा उदय गुरुग्राम पोर्टल पर ग्रीन गुरुग्राम मुहिम से जुडने् के लिए गैर सरकारी संस्थाएं, समुदाय, पंचायत, शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर व शिक्षण संस्थाएं भी पहली से सात जुलाई तक पंजीकरण कर सकती है। पंजीकरण के दौरान पौधों की संख्या की जानकारी भी देनी होगी, ताकि जिला प्रशासन की ओर से पंजीकरण करने वालों को आवश्यकता अनुरूप पौधें उपलब्ध कराए जा सके।

संक्षिप्त समाचार

युवक ने शराब के नशे में फांसी लगा दे दी जान

सोहना। शहर के वार्ड 19 में 40 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। शहर चौकी पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड 19 में रहने वाले 40 वर्षीय मनोज ने अपने ही घर के कमरे में लगे बिजली के पंखे पर बंधे दुपट्टे पर लटका मिला। मनोज ने जिस समय फांसी लगाकर अपनी जान दी थी। उस समय उसकी तीन वर्षीय बेटी घर के आंगन में खेल रही थी। शाम छह बजे मजदूरी से लौटकर आई मनोज की पत्नी ने जैसे कमरे के बंद दरवाजे को खोला, वह सामने मनोज को फांसी के फंदे पर लटका देख चीख उठी। उसने आसपास रहने वाले लोगों को इसकी जानकारी देकर बुलाया। पुलिस की मदद से शव को उतार पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। मामले की जांच कर रहे एएसआई अमीचंद ने बताया कि मृतक मनोज शराब पीने का आदि था। उसकी पत्नी की कमाई से ही घर का खर्चा चलता है। मनोज ने शराब के नशे में ही आत्महत्या कर ली है।

रोजगार मेले में विभिन्न संस्थानों ने 191 प्रार्थियों का किया चयन

गुरुग्राम। मण्डल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम द्वारा आईटीआई सोहना में आयोजित रोजगार मेले में 191 प्रार्थियों का विभिन्न संस्थानों में चयन किया गया। मण्डल रोजगार अधिकारी रीतू हुड्डा ने बताया कि मेले में 225 प्रार्थियों ने भाग लिया। इन प्रार्थियों में से मेले में शामिल रैपिड सॉल्यूशन ने 61, सीके ह्यूमन ने 52, ओम एंटरप्राइजेज ने 17, पुखराज हेल्थकेयर ने 14, डीएच ग्रुप सर्विसेस ने 11, मैजिक बस फाउंडेशन ने 10, एलएमटीआई ने 10, इनोविशन लिमिटेड ने 6, नील मेटल प्रोडक्ट्स लिमटेड ने 5, वन पॉइंट सोल्यूशन ने 4 व एनआईआईटी ने 1 प्रार्थी का चयन किया। इस अवसर पर आईटीआई सोहना से आत्मप्रकाश, रोजगार विभाग के सहायक रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत, अधीक्षक अजय देव व रोजगार विभाग, गुरुग्राम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कॉलेजों में दाखिला लेने की अंतिम तारीख सात जुलाई

सोहना। हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी कॉलेजों में दाखिला लेने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी सात जुलाई तक ऑनलाइन दाखिला के लिए अपना आवेदन जमा करा सकेंगे। इससे पहले यह तारीख 28 जून थी। स्थानीय निरंकारी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एमएस खत्री ने बताया कि राज्य के सभी एमडी और गुरुग्राम यूनिवर्सिटी से जूड़े कॉलेजों में दाखिला लेने की अंतिम तारीख को बढ़ाया गया है। बुधवार यानि 28 जून कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए आखिरी दिन तय था। लेकिन उच्चतर शिक्षा विभाग ने अंतिम तारीख में परिवर्तन करते हुए सात जुलाई किया है, ताकि 12वीं या इससे उच्च कक्षाएं पास करने वाला विद्यार्थी आसानी से अपने मनचाहे कॉलेज में दाखिला ले सके। डॉ. एमएस खत्री ने बताया कि पिछले दो दिन से विद्यार्थी दाखिला का आवेदन ऑनलाइन करने को लेकर काफी भाग दौड़ में लगे हुए थे। अब विद्यार्थियों को अपना दाखिला आवेदन करने के लिए 10 दिन का समय और मिल गया है।

प्रॉपर्टी दुरुस्तीकरण के लिए एक व दो जुलाई को कैंप

सोहना। नगर परिषद कार्यालय में एक और दो जुलाई को प्रॉपर्टी से संबंधित त्रुटियों को ठीक कराने का शिविर लगाया जाएगा। जिसमें प्रॉपर्टी मालिक का समाधान की तुरंत मौके पर ही किया जाएगा। नगर परिषद सीमा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को अपनी प्रॉपर्टी संबंधित समस्याओं के समाधान कराने के लिए चक्कर नहीं काटने होंगे।

अविनाश कुमार झा को मिला ट्रेवल एक्सपर्ट ऑफ द ईयर अवार्ड

गुरुग्राम, दिल्ली-एनसीआर के उद्यमियों और सामाजिक संस्थाओं ने जताई खुशी

अवार्ड ग्रहण करते अविनाश कुमार झा।

गुरुग्राम। एमएसएमई के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले उद्यमी अविनाश कुमार झा को ट्रेवल एक्सपर्ट ऑफ द ईयर अवार्ड (यात्रा विशेषज्ञ सम्मान) देकर सम्मानित किया गया है। रॉयल इंडिया वेकेशन के एमडी अविनाश को यह अवार्ड डब्ल्यूएएसएमई द्वारा आयोजित अमृतकाल 2047 कार्यक्रम में दिया गया। अविनाश कुमार झा को मिले इस अवार्ड पर गुरुग्राम, दिल्ली-एनसीआर के उद्यमियों ने खुशी जाहिर की है। साथ ही उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में और भी अधिक बेहतर कदम उठाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवा उद्यमी आगे आएं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का सपना जल्दी से जल्दी पूरा हो सके। गुरुग्राम के सागर एफआरपी इंडस्ट्री के मालिक एवं हरियाणा गौसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव ने कहा है कि अविनाश ने भारत के साथ-साथ दुबई, थाईलैंड आदि अनेक देशों में बेहतर सेवाएं दे रहे हैं। खासकर भारतीय युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर भारत की सोच को और प्रबल किया है। जिसके लिए उन्हें डेल, गोदरेज केपिटल और हेलिन स्पार्क द्वारा आयोजित अमृतकाल 2047 समारोह में यह अवार्ड मिला। अवार्ड मिलने से खुश अविनाश कुमार झा ने कहा कि रॉयल इंडिया वेकेशन सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य के लिए काम किया जा रहा है।

रंजिश में युवक की पत्थर से हमला कर हत्या, भतीजे संग तीन पर हत्या का आरोप

पुलिस ने नामजद आरोपियों को लिया हिरासत में

शुक्रवार को सोहना के गांव खेड़ला में मृतक युवक की हत्या की जांच करती पुलिस। इनसेट में मृतक टोनी की फाइल फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

खंड के गांव खेड़ला में 30 वर्षीय युवक के मुंह से लेकर पैर के पंजे तक पत्थर से ताबड़तोड़ 10 से 15 हमले करके हत्या कर दी। मौके पर पहुंची सदर थाना से पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद उसका पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई ने भतीजा समेत तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने नामजद तीनों आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद पूछताछ शुरू कर दी है।

शुक्रवार की सुबह खंड का गांव खेड़ला निवासी टोनी पुत्र जयपाल का शव अरावली पहाड़ी के साथ लगता खेत में गाड़ियों के बीच में पड़ा मिला। शव को मृतक टोनी का शव को पड़ोसी लालजीत ने उस समय देखा जब वह सुबह घूमने के दौरान खेत की तरफ गया था। जिसकी सूचना लालजीत ने उसके परिजनों को दी।

परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना करने के दौरान खून से लथपथ करीब 25 किलोग्राम वजन वाले पत्थर को भी अपने कब्जे में ले लिया। मृतक टोनी शराब पीने का आदि था। गुरुवार की रात को भी टोनी अपने घर नहीं पहुंचा था। ऐसा अक्सर होता रहा था। जब टोनी शराब पीने के बाद घर नहीं पहुंचता था।

'मृतक के भाई ने लगाया रंजिश का आरोप'

मृतक के बड़े भाई बी प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में तीन आरोपियों के नाम देते हुए हत्या का आरोप लगाया है। आरोपियों में मृतक का भतीजा ललित समेत पड़ोसी अशोक और दमदमा निवासी दिनेश शामिल हैं। ये तीनों नामजद आरोपी मृतक के साथ रहने वाले हैं। बी प्रकाश ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले भी आरोपियों ने उसके भाई से झगड़ा करते हुए सिर फाड़ दिया था। दो साल से तीनों आरोपी अपने मन में रंजिश रखे हुए थे।

'पुलिस हिरासत में आरोपी'

जानकारी के अनुसार सोहना अपराध शाखा पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद ही हत्या का लगा आरोप का खुलाशा होने की संभावना है। पुलिस के अनुसार मृतक के बड़े भाई ने हत्या करने का आरोप तीन युवकों पर लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

----------**एसआई रामबीर. जांच अधिकारी।**

आलेख फाउंडेशन : सतत भविष्य की कल्पना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आलेख फाउंडेशन भारत में स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसने शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक कल्याण पहल के माध्यम से वंचित समुदायों को सशक्त बनाने को अपना मिशन बना लिया है। उन्होंने महिलाओं को सिलाई, हस्तशिल्प, कंप्यूटर साक्षरता, सौंदर्य और कल्याण जैसे विभिन्न व्यवसायों में कौशल प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा में विभिन्न व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं और वंचित समुदायों व यौन शोषण पीड़ितों को दिल्ली व जौनपुर जिले में मुफ्त कानूनी सहायता सहायता प्रदान की है। जिनके पास वित्तीय बाधाओं के कारण ऐसी सुविधाओं तक पहुंच नहीं है, वे अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने में रुचि रखने वाली महिलाओं को प्रशिक्षण और सलाह देकर, व्यवसाय योजना, वित्तीय प्रबंधन, विपणन और माइक्रोक्रेडिट तक पहुंच पर कार्यशालाएं आयोजित कर उद्यमिता सहायता भी प्रदान कर रहे हैं। कॉर्पोरेट वकील और संस्थापक डॉ. रेनी जॉय का कहना है कि चल रही परियोजनाओं में हम उन पहलों का समर्थन कर रहे हैं, जिनका उद्देश्य लैंगिक पूर्वाग्रह, बाल विवाह और बुनियादी ढांचे की कमी जैसी बाधाओं को दूर करके स्कूलों में लड़कियों के नामांकन और ठहराव को बढ़ाना है।

आर्थिक रूप से वंचित लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता प्रदान करना। आलेख फाउंडेशन एक ऐसे समाज की कल्पना करता है, जहां व्यक्तियों को उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद अवसरों तक पहुंच हो और वे अपने बेहतर भविष्य में योगदान दे सकें। फाउंडेशन प्रदूषण को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है और नवीकरणीय प्रौद्योगिकी गठजोड़ के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देता है तथा पूरे भारत में पेपर-लैस विधानसभाओं को बढ़ावा देता है।

लियो 1 से उच्च-स्तरीय शिक्षा पाना हुआ आसान, लाखों बच्चे उठा रहे लाभ

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

आज के समय में सफलता का सीधा संबंध है, उच्चस्तरीय शिक्षा। इसको पाने के लिए हरेक स्टूडेंट्स अच्छे इंस्टिट्यूट/स्कूल में पढ़ना चाहता है। लेकिन बढ़ी हुई फीस के कारण कई योग्य छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं और उनकी सफतला की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा द्वारा प्रचारित देश के तेजी से बढ़ते एडु-फिनटेक स्टार्टअप लियो1 ने इस चुनौती का समाधान निकाला है और देश भर में में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के फीस फाइनेंसिंग सुविधा प्रदान कर रहा है। इस सुविधा का लाभ देश के लाखों बच्चे और हजारों शिक्षण संस्थान ले रहे हैं।

फीस फाइनेंसिंग की इस सुविधा के अंतर्गत, लियो1 आपके बच्चे की पूरे साल भर की फीस स्कूल को एक बार में दे देता है और पेरेंट्स इस फीस का आसान मासिक किश्तों (जीरो कॉस्ट ईएम्आई) में भुगतान कर सकते हैं, वो भी बिना किसी अतिरिक्त ब्याज के। इसके साथ ही लियो1 से फीस फाइनेंस की सर्विस लेने पर यह बच्चों का एक इंसुरेंस (बीमा) भी करता है। जिससे पेरेंट्स के साथ कोई भी अनहोनी होने पर यह बच्चों की पूरी फीस कंपनी देती है, ताकि पढाई पर कोई रूकावट न आये। लियो1 के संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित गजभिये ने बताया कि हमारा उद्देश्य देश के हर बच्चे तक क्वालिटी एजुकेशन पहुंचाना है और यही हर पेरेंट्स का सपना होता कि उसका बच्चा अच्छे से अच्छे स्कूल /कॉलेज में शिक्षा ले। लेकिन यह कुछ सीमित परिवारों तक ही संभव हो पाता है, क्योंकि इसमें सबसे बड़ी बाधा बड़े स्कूलों की फीस होती है। हमने लियो1 में पेरेंट्स कि इसी समस्या का हल निकाला है और हमारे साथ जुड़कर वो अपने बच्चों की फीस का आसान मासिक किश्तों पर बिना किसी अतिरिक्त ब्याज से चुका सकते हैं और यह उतना ही सरल है, जैसे आप कोई मोबाइल/टीवी या फ्रिज फाइनेंस कराते हैं। हमें शिक्षा संस्थानों और माता-पिताओं से प्रोत्साहन भरी प्रतिक्रिया मिल रही है, जो हमारे विस्तार योजनाओं को और मजबूत करती है। हमारी मौजूदगी देश के सभी प्रमुख शहरों में हैं और टियर 2 व 3 शहरों के में भी हम तेजी से विस्तार कर रहे हैं। हम छात्रों को एक सहायक और समावेशी अध्ययन प्रदान करने के प्रति समर्पित हैं, जो छात्रों को उनकी क्षमता को खोलने और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान करने की संभावना प्रदान करता है। कंपनी ने इसके साथ ही अपनी तरह का पहला मल्टीपर्पज एजुकेशन कार्ड लियो1 कार्ड भी बच्चों के लिए बनाया है, जिससे वो अपनी फीस भर सकते हैं टूशन फीस भर सकते हैं, कोई ऑनलाइन कोर्स खरीद सकते हैं या फिर स्कूल /कॉलेज की अन्य तरह की एक्टिविटी का पेमेंट भी कर सकते हैं। हर पेमेंट पर रिवॉर्ड पॉइंट्स भी मिलते हैं, जिन्हें आप अपने नेक्स्ट ट्रांजेक्शन में उपयोग कर सकते हैं और इसका लाभ उठा सकते हैं।

बाल श्रम की रोकथाम के लिए जारी है जागरुकता हस्ताक्षर अभियान

गुरुग्राम में बाल श्रम की रोकथाम के लिए जागरुकता हस्ताक्षर अभियान के प्रति जागरुक करते एसडीएम रविंद्र यादव।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

जिला में बाल श्रम की रोकथाम के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई एवं श्रम विभाग गुरुग्राम द्वारा शुरू किए गए हस्ताक्षर जागरूकता अभियान में निरंतर लोगों का सहयोग मिल रहा है। गुरुवार को गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव व नायब तहसीलदार सुशील कुमार ने अभियान में हस्ताक्षर कर आमजन से बाल श्रम की रोकथाम के लिए आह्वान किया।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने 21 जून को विकास सदन से इस हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की थी। अभियान में सीआरवाई एनजीओ व शिक्षित जीवन सुरक्षित जीवन सोसाइटी का सहयोग भी लिया जा रहा है। एसडीएम रविंद्र यादव ने जागरुकता हस्ताक्षर अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कहा कि बाल मजदूरी रोकथाम और बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए जनता का जागरूक होना जरूरी है। जागरूक होने पर ही बच्चों को बाल मजदूरी की स्थितियों से उबारा जा सकता है, उनके अधिकारों का संरक्षण किया जा सकता है।

फोनपे ने मर्चेंट लेंडिंग के लिए प्लेटफार्म लॉन्च किया

मार्केटप्लेस मॉडल सभी बैंकों और NBFCs को अपने विशाल SME नेटवर्क को उधार देने में सक्षम करेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

फोनपे ने अपने मर्चेंट लेंडिंग प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की, जिससे बैंकों और NBFC (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) को फोनपे के 35 मिलियन से अधिक व्यापारियों के अपने विशाल मर्चेंट बेस को पूरी तरह से डिजिटल और सहज तरीके से क्रेडिट तक पहुंच प्रदान करने की अनुमति मिली। यह छोटे और मध्यम उद्यमों (SMEs) के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए फोनपे की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

भारत में SMEs को लंबे समय से संगठित ऋण तक एक्सेस करने, उनके वृद्धि को बाधित और उनकी क्षमता को बाधित करने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस अधूरी जरूरत को समझते हुए, फोनपे ने बिज़नस ऐप के लिए फोनपे पर एक सहज एन्ड-तो-एन्ड तरीके को डिजाइन की है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उधार देने वाले भागीदारों द्वारा कुछ ही मिनटों में ऋण स्वीकृत हो जाए। फोनपे अपने मजबूत वितरण नेटवर्क और बेहतर तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाता है, ह्यह्यजबकि उधार देने वाले भागीदार अंडरराइटिंग, संवितरण और ऋण संग्रह में अपनी विशेषज्ञता लाते हैं।

फोनपे ने मई 2023 से अपने विश्वसनीय NBFC भागीदारों के माध्यम से 20,000 से अधिक ऋणों के वितरण को सफलतापूर्वक सुगम बनाया है। कंपनी ने शुरुआती दौर में स्स्ध्ध्य के बीच क्रेडिट की जबरदस्त मांग और इस जरूरत को पूरा करने में फोनपे के मार्केटप्लेस मॉडल की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला है। फोनपे को अलग करने वाले विशिष्ट कारकों में से एक भुगतान व्यवसाय में व्यापारियों के साथ इसका मजबूत जुड़ाव है। मर्चेंट के लेन-देन संबंधी व्यवहार के बारे में कंपनी की गहन समझ एक मजबूत आयाम है जो मर्चेंट के व्यवसाय में वृद्धि को सनिश्चित करता है। इसके अलावा, फोनपे सक्रिय रूप से अत्याधुनिक डेटा विज्ञान-संचालित मॉडल का उपयोग करके अपना स्वयं का क्रेडिट स्कोर विकसित कर रहा है, जो साझेदार की उधार प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है और स्स्ध्ध को अधिक आसानी से क्रेडिट तक पहुँचने के लिए सशक्त बनाता है।

लॉन्च पर बोलते हुए, वित्तीय सेवाओं के उपाध्यक्ष, हेमंत गाला ने कहा कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना फोनपे का मूल मिशन में है। हम मार्केटप्लेस मॉडल का उपयोग करके अपने प्लेटफॉर्म पर मर्चेंट लेंडिंग लॉन्च करने, SMEs और MSMEs को संगठित क्रेडिट तक पहुंच प्रदान करने और उनके विकास को सक्षम करने के लिए उत्साहित हैं। MSMEs और स्स्ध्ध्य के वित्तीय सशक्तिकरण के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करके, PhonePe को अर्थव्यवस्था के समग्र विकास में योगदान देने और सतत प्रगति को आगे बढ़ाने पर गर्व है।

बीजेपी के शासनकाल में विकास कार्यों की लग रही झड़ी : नागर

तिगांव के विधायक राजेश नागर ने प्रेस वार्ता कर गिनाईं नौ साल की उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर बीजेपी के तमाम विधायक एक के बाद सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में तिगांव विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी विधायक राजेश नागर ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जमकर सरहाना की और अपने तिगांव विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की चर्चा भी की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के अलावा पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए तिगांव के बीजेपी विधायक राजेश नागर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के अलावा सबसे बड़ा संगठन भी है और पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता बड़ी निष्ठा और दिल से पार्टी के लिए काम करता है, जोकि हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। अन्य पार्टियां पहले अपने लिए सोचतीं

थीं, जबकि बीजेपी हमेशा देश के लिए सोचती है। नागर ने कहा कि हमारे कार्यकाल में कोरोना जैसी महामारी आई, लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने समय-समय पर देशवासियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें इस बीमारी से लड़ने के लिए तैयार किया तथा महामारी के दौरान मुफ्त वैक्सीनेशन और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया। उन्होंने कहा कि हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका में जब प्रधानमंत्री गए तो वहां उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र ग्रेटर फरीदाबाद के नाम से बड़े स्तर पर बस रहा है। जहां नौकरीपेशा और मिडिल क्लास लोग फ्लैट लेकर रह रहे हैं। उनके लिए उन्होंने टाउन पार्क, नेशनल स्तर के स्टेडियम और केंद्रीय विद्यालय आदि की मांग रखी है।

वहीं उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से वजीरपुर क्षेत्र में चल रही इंडस्ट्रीज को लेकर एक सड़क बारिश के बाद बनाई जाएगी, जो ददसिया गांव तक जाएगी। इसके साथ साथ क्षेत्र की इंडस्ट्री को किसी भी किस्म की तकलीफ नहीं आने दी जाएगी और मुख्यमंत्री से बात की जाएगी कि इस इंडस्ट्री को यहीं रहने दिया जाए।

बल्लभगढ़, एनआईटी व ओल्ड फरीदाबाद में अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई

पुलिस ने दुकानों के आगे रखे सामान को कब्जे में लेकर दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस व जिला प्रशासन ने शुक्रवार को दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने या रेहड़ी लगाकर सड़क पर जाम लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस अवसर पर बल्लभगढ़, एनआईटी व ओल्ड फरीदाबाद सहित विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटवाया गया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद के विभिन्न स्थानों से पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके लिए उपायुक्त द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई को पूरा किया। फरीदाबाद के तीनों जोन में यह कार्रवाई की गई। सेंट्रल जोन में बदरपुर बॉर्डर, ओल्ड चौक व सेक्टर-15 की मार्केट, एनआईटी जोन में एनआईटी नंबर एक व पांच की मार्केट, एनआईटी 4/5 चौक व डबुआ मंडी तथा बल्लभगढ़ में मेन चौक बल्लभगढ़, ल्लभगढ़ बस स्टैंड के सामने, पुराना पंचायत भवन मेन बाजार की तरफ तथा अंबेडकर चौक के आसपास एरिया से अतिक्रमण हटाया गया।

सेंट्रल जोन में एमसीएफ एसडीओ अमित चौधरी, एनआईटी जोन में एमसीएफ एसडीओ सुरेंद्र हुड्डा तथा बल्लभगढ़ में एसडीओ सुमेर सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किया गया, जिनकी देखरेख में यह कार्रवाई की गई। मार्केट तथा मेन मार्केट की सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान लगाकर या सड़कों पर रेहड़ी लगवाकर अतिक्रमण किया जाता है। सड़क की जगह पर सामान रखने से सड़क का रास्ता संकरा हो जाता है, जिसकी वजह से वहां पर वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। सड़क संकरी हो

जाने की वजह से वाहन धीरे धीरे चलते हैं और उनके पीछे आने वाले वाहन रुक जाते हैं। इसकी वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यात्रियों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए आज प्रशासन द्वारा सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस ड्यूटी लगाई गई थी। दुकानदारों को चेतावनी दी कि सड़क पर सामान लगाकर अतिक्रमण न करें या जहां से अतिक्रमण हटा दिया गया है, वहां पर दोबारा से समान न लगाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रेवती शर्मा इनेलो छोड़ आप में हुए शामिल : धरमवीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बड़खल विधानसभा क्षेत्र के एसजीएम नगर निवासी रेवती शर्मा शुक्रवार को इनेलो छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। बड़खल गुड़गांव रोड स्थित जिला कार्यालय पर इनेलो के रेवती शर्मा ने धरमवीर भड़ाना के नेतृत्व में इनेलो छोड़ आम आदमी पार्टी ज्वाइन की।

इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सुशील गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी की सरकार बनने पर दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर आम आदमी पार्टी फ्री बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा देगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों एवं उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। भड़ाना ने कहा कि आज प्रदेश की जनता बदलाव की ओर देख रही है। बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बढ़ते अपराधों से हर कोई आहत है। भड़ाना ने कहा कि बीजेपी अब गौरवशाली रैली करके या कोई और रैली, हरियाणा से विदाई तय है। बीजेपी और कांग्रेस से जनता त्रस्त हो चुकी है।

इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव प्रवेश मेहता, महिला उपाध्यक्ष हरियाणा मंजू गुप्ता, लोकसभा उपाध्यक्ष एवं युवा नेता भीम यादव, हरियाणा के ओबीसी सेल के संयुक्त सचिव हंसराज दायमा, वाईके शर्मा, लोकसभा संयुक्त सचिव तेजपाल सिंह बिट्टू, जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, जिला संयुक्त सचिव संदीप राव, सह सचिव राजा भैया, जिला उपाध्यक्ष राम गौर, लोकसभा सचिव हरदीप बैंसला, एडवोकेट चंदन सिंह, महक सिंह बैंसला सहित अरनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

राजीव बिष्ट ने संभाला कार्यभार, मीटिंग कर दिए निर्देश

फरीदाबाद। राजीव बिष्ट, अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, हरियाणा ने हरियाणा अंचल के प्रभारी के रूप में आंचलिक कार्यालय, हरियाणा में कार्यभार ग्रहण किया है। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने हरियाणा अंचल के अधीनस्थ सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों से मुलाकात व उनके क्षेत्रीय कार्यालयों में आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने अपने संदेश के माध्यम से सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि हम सभी को मिलकर भविष्य निधि व पेंशन सदस्यों को उत्कृष्ट सेवा देना सुनिश्चित करना होगा, जिसमें दावा प्रकरणों की निर्धारित समयावधि में निस्तारण करना, दावों की वापसी को कम करना, अनुपालन के क्षेत्र में निरीक्षणों की समरूपता रखते हुए समयावधि में पूरा करना तथा प्राप्त जन-शिकायतों को समय से गुणवत्ता पूर्वक समाधान देने को प्राथमिकता देना इत्यादि विषय अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को अच्छा कार्य करने के प्रयासों पर बल देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सकारात्मक सोच को अपनाकर संगठन की छवि को और बेहतर बनाने के लिए कहा।

भूजल संरक्षण को लेकर सभी को जागरुक होना आवश्यक

रोटरी क्लब अर्थ ने शुरु किया रेन वाटर हार्वेस्टिंग व शौचालय प्रोजेक्ट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिस तेजी के साथ वर्तमान में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है, उसे ध्यान में रखते हुए भूजल संरक्षण को लेकर जागरुक होना बेहद आवश्यक है। यह बात फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सेक्टर-15 ने कही।

सेक्टर-15 में सेंट्रल पार्क के नजदीक रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अर्थ की प्रधान पल्लवी अग्रवाल द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व शौचालय निर्माण का प्रोजेक्ट शुरू किया गया। जिसका विधायक नरेंद्र गुप्ता ने विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर धीरज भूटानी, अमित, गगन, गौरव अरोड़ा, रेखा, नीरज चावला, रणवीर चौधरी, सतबीर शर्मा, आलोक, विवेक खटाना, स्वाति गुप्ता, अजयपाल चौधरी सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। इस अवसर पर रोटरी क्लब अर्थ की प्रधान पल्लवी अग्रवाल सहित अन्य रोटेरियंस, आरडब्ल्युए व एमडब्ल्युए के पदाधिकारियों ने नरेंद्र गुप्ता का स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि रोटरी क्लब अर्थ की प्रधान पल्लवी अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन समाजसेवा के इतने बेहतरीन प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, इसके लिए वे तथा उनकी पूरी टीम प्रशंसा की पात्र है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में विकास की गति को लगातार तेज किया जा रहा है। इस मौके पर पल्लवी अग्रवाल ने बताया कि उनके कार्यकाल का यह सबसे बड़ा प्रोजैक्ट है, जिसमें तीन जगह रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व शौचालय बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें स्थानीय आरडब्ल्युए व मार्केट वैलफेयर एसोसिएशन के साथ-साथ उनकी पूरी टीम का सहयोग मिला है, जिसके लिए वे सभी की आभारी हैं। उन्होंने पूरी रोटरी अर्थ की ओर से नरेंद्र गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त समाचार

केसीएम वर्ल्ड स्कूल में शिक्षण कौशल पर हुआ सेमिनार

पलवल। टीकरी ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में केसीएम की सभी शाखाओं के शिक्षकों के लिए 21वीं शताब्दी के दौरान अपनाए जाने वाले विभिन्न शिक्षण कौशलों पर विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षण के विभिन्न उपायों व तरीकों पर चर्चा की गई तथा शिक्षण के क्षेत्र में प्रयोग में लाई जाने वाली नई-नई तकनीकों पर विचार सांझा किए गए। इन नई तकनीकों में ब्लूम्स टेक्सोनॉमी, फ्रेयर्स मॉडल आदि के विषय में विशेष चर्चा की तथा सभी शिक्षकों को इनके महत्व के बारे में बताकर अपने शिक्षण को और भी अधिक प्रभावशाली बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता विदुषी मान ने बताया कि कक्षा-कक्ष प्रबंधन बहुत ही सुदृढ व आकर्षक होना चाहिए। जिसमें बच्चे विभिन्न प्रकार की शिक्षण विधियां, तकनीकों व प्रबंध व्यवस्था के माध्यम से उच्च तकनीकी वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकें। ताकि वे जीवन व शिक्षा के वांछित क्षेत्र में अपना विकास कर सकें। उन्होंने अपने शिक्षण को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों को अपनाने पर भी बल दिया। प्रधानाचार्या पारूल भारद्वाज ने बताया कि इस प्रकार के सेमिनार शिक्षकों के ज्ञानवर्धन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

सॉफ्ट टॉयज बैच का समापन एवं मूल्यांकन किया

पलवल। पीएनबी आरसेटी रतिपुर पलवल परिसर में 13 दिवसीय सॉफ्ट टॉयज मेकर एवं सेलर बैच का समापन हुआ। जिसमें गांव स्यारोली की 32 महिलाओं ने हिस्सा लिया। अजय कुमार अग्रवाल ईडीपी एसेसर एवं कोमल ने शैलेंदर चौहान राज्य असेसमेंट कंट्रोलर की देखरेख में सभी प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया। रवि शर्मा निदेशक पीएनबी आरसेटी रतिपुर ने बताया कि यह संस्थान वर्ष 2011 से बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए स्वरोजगार की ट्रेनिंग प्रदान कर रहा है। पलवल जिले का कोई भी बेरोजगार युवक या युवती निशुल्क ट्रेनिंग लेकर अपना रोजगार स्थापित कर सकता है। छोटे-छोटे कार्य से ही बड़ा बिजनेस स्थापित होता है। उन्होंने सभी महिलाओ को बैंक लोन दिलवाने का भरोसा दिया व लोन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बबीता, कोमल, मेमबती, ममता, तन्नू, ईश्वर, पूनम आदि महिलाओं ने भाग लिया।

हनुमान मंदिर के सामने मिले पशुओं के कटे अवशेष

फरीदाबाद। फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर बने हनुमान मंदिर के सामने शुक्रवार सुबह पशुओं के कटे अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंकज जैन ने अपनी शिकायत में कहा है कि शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे वह फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर स्थित हनुमान मंदिर पर देव दर्शन के लिए आए थे। जहां उनके साथ अनिल कौशिक, राजेश गोयल, पुनित वशिष्ठ, अनिल यादव, पवन बैंसला भी थे। जहां उन्होंने मंदिर के सामने रोड के किनारे काफी मात्रा मे पशुओं के कटे हुए अवशेष, मल मूत्र, रक्त पड़ा था, जिनसे काफी दुर्गंध भी आ रही थी। यह मंदिर से मात्र 20 से 30 मीटर की दूरी पर ही थे, जिससे वहां खड़े रहना भी मुश्किल था। शिकायत में कहा है कि श्रीराम भक्त हनुमान जी संपूर्ण हिंदू समाज की आस्था का केंद्र है। जिस तरह से ये घृणित कार्य किया गया, उससे संपूर्ण हिंदू समाज की धार्मिक भावना को गहरी चोट पहुंची है यह एक सोची समझी साजिश के तहत मंदिर को अपवित्र करने का षडयंत्र था। उन्होंने निवेदन किया है कि अवशेष की डॉक्टरी जांच भी कराई जाए, कहीं इसमें गऊ अवशेष होने की भी आशंका है। उन्होंने शक के आधार पर कई लोगों के नाम पुलिस को दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलचंद शर्मा ने आंचल को गोल्ड मेडल जीतने पर दी बधाई

फरीदाबाद। केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शहर की बेटी आंचल को गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी। उनके घर जाकर बधाई देने के साथ-साथ उन्हें शॉल भेंट कर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बेटी आंचल ने 400 मीटर रेस में गोल्ड मेडल लिया है। बता दें कि सेक्टर-10 निवासी मदन गोयल की बेटी आंचल द्वारा जर्मनी में आयोजित गेम्स में भाग लिया। जिसमे आंचल ने 400 मीटर रेस में गोल्ड मेडल लेकर बेटी ने भारत देश का नाम रोशन किया। इस मौके पर आरडब्ल्यूए की प्रधान सुजाता यादव, कांता गर्ग, ऊषा शर्मा, मुकेश यादव, राजेश्वर गोयल, मनीष गोयल, खेमचंद गर्ग, केशव यादव, प्रणव मौजूद रहे।

डॉक्टर्स डे पर विशेष

नई तकनीक मैकेनिकल थ्रोंबैक्टॉमी से ब्रेन स्ट्रोक के 24 घंटे के अंदर मरीज का इलाज संभव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बदली जीवनशैली व अनियमित दिनचर्या से स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अचानक से होने वाली मस्तिष्क की इस समस्या में यदि समय पर इलाज मिल जाता है तो मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। इलाज में देरी से शरीर विकलांगता का शिकार बन सकता है। डॉक्टर्स डे पर यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि नई तकनीक मैकेनिकल थ्रोंबैक्टॉमी से ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों के लिए बेहद कारगर साबित हुई है। इस तकनीक से 24 घंटे के अंदर भी स्ट्रोक के मरीज का इलाज संभव है।

डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि स्ट्रोक की समस्या दो कारणों से होती है। पहला कारण मस्तिष्क को मिलने वाले ब्लड की पर्याप्त मात्रा का बाधित होना है। जिससे आर्टिलरी फट जाती है और मस्तिष्क के किसी भी भाग में रक्त का थक्का बन जाता है। इसे माइनर स्ट्रोक कहते हैं। दूसरा कारण आर्टिरी के फटने से अधिक ब्लड निकलना है। इसमें रक्त मस्तिष्क के किसी भाग में जमा हो जाता है। इससे मस्तिष्क काम करना बंद कर देता है। इसे मेजर स्ट्रोक कहते हैं। स्ट्रोक की प्रक्रिया को ऐक्रोनिम फास्ट से समझा जा सकता है।

फेस : मुंह तिरछा हो जाना।

आर्म : अचानक एक या दोनों हाथों का बेजान हो जाना।

स्पीच : जुबान लड़खड़ाने लगना या पूरी तरह से आवाज चली जाना।

टाइम : ऐसा हो तो एंबुलेंस बुलाकर तुरंत पास के ऐसे अस्पताल में पहुंचें, जहां 24 घंटे सीटी स्कैन की भी सुविधा हो।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि ब्रेन स्ट्रोक उस समय पड़ता है, जब मस्तिष्क की किसी नस में खून का थक्का (कलॉट) बनने या नस फटने के कारण दिमाग को रक्त की सप्लाई कम हो जाती है। 87 प्रतिशत केस में आर्टरी कलॉट आने पर होते हैं, जिनका इलाज किया जा सकता है। नई तकनीक मैकेनिकल थ्रोंबैक्टॉमी आने से 24 घंटे के अंदर मरीज का इलाज किया जा सकता है। इस तकनीक द्वारा बिना चीरफाड़ किए सफल इलाज संभव है।

राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर सभी डॉक्टरों को शुभकामनाएं : डॉ. मेहता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डॉ. मेहता आई केयर अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मनोह रॉय मेहता का कहना है कि पूरे विश्व में डॉक्टर्स को बहुत सम्मान दिया जाता है। भारत वर्ष में भी उन्हें पूरा समाज सम्मान पूर्वक आदर के साथ देखता है। यह दिवस भारत में एक जुलाई को मनाया जाता है, जोकि डॉ. बिधान चंद्र रॉय के जन्म व मरण दिवस के साथ सन्निपतित है।

डॉ. बीसी रॉय एक महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी थे। एक महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ शिक्षाविद् भी थे। महात्मा गांधी द्वारा स्थापित आंदोलनों से भी उन्होंने सक्रिय भाग लिया था। डॉ. बीसी रॉय के नाम से विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में अग्रणी डॉक्टरों को पुरस्कृत किया जाता है। यह पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर पर दिये जाते हैं। भारत वर्ष में डॉक्टरों की तुलना भगवान से की जाती है, किंतु जीवन-मृत्यु इंसान के हाथ में नहीं होती। डॉक्टर केवल अपनी काबिलियत और निष्ठा से कार्य का निर्वाह कर रोगी की सेवा कर अपने काम से यह दर्जा हासिल करते हैं। आज विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अनेक जटिल समस्याओं का शल्य चिकित्सा, रेडियेशन प्रणाली व दवाइयों से संभव हो पाया है। आज निदान व उपचार के व्यापक साधन उपलब्ध हैं। प्रत्येक डॉक्टर समर्पण, कार्य के प्रति निष्ठा, इमानदारी व लगन से अपना कार्य करता है। वह अक्सर हमें संभावित मृत्यु तथा अंग भंग से बचाता है, इसलिए लोग उसे जीवनदाता भी कह देते हैं। कई बार जटिल समस्याओं से जूझते हुये चिकित्सक हार भी जाते है। डॉक्टर भी इंसान ही हैं और अपनी निष्ठा व चेष्ठा के साथ काम करते हैं। कुछ रोगियों के परिजन डॉक्टरों से दुर्व्यवहार करते हैं और हिंसक भी हो जाते हैं। इस प्रकार का आचरण कतई गवारा नहीं है। यह समाज में अराजकता का प्रतीक है और डॉक्टरों को हतोत्साहित करता है।

फिजिकल एक्टिविटी कम होने से बढ़ रहे मोटापे के मरीज : प्रबल रॉय

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बदलती लाइफ स्टाइल के कारण फरीदाबाद समेत दिल्ली एनसीआर में लोगों में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। आलम यह है कि मोटापे को कम करने के लिए की जाने वाली बैरियाट्रिक सर्जरी कराने वालों की संख्या दो गुना बढ़ गई है। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में रोजाना ऐसे लोग आ रहे हैं, जिनका वजन अधिक हो गया है और काफी प्रयास के बाद भी कम नहीं हो रहा। डॉक्टर्स डे पर यह कहना है एकॉर्ड अस्पताल चेयरमैन एवं वरिष्ठ बैरियाट्रिक सर्जन डॉ. प्रबल रॉय का।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लोग लंबे समय से घर पर रहे। जीवनशैली भी खराब हो गई। इससे मोटापे की समस्या अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 31 से अधिक हो जाता है तो वह मोटापे की श्रेणी में आ जाता है और उसे सर्जरी करवाने की सलाह दी जाती है। इस सर्जरी को अधिकतर वह लोग करा रहे हैं, जो काफी प्रयास के बाद भी अपना वजन कम नहीं कर पा रहे हैं। डॉ. प्रबल रॉय का कहना है कि अस्पताल में 30 फीसदी मरीज मोटापे की समस्या से पीड़ित हैं। वहीं, करीब 50 फीसदी मरीजों को मधुमेह के साथ मोटापे की परेशानी है। वजन बढ़ने से लोगों को कई अन्य बीमारियां भी हो रही हैं। मोटापे के मामलों में वृद्धि मुख्य रूप से इसलिए हुई है, क्योंकि लोगों की जीवनशैली और खानपान का तरीका बदला है। इससे उनके शरीर में मेटाबॉलिज्म और इंसुलिन में गड़बड़ी पैदा हो रही है। लोगों का अधिकतम समय फोन या लैपटॉप पर गुजरता है। शारीरिक गतिविधियों में कमी आना भी मोटापा बढ़ने का कारण है। उन्होंने कहा कि हर महीने सात से 10 ऑपरेशन हो रहे हैं। इससे पहले चार से पांच ऑपरेशन होते थे।

समान नागरिक संहिता

महत्वपूर्ण प्रयास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की जोरदार पैरोकारी की है। उन्होंने हाल में इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश में दो प्रकार के कानून कैसे लागू हो सकते हैं और समान नागरिक संहिता को संविधान ने अनुमति दी है। प्रधानमंत्री के इस कथन से देश की राजनीति गरमा गई है। हालांकि, इस विषय पर चर्चा काफी समय से चल रही थी, पर प्रधानमंत्री ने इसे और गति दे दी है। पूरे देश के सभी नागरिकों पर एक समान सिविल कानून लागू होने की बात अत्यन्त आकर्षक है, पर इसके संभावित प्रभावों पर भी गौर किया जाना चाहिए। समान नागरिक संहिता के आलोचकों का कहना है कि इससे अल्पसंख्यकों के पर्सनल अधिकार तथा देश की सांस्कृतिक विविधता प्रभावित होगी। लेकिन आलोचक भूल जाते हैं कि दुनिया के अधिकांश देशों में समान नागरिक संहिता लागू है और वहां विभिन्न समुदायों के बीच टकराव जैसी स्थितियां पैदा नहीं हुई हैं। भारत के गोवा में भी पुर्तगाली औपनिवेशिक शासन के समय से समान नागरिक संहिता लागू है और सभी समुदाय उसका खुशी से पालन करते हैं।

विडंबना है कि पर्सनल कानूनों के मामले में भी 'भारतीय मुसलमान' व 'भारतीय ईसाई' अपने विदेशी समकक्षों से बहुत पीछे हैं। ऐसे में कुछ निहित स्वार्थी व कट्टरपंथी तत्व उनको समान नागरिक संहिता के नाम पर सरकार के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस तथ्य को बार-बार रेखांकित किया जाना चाहिए कि संविधान सभा ने संविधान के नीति निर्देशक सिद्धान्तों में शामिल कर भावी पीढ़ियों पर इसे लागू करने की जिम्मेदारी डाली थी। सर्वोच्च न्यायालय अपने कई फैसलों में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर जोर दे चुका है। देश के विधि आयोग भी पहले इस पर कई बार विचार कर चुके हैं। वर्तमान समय में पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता में कार्यरत विधि आयोग ने जनता के विभिन्न समूहों से समान नागरिक संहिता पर उनकी राय मांगी थी। विधि आयोग को इस बारे में सैकड़ों प्रतिवेदन मिले हैं जिन पर गंभीरतापूर्वक विचार जारी है। समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले अनेक संगठनों ने भी विधि आयोग को अपने प्रतिवेदन दिए हैं। जस्टिस ऋतुराज अवस्थी ने कहा है कि विधि आयोग इन सभी प्रतिवेदनों पर विचार कर जल्द ही समान नागरिक संहिता का एक प्रारूप पेश करेगा। विधि आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रारूप पर भी विभिन्न नागरिक समूहों, राजनीतिक दलों व धर्मगुरुओं, आदि को अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा। वैसे भी किसी नागरिक के पास 'मूलाधिकारों के उल्लंघन' की स्थिति में उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में जाने का अधिकार है। इसे देखते हुए समान नागरिक संहिता के विचार पर ही हायतोबा मचाने का कोई औचित्य नहीं है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि समान नागरिक संहिता से हिंदुओं के भी अनेक पर्सनल कानून प्रभावित होने की आशंका है जिसमें संयुक्त परिवार, दत्तक गृहण, संपत्ति पर महिलाओं के अधिकार, आदि शामिल हैं। समान नागरिक संहिता के संबंध में उत्तराखंड राज्य ने जमीनी सर्वेक्षण भी कराया है और उस पर भी गौर किया जाना चाहिए। समान नागरिक संहिता से देश में महिलाओं, आदिवासियों व अन्य पिछड़े वर्गों की प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे और वे निहित स्वार्थी, कट्टरपंथी व उन शोषक तत्वों से मुक्त होंगे जिन्होंने उनको अब तक 'मानसिक गुलामी' में कैद रखा है।

उर्वरक सब्सिडी का विकल्प जरूरी

उर्वरक सब्सिडी का विकल्प जरूरी है। उर्वरकों पर ज्यादा सब्सिडी बढ़ाने के बजाय सरकार को नैनो उर्वरकों को बढ़ावा देना चाहिए जो प्रभावी तथा सस्ते हैं।

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा था कि 2023-24 में उर्वरक सब्सिडी भुगतान के लिए लगभग 46,000 करोड़ रुपये अधिक देने पड़ेंगे। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने इसके लिए 1 फरवरी, 2013 को पेश बजट में 175,000 करोड़ का बजट अनुमान-बीई लगाया था। दूसरी ओर वित्त मंत्रालय का अनुमान है कि भुगतान बीई से भी कम हो सकता है। उर्वरक सब्सिडी वह भुगतान है जो निर्माताओं या आयातकों को उत्पादन-आयात व वितरण पर अतिरिक्त खर्च की भरपाई के रूप में मिलता है क्योंकि उनको केन्द्र सरकार के निर्देश पर किसानों को एक बहुत कम न्यूनतम खुदरा मूल्य-एमआरपी पर उर्वरक बेचने पड़ते हैं। प्रति टन उत्पादित या आयातित उर्वरक पर आने वाला खर्च तथा इसकी सप्लाई व एमआरपी के बीच आने वाले अंतर को सब्सिडी कहते हैं। इसे कुल बिक्री की गई उर्वरक की मात्रा से गुणा कर औसत सब्सिडी भुगतान का पता चलता है। यूरिया के मामले में एमआरपी 'विधिक' नियंत्रण के अंतर्गत आता है। सप्लाई पर एमआरपी से आने वाले अधिक खर्च का भुगतान निर्माता को किया जाता है जो हर यूनिट में आने वाले खर्च पर निर्भर है। यह प्रतिपूर्ति नई मूल्य योजना-एनपीएस के अंतर्गत की जाती है।

हालांकि, गैर-यूरिया उर्वरक विधिक रूप से नियंत्रण-मुक्त हैं, पर उनकी एमआरपी पर 'परोक्ष' नियंत्रण किया जाता है। सरकार प्रति-पोषक आधार पर निर्माताओं व आयातकें को पोषक आधारित योजना-एनबीएस के अंतर्गत सब्सिडी देती है। कंपनी को एमआरपी तय करने के समय इसे खर्च से घटाना होता है। ये सारे काम व गणना उर्वरक मंत्रालय द्वारा किए जाते हैं जो प्रत्येक श्रेणी, यानी यूरिया व गैर-यूरिया के लिए सब्सिडी आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाता है। इसका अंतिम निर्धारण वित्त मंत्रालय से विचार-विमर्श के बाद होता है। ऐसे में सवाल है कि उर्वरक मंत्री को यह कैसे लगा कि वास्तविक आवश्यकता 2023-24 की बीई से अधिक हो सकती है?

बेहतर समझदारी के लिए हमें वित्त वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 पर गौर करना चाहिए। 2022-23 में बीई 105,000 करोड़ था, जबकि वित्त मंत्री सीतारमण ने संशोधित अनुमान-आरई में इसे 225,000 करोड़ रखा था। इसका आधार वित्त वर्ष के पहले 10 महीनों में किए गए वास्तविक भुगतान तथा बाकी दो महीनों, फरवरी व मार्च 2023 में संभावित वृद्धि थी। लेकिन वास्तव में भुगतान इससे अधिक 253,000 करोड़ था। यदि चीजें पहले की तरह चलती रहें और 2022-23 का आबंटन 225,000 करोड़ रुपये के स्तर पर फ्रीज रखा जाए तो 28,000 करोड़ की कमी को 2023-24 में कैरी फारवर्ड करना होगा और इसका भुगतान वर्तमान वर्ष के बजट से करना होगा। यदि पूरी धनराशि का प्राविधान 2022-23 में किया जाता है तो बाकी बचे 28,000 करोड़ रुपये का भुगतान 2023-24 के बजट से करने की आवश्यकता नहीं होगी। वैश्विक उर्वरक मूल्यों में वृद्धि के कारण 2022-23 में सब्सिडी भुगतान 250,000 करोड़ के शिखर पर पहुंच गए। उदाहरण के लिए अप्रैल, 2022 में यूरिया की कीमत 980 डालर प्रति टन पहुंच गई, जबकि गैर-यूरिया श्रेणी में सबसे ज्यादा प्रयोग होने वाले उर्वरक डाई अमोनियम फास्फेट-डीएपी की कीमत 925 डालर प्रति टन हो गई। गैर-यूरिया उर्वरकों में प्रयोग होने वाले कच्चे माल-आरएमएस फास्फोरिक एसिड एवं अमोनिया की कीमतें क्रमश: 1,530 डालर व 1050 डालर प्रति टन पहुंच गईं। म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी की कीमत 590 डालर प्रति टन थी। इसी प्रकार यूरिया के घरेलू उत्पादन में प्रयोग होने वाली द्रव प्राकृतिक गैस-एलएनजी का एक तिहाई हिस्सा आयात होता है जिसकी कीमत अप्रैल 2022 में 24 डालर प्रति मिलियन बीटीयू-ब्रिटिश थर्मल यूनिट हो गई।

इसी प्रकार पुराने व नियंत्रित क्षेत्रों से घरेलू गैस का मूल्य 6.1 डालर प्रति एमएम बीटीयू था जबकि गहरे समुद्री तथा अति गहरे समुद्री क्षेत्रों से मिलने वाली गैस का दाम 9.2 डालर एमएम बीटीयू था। अक्टूबर, 2022 से इन कीमतों को बढ़ा कर क्रमश: 8.57 प्रति एमएम बीटीयू तथा 12.6 डालर प्रति एमएम बीटीयू कर दिया गया। पिछले साल से आरएम के साथ सभी उर्वरकों की कीमतों में काफी कमी आई है। वर्तमान समय में यूरिया की कीमत प्रति टन 333 डालर, डीएपी की 540 डालर, फास्फोरिक एसिड की 990 डालर, अमोनिया की 248 डालर तथा एमओपी की 442 डालर प्रति टन है। इसी प्रकार आयातित एलएनजी की कीमत में 12-13 डालर प्रति एमएम बीटीयू कमी आई है। जहां तक घरेलू गैस की कीमतों का सवाल है, यह पुराने व नियंत्रित क्षेत्रों से 6.50 डालर प्रति एमएमबीटीयू बनी हुई है, जबकि गहरे व अति गहरे समुद्री क्षेत्रों से यह 12.1 डालर प्रति एमएमबीटीयू बनी हुई है। लेकिन घरेलू गैस में इनका हिस्सा केवल 30 प्रतिशत है। संक्षेप में कहा जाए तो वर्तमान वित्त वर्ष में सभी उर्वरकों और आरएम की कीमतें 2022-23 की तुलना में काफी कम हैं और इनमें गिरावट की प्रवृत्ति बनी हुई है। उदाहरण के लिए, डीएपी की कीमत गिर कर 300-350 डालर प्रति टन तक पहुंचने की आशा है। किसानों द्वारा भुगतान किए जाने वाले एमआरपी में कोई परिवर्तन न होने पर कीमत घटने का प्रभाव सब्सिडी में कमी के रूप में सामने आएगा। इसे देखते हुए 19 मई, 2023 को केन्द्रीय कैबिनेट ने नाइट्रोजन-एन, फास्फोरस-पी व पोटाश-के के खरीफ सीजन में सब्सिडी की दरों में कमी की घोषणा की जिसका भुगतान पीएंडके उर्वरकों के निर्माताओं को एनबीएस के अंतर्गत किया जाना है।

इस कालखंड में सब्सिडी पर खर्च 38,000 करोड़ होगा, जबकि खरीफ, 2022 के मौसम में इस पर 61,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। मूल्यों में कमी को देखते हुए वर्तमान वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में एनबीएस के अंतर्गत सब्सिडी में और कमी आएगी। इस बीच सरकार ने 'पूर्वगामी' प्रभाव से जनवरी-मार्च 2023 की सब्सिडी में कमी की है जो तीन महीने में वैश्विक मूल्यों में कमी को अभिव्यक्त करता है। इनको वर्तमान वित्त वर्ष में निर्माताओं-आयातकों को दी जाने वाली सब्सिडी भुगतान में समायोजित किया जाएगा।

नैनो-उर्वरकों के प्रयोग से सब्सिडी में और बचत संभव है। ये उर्वरक नैनोकणों के रूप में हैं और इनका प्रयोग द्रव रूप में होता है। उनकी क्षमता परंपरागत उर्वरकों की तुलना में कई गुना अधिक है। उदाहरणार्थ नैनो-डीएपी की 500 मिली बोतल को परंपरागत डीएपी के 50 किलो बोरे के बराबर बताया जा रहा है। जहां नैनो डीएपी किसान को बिना किसी सब्सिडी के 600 रुपये में उपलब्ध है, वहीं परंपरागत डीएपी काफी सब्सिडी समर्थन के बावजूद 1,350 रुपये बोरा है। इस तकनीक का विकास करने वाले इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव-इफ्को की योजना 2023-24 में नैनो-डीएपी की 50 मिलियन बोतलें तैयार करना है। ये 2.5 मिलियन टन परंपरागत डीएपी का स्थान लेंगी जिससे काफी बचत होगी। अप्रैल, 2023 में सार्वजनिक क्षेत्र में तीन प्लांटों को यूरिया के घरेलू उत्पादन की अनुमति दिए जाने के बाद इसके उत्पादन में 2-3 मिलियन टन की वृद्धि होने की आशा है। इसके परिणामस्वरूप आयात घटेगा तथा सब्सिडी भुगतान में कमी आएगी। उपरोक्त सभी तत्वों से संकेत मिलता है कि सब्सिडी को 175,000 करोड़ रुपये के बीई से नीचे रखने तें सहायता मिलेगी। फिर उर्वरक मंत्री यह क्यों कह रहे हैं कि 'ज्यादा की आवश्यकता होगी'।

उनका तर्क है कि वर्तमान वित्त वर्ष के प्रारंभ में निर्माता उस सामग्री के लिए इन्वेंटरी रोके हुए थे जिसे 2022-23 में ऊंचे दामों पर खरीदा गया था और इसके लिए वे उच्च दर पर सब्सिडी पाने के अधिकारी हैं। इस तर्क को उचित नहीं कहा जा सकता है क्योंकि जब दाम बढ़ते हैं और सरकार ज्यादा सब्सिडी देती है तो वह निर्माताओं को उन इन्वेंटरी पर मिलने वाले लाभ में रोक नहीं लगाती है जिनमें कम कीमत पर सामान खरीदा गया था। इसी प्रकार 'सब्सिडी दर में आवश्यकता से कम कटौती' का तर्क भी केवल इस कारण सही नहीं है कि उनको 2022-23 की दूसरी छमाही में कुछ नुकसान उठाना पड़ा था। कुल मिला कर कहा जाए तो वित्त मंत्रालय को उर्वरक मंत्रालय की यह मांग नहीं माननी चाहिए कि उसे सब्सिडी भुगतान के लिए अधिक धनराशि आबंटित करनी चाहिए। उर्वरक मंत्रालय को भी सब्सिडी को बीई से कम रखने के प्रयास करने चाहिए।

पीएम मोदी की यात्रा और भारत-अमेरिका संबंध

> मोदी की यात्रा एक पथप्रदर्शक घटना है जो भारत-अमेरिका संबंधों को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी।

केएस तोमार
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की हालिया यात्रा शेष दुनिया के लिए बहुत महत्व रखती है जब अमेरिकी राष्ट्रपति, जो बिडेन कहते हैं कि दो महान मित्र, दो महान शक्तियां और दो महान मित्र 21वीं सदी के पाठ्यक्रम और पथ की रूपरेखा तैयार कर सकते हैं। शतक। पूरी दुनिया द्वारा मान्यता प्राप्त सबसे बड़े निष्कर्षों में से एक भविष्य की रणनीति से संबंधित है जो भारत और अमेरिका के लिए सुरक्षा खतरा पैदा करने के लिए चीन के बढ़ते प्रभाव और ऋण जाल नीति से युक्त उसके विस्तारवाद का मुकाबला करेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि पीएम की यात्रा भविष्य की कार्ययोजना तैयार करेगी और रक्षा सौदों और उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के उनके दृष्टिकोण को मजबूत करेगी। यह व्यापार और रक्षा सहयोग के लिए एक प्रोत्साहन होगा क्योंकि दोनों देश इस बात पर सहमत हुए हैं कि जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के सहयोग से भारत में जेट इंजन का उत्पादन करेगा जिसका उपयोग तेजस के लिए किया जाएगा।

एमक्यू-9बी सी गार्डियन ड्रोन खरीदने पर सहमति के अलावा भारतीय शिपयार्ड का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना के जहाजों की मरम्मत के लिए किया जा सकता है। दोनों पक्ष सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और रक्षा के क्षेत्रों में गतिविधियों में वृद्धि और अधिक सहयोग देखेंगे। अमेरिकी चिप निर्माता, माइक्रोन, गुजरात में 2.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सेमीकंडक्टर परीक्षण और पैकेजिंग इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो भारत सरकार और गुजरात सरकार की भागीदारी सुनिश्चित करेगी, जिससे क्रमश: 50 प्रतिशत और 20 प्रतिशत का निवेश होगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका ने विश्व क्षेत्र में एक निर्विवाद प्रमुख स्थान का आनंद लिया है, खासकर नब्बे के दशक में शीत युद्ध की समाप्ति के बाद रूस के पतन के बाद और केवल अपने आत्म-केंद्रित हितों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसने पाकिस्तान के खुले तौर पर अपने अतार्किक रुख को निर्धारित किया है। कश्मीर में आतंकवादियों को समर्थन. इस बदले हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य में, भारत धीरे-धीरे केंद्र में आ रहा है, जिसका श्रेय उसकी बढ़ती आर्थिक क्षमता और उन्नत प्रौद्योगिकी में उसे मिल रही सार्थक जगह को दिया जा सकता है, जिससे भविष्य में वह तेजी से चीन के लिए एक चुनौती के रूप में उभर रहा है।

यह छह महीने पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, अजीत डोभाल की संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा थी, जब उन्होंने अपने समकक्ष सुलिवन को भारत-अमेरिका संबंधों के बारे में अपनी राय व्यक्त की थी कि समय तेजी से भाग रहा है, इसलिए हमारे पास अपने निपटान के लिए ज्यादा समय नहीं है, जिसके लिए ठोस सड़क की आवश्यकता है। सुरक्षा पर चीन के खतरे सहित चुनौतियों का सामना करने के लिए मानचित्र। सुलिवन ने मोदी के अमेरिका दौरे से पहले दिल्ली में डोभाल के साथ अपनी चर्चा पूरी की। दोनों एनएसए ने सात विशिष्ट उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों, अगली पीढ़ी की दूरसंचार रणनीति, अर्धचालक, रक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारत-अमेरिका सहयोग के लिए महत्वाकांक्षी दीर्घकालिक योजनाओं का अनावरण किया। उन्होंने क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीईटी) पहल पर दूसरे ट्रैक-1.5 संवाद की घोषणा की, जो उद्योग चैंबर सीआईआई द्वारा आयोजित किया गया था।

लेकिन दोनों शीर्ष अधिकारियों ने खुद को केवल द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों तक ही सीमित रखा और इसके अलावा कुछ नहीं किया। इससे पहले, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ कई बैठकें की थीं। इसी तरह, विदेश सचिव, विनय क्वात्रा ने मोदी की यात्रा के लिए जमीन तैयार करने के लिए अमेरिका में सहायक सचिव विक्टोरिया नूलैंड से मुलाकात की और उपरोक्त कार्यक्रमों में घनिष्ठ सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा के संदर्भ में दोनों देशों के साझा उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया।

अघी और यूएसआईएसपीएफ द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कैनेडी सेंटर में भारतीय प्रवासियों द्वारा एक विशाल स्वागत किया गया, जिनकी अमेरिकी राजनीति और भारत के विकास में बहुत प्रासंगिकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री एफएम सीतारमण के अनुसार, प्रवासी भारतीयों का भारत में प्रेषण 2021 की तुलना में 2022 में 12त्न बढ़कर 100 स्ष्ठ हो गया, जो भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कुछ मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में अपनी चिंताएं उठाईं और पूर्व राष्ट्रपति, बराक ओबामा भी आलोचनात्मक थे जब उन्होंने कहा, यदि आप भारत में जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा नहीं करते हैं, तो इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत ऐसा कर सकता है। कुछ बिंदु टूटने लगते हैं और हमने देखा है कि क्या होता है जब आपको इस प्रकार के बड़े आंतरिक संघर्ष होने लगते हैं।

मोदी के लिए बिडेन का रेड कार्पेट वर्तमान भारत-अमेरिका संबंधों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए अमेरिका में हमारे सभी प्रयासों का प्रमाण है। बिडेन ने चीन पर भी हमला किया है और कुछ चिंताओं के बावजूद भारत के लोकतंत्र की प्रशंसा की है। चीन को भारत के प्रति अमेरिका की खुली नीति पसंद नहीं आई है, इसलिए उसने अमेरिका पर ड्रैगन की प्रगति को रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

मोदी की यात्रा को एक पथ-प्रदर्शक घटना के रूप में पेश किया गया, जो भारत-अमेरिका संबंधों को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी और एलओसी पर चीन की आक्रामकता की नीति को नियंत्रित करने के अलावा अमेरिका को अपनी सुपर पावर की स्थिति को बनाए रखने में मदद करेगी, जो कि महत्वाकांक्षा से अधिक खतरनाक प्रतीत होती है। भविष्य में ड्रैगन इसे विस्थापित करेगा।

आप की बात

संतुष्टिकरण की अवधारणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश की रैली में संतुष्टिकरण का नया शब्द प्रयोग किया है। यह तुष्टिकरण की राजनीति के विरुद्ध बदलते भारत के नए परिवेश पर सटीक बैठता है। चुनाव हारना या जीतना अलग विषय है, परन्तु देश की उन्नति के लिए लिया गया कोई भी निर्णय सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल में ऐसे कई बड़े निर्णय हुए हैं जिनके बारे में पूर्व की सरकारें बात करने से भी कतराती रही हैं। समान नागरिक संहिता-यूसीसी पर भी मोदी की स्पष्टवदिता प्रशंसनीय है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो लोग मुसलमानों को बरगलाने व भड़काने का काम कर रहे हैं वो देश के विरोध में अपने निजी स्वार्थ के लिए काम कर रहे हैं। उनके द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त सभी लोगों पर कार्यवाही की गारंटी भी जनता को एक नया सन्देश दे रही है। इस सन्देश के पीछे छुपे राज को खुलने में समय लग सकता है, परन्तु जिस दृढ़ता से प्रधानमंत्री ने यह बात जनता के समक्ष रखी है उसे देखकर अनुमान है कि जल्दी ही कुछ बड़े बेईमानों पर कानूनी शिकंजा कस सकता है। जनता को यह सुनकर खुशी मिल रही है, लेकिन कुछ लोगों की बेचैनी बढ़ना स्वाभाविक है। भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने की प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। मोदी को भाजपा की विजय में विश्वास है।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

खेल जगत में भेदभाव

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा गठित आईसीएसई इंग्लैंड ने क्रिकेट को लेकर नस्लभेद के मामले में 317 पन्नों की जो रिपोर्ट दी है वह व्यथित कर देने वाली है! कहने को हम आधुनिक युग में जी रहे हैं, मगर नस्ली भेदभाव आज भी बड़े पैमाने पर जारी है। क्रिकेट ही नहीं लगभग सभी खेलों में नस्ली भेदभाव को लेकर खिलाड़ियों पर फब्तियां कसना, टीका टिप्पणी करना और हाथापाई तक उतरना जैसे गोरे खिलाड़ियों के खून में रच-बस गया है। उन्हें कब समझ आएगा कि सिर्फ गोरी चमड़ी होने से वह सर्वश्रेष्ठ नहीं बन गए हैं। हालांकि, नस्लभेद की मानसिकता से ग्रसित होने के बावजूद इंग्लिश टीमों में अच्छा खेलने वाले काले खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है! और वही इन गोरे देशों को ढेरों ट्राफी और पदक दिलाते हैं। पुरुषों व महिला खिलाड़ियों के पारिश्रमिक में भारी अंतर भी सरासर अनुचित है। भारत में हाल ही में महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों की तरह समान धनराशि देने की मंजूरी दी गई है। इसी प्रकार दुनिया के सभी देशों को सभी खेलों में पुरस्कार राशि व पारिश्रमिक राशि समान रखनी चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

टमाटर के दाम

सीजन में आमतौर पर 10-20 रूपये किलो बिकने वाले टमाटर के भाव इन दिनों 80 से 100 रूपये किलो तक पहुंच गए हैं। अचानक आई भावों में तेजी से टमाटर के खरीददार भी अचंभित हो रहे हैं क्योंकि कुछ समय पहले इसके भाव 30-40 रूपये किलो थे। सब्जियों तथा खाने पीने की चीजों के दाम में भारी उतार-चढ़ाव आम लोगों को बहुत परेशान करता है। कभी आलू भाव खाते हैं तो कभी प्याज, कभी लहसुन, कभी टमाटर, कभी दालें तो कभी तेल। विडंबना है कि राज्य और केन्द्र सरकारें तभी जागती हैं जब वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। यदि सरकारें समय रहते बदलते मौसम या प्राकृतिक आपदाओं के कीमतो पर पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन कर कदम उठाएं तो ऐसी स्थिति नहीं पैदा होगी। दाम बढ़ाने में बिचौलियों, आढ़तियों, थोक व्यापारियों, आदि का भी प्रमुख हाथ है। सरकार को इनके दबाव में कृषि कानून वापस लेने पड़े थे। जब तक देश में किसानों व उपभोक्ताओं के बीच से बिचौलियों को हटा कर कोल्ड स्टोर श्रृंखला मजबूत नहीं की जाती, यही स्थिति बनी रहेगी। आवश्यक कदम उठाना जरूरी है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

महिलाओं का योगदान

महिलाओं की आलोचना अधिकांश पुरुषों के लिए बेहद आसान कार्य है। लेकिन महिलाओं के योगदान के सामने पुरुष का योगदान कमतर दिखाई पड़ता है। हमें अपने घरों की हाउसवाइफ की जिम्मेदारी का सही आकलन करना चाहिए। यह कड़वा सच है कि परिवार को चलाने की जिम्मेदारी एक महिला पर आकर टिक जाती है। युवा पीढ़ी में जरूर बदलाव देखने को मिला है। यदि पति-पत्नी कामकाजी हैं तो मिलकर जिम्मेदारी निभाते हैं और घरेलू कामकाज में पुरुष बराबर का साथ देता है। लेकिन कार्यक्षेत्रों में भी महिलाओं की भूमिका बहुत बड़ी होती है। बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी के कारण अनेक श्रमिक महिलायें अपमानित होकर भी अपना आर्थिक योगदान देती रहती हैं। आज महिलाएं शिक्षा, अंतरिक्ष, आर्थिक, सामरिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही है जिसका एकमात्र कारण उनको अवसर मिलना है। इसलिए महिलाओं को सभी क्षेत्रों में समान अवसर भी प्रदान करने होंगे। सभी क्षेत्रों में महिलाओं की पचास प्रतिशत उपस्थिति आदर्श होनी चाहिए।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

शिक्षा, श्रम व स्किल को लेकर अगले पांच साल की रणनीति बनाएं: योगी

● यूपी बनेगा इंडिया का सुपर पॉवर, प्रदेश के जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने के लिए अफसर मिशन मोड में जुटें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश को अगले पांच साल में वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाना योगी सरकार का सबसे बड़ा लक्ष्य है। यूपी को देश का सुपर पॉवर स्टेट बनाने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए शिक्षा, श्रम और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए हैं। योगी सरकार जहां कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पहले ही मॉडल स्थापित कर चुकी है, वहीं कनेक्टिविटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की चर्चा पूरे देश में हो रही है। पर्यटन सेक्टर में भी सरकार ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अब सरकार का पूरा जोर शिक्षा, श्रम और स्किल डेवलपमेंट को लेकर अगले पांच साल में मिशन मोड में कार्य करने पर है।

योगी सरकार उत्तर प्रदेश में शिक्षा को लेकर कम से कम पांच स्पेशल जोन बनाने की तैयारी में हैं। हाल ही में वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी को लेकर अधिकारियों की टीम द्वारा दिये गए प्रेजेंटशन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शिक्षा के स्पेशल जोन का निर्माण करते हुए शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों के अनुसार गोरखपुर में 500 एकड़ क्षेत्र में विशेष शिक्षा क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा अन्य शहरों की सूची तैयार हो रही है। वहीं अगले 5 वर्षों में प्रदेश में 5000 मॉडल स्कूल विकसित किये जाने को लेकर भी सरकार संजीदा है। इसके अलावा निजी विश्वविद्यालयों को भी प्रदेश में प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाएगा। बता दें कि फरवरी 2023 में निजी विश्वविद्यालयों के लिए शिक्षा कॉन्क्लेव आयोजित किया जा चुका है।

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद प्रदेश में 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। विभिन्न सेक्टर्स में मिले निवेश प्रस्ताव के धरातल पर उतरते ही राज्य में रोजगार के लिए विभिन्न सेक्टर में कौशल की डिमांड बढ़ना तय है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार अगले पांच साल में दो करोड़ युवाओं के कौशल को निखारकर उन्हें प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों में उपयुक्त मैन पॉवर के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। सरकार का आने वाले पांच सालों में पीपीपी मोड पर प्रदेश के 305 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड करने का लक्ष्य है। इसके अलावा 8 प्रमुख क्षेत्रों में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करने को लेकर भी योगी सरकार गंभीर है।

उद्यमियों को बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर देगा गीडा

औद्योगिक क्षेत्र में करीब 20 करोड़ की लागत से सुदृढ़ की जाएगी रोड कनेक्टिविटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते छह साल से निवेश के पसंदीदा गंतव्य में शुमार गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में उद्यमियों को कार्य सुगमता के लिए शानदार बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा। इस निमित्त करोड़ों रुपये खर्च कर कराए जा रहे विकास कार्यों में करीब बीस करोड़ रुपए और जुड़ने जा रहे हैं। वाह्य क्षेत्र में फोरलेन से जुड़े औद्योगिक क्षेत्र की आंतरिक रोड कनेक्टिविटी के लिए गीडा प्रशासन ने नए टेंडर निकाले हैं। फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गोरखपुर को करीब पौने दो लाख रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इनमें से अधिकतर प्रस्ताव गीडा में यूनिट लगाने के लिए हैं। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी भी गीडा ने शुरू कर दी है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में साढ़े बारह हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इसके दृष्टिगत गीडा प्रशासन औद्योगिक क्षेत्र के साथ व्यावसायिक क्षेत्र में भी इंफ्रास्ट्रक्चर का संजाल बिछाने में जुटा हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में की कड़ी में पूर्व में बनी सड़कों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के साथ नई सड़कें बनाई जाएंगी। इसके लिए टेंडर निकाल दिया गया है।

इस क्रम में गीडा के सेक्टर 13/15 /हरैंया कानूनगो) में 9 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से 50 मीटर चौड़ी सड़क, आरसीसी ड्रेन का निर्माण कराया जाएगा। सेक्टर 15 के रोड नम्बर दो के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण में 4 करोड़ 12 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सेक्टर 13 (कालेसर) 18 मीटर चौड़ी सड़क के साथ आरसीसी ड्रेन के निर्माण के लिए 3 करोड़ 38 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया है। इसी सेक्टर में एक अन्य सड़क के निर्माण के लिए 1 करोड़ 26 लाख रुपये खर्च होंगे। जबकि सेक्टर 13 व 15 में अलग अलग सड़कों के चौड़ीकरण व अनुरक्षण कार्य के लिए क्रमशः 33.22 लाख, 30.22 लाख, 26.11 लाख व 87.88 लाख रुपये के टेंडर निकाले जा चुके हैं। इन सभी कार्यों को छह माह की अवधि में पूरा किया जाना है। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल का कहना है कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप उद्यमियों को उत्कृष्ट इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम चल रहा है। करीब सौ करोड़ रुपये के विकास कार्य (सिविल व इलेक्ट्रिकल) गीडा के अलग.अलग सेक्टर में जारी हैं। 50 करोड़ की लागत के कार्य जल्द शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही इंटरनल रोड कनेक्टिविटी के लिए करीब 20 करोड़ रुपये के नए कार्यों के टेंडर निकाले गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गीडा प्रशासन लैंड बैंक बढ़ाने में जुटा हुआ है। लैंड बैंक बढ़ाने के लिए भूमि अधिग्रहण और उद्यमियों को भूमि आवंटन के काम में तेजी लाने के लिए गीडा में समूह ख व ग के 34 पदों पर ग आवधिक भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तहसीलदार, सहायक प्रबंधक, नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल आदि कुल 34 पदों के लिए वेतन मद में प्रति माह 2.60 लाख रुपए का खर्च आएगा। पर्याप्त मैनपावर होने से प्रक्रियात्मक कार्यों को रफ्तार मिलेगी।

योगी ने गन्ना किसानों की एफआरपी बढ़ाने पर पीएम का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गन्ना किसानों के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफ आरपी) को बढ़ाए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इसे गन्ना किसानों के स्वावलंबन से समृद्धि की यात्रा को नया आयाम प्रदान करने वाला बताया है। मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा चीनी सीजन 2023-24 में गन्ना किसानों के लिए गन्ने के अब तक के उच्चतम उचित और लाभकारी मूल्य को 315 प्रति क्विंटल करने की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय गन्ना किसानों के स्वावलंबन से समृद्धि की यात्रा को नए आयाम प्रदान करेगा। आज खुशहाल किसान ही नए भारत की पहचान हैं। बता दें कि मोदी सरकार ने देश के गन्ना किसानों के लिए तोहफे का एलान करते हुए गन्ने की एफआरपी बढ़ाने का फैसला किया है। 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफ आरपी)10 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। यह अब तक के गन्ना खरीदी की सर्वाधिक कीमत है। इससे न केवल देश के गन्ना किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। साथ ही चीनी मिलों में कार्यरत श्रमिकों को भी लाभ मिलेगा। इस निर्णय से लगभग 5 करोड़ गन्ना किसान और चीनी मिलों में काम करने वाले लाखों श्रमिकों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा मोदी सरकार ने किसानों को यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने की मंजूरी भी दी है। पैकेज में तीन वर्षों (2023 से 2025) के लिए यूरिया सब्सिडी को लेकर लगभग 3.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। सरकार के इस निर्णय से किसानों को यूरिया की खरीद के लिए अतिरिक्त खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी और इससे उनकी इनपुट लागत को कम करने में मदद मिलेगी। यूरिया सब्सिडी योजना के जारी रहने से यूरिया का स्वदेशी उत्पादन भी अधिकतम होगा।

फिरोजाबाद की पुलिस लाइन में निर्माण व थाना पचखौरा के लिए 7 करोड़ 83 लाख रुपए मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय भवनों, हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए जनपद फिरोजाबाद की पुलिस लाइन में ट्रांजिट हॉस्टल ब्लाक के निर्माण के लिए 6 करोड़ 77 लाख 28 हजार रुपए व फिरोजाबाद के थाना पचखौरा में 48 क्षमता के हास्टल-बैरक एवं एक विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 1 करोड़ 5 लाख 95 हजार रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि कुल 7 करोड़ 83 लाख 23 हजार रुपए की धनराशि के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। संजय प्रसाद ने बताया कि स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश भी दिए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाए ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनों का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाए जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जाएगा।

नए स्थापित दस थानों के लिए 324 पदों के सृजन का आदेश जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन मे नवस्थापित 10 पुलिस थानों यथा गाजीपुर मे नवीन थाना रामपुर मॉझा, पुलिस कमिश्नरेट आगरा में नवीन पुलिस थाने बमरौली कटारा, ट्रांस-यमुना, किरावली एवं जनपद खीरी में नवीन पुलिस थाने शारदानगर, खमरिया व पुलिस कमिश्नरेट कानपुर में नवीन पुलिस थाना अरौल व जनपद पीलीभीत में नवीन थाना करेली एवं जनपद महाराजगंज में नवीन पुलिस थाना भिटौली तथा जनपद श्रावस्ती के नवीन थाना हरदत्त नगर गिरण्ट के लिए कुल 324 पदों के सृजन के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के जनपद गाजीपुर के नवीन पुलिस थाना रामपुर मॉझा व पुलिस कमिश्नरेट आगरा के नवीन पुलिस थाना ट्रांस यमुना के लिए निरीक्षक, नागरिक पुलिस का एक-एक, उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस का दो-दो, मुख्य आरक्षी, नागरिक पुलिस के नौ-नौ, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए के तीन-तीन, आरक्षी, नागरिक पुलिस के 15-15, आरक्षी चालक के दो-दो तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तीन-तीन पदो का सृजन किया गया है। संजय प्रसाद ने यह भी बताया कि पुलिस कमिश्नरेट आगरा में नवीन पुलिस थाने बमरौली कटारा, किरावली व कानपुर कमिश्नरेट के नवीन पुलिस थाना अरौल, जनपद पीलीभीत के नवीन थाना करेली, जनपद महाराजगंज के नवीन थाना भिटौली एवं जनपद श्रावस्ती के नवीन थाना हरदत्त नगर गिरण्ट के लिए निरीक्षक नागरिक पुलिस का एक-एक, उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस का दो-दो, मुख्य आरक्षी, नागरिक पुलिस के नौ-नौ, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए के दो-दो, आरक्षी, नागरिक पुलिस के 15-15, आरक्षी चालक के दो-दो तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तीन-तीन पदों का सृजन किया गया है। इसी प्रकार जनपद खीरी के नवीन पुलिस थाना शारदानगर एवं खमरिया के लिए निरीक्षक, नागरिक पुलिस का एक-एक, उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस का एक-एक, मुख्य आरक्षी, नागरिक पुलिस के आठ-आठ, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए के दो-दो, आरक्षी, नागरिक पुलिस के आठ-आठ, आरक्षी चालक के दो-दो तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तीन-तीन पदों का सृजन किया गया है।

यूपी में 20 जुलाई से 14 जनवरी तक छह स्थानों पर आयोजित होगी सेना भर्ती रैली

● भर्ती रैली व कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के लिए मुख्य सचिव ने बैठक कर दिए जरूरी निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 20 जुलाई 2023 से 16 जनवरी 2024 तक छह स्थानों- फतेहगढ, बड़ौत, लखनऊ, आगरा, अमेठी एवं गोरखपुर में अग्निवीर योजना के अन्तर्गत सेना भर्ती रैली आयोजित होगी। सेना भर्ती रैली की तैयारियों के संबंध में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को एक बैठक की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि अग्निवीर योजना के तह सेना भर्ती रैली फ तेहगढ, बड़ौत, लखनऊ, आगरा, अमेठी एवं गोरखपुर में आयोजित होगी। इन जनपदों में होने वाली सेना भर्ती रैली में आने वाले युवाओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए समय से सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

उन्होंने कहा कि भर्ती रैली के दौरान कांवड़ यात्रा भी प्रारम्भ हो रही है अतः भर्ती रैली से सम्बन्धित जनपदों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, जिससे कावड़ यात्रा और भर्ती रैली सकुशल संपन्न हो सके, साथ ही मानसून सीजन के कारण भर्ती स्थलों में वाटर लागिंग होने की सम्भावना बनी रहेगी, इसके लिए वाटर सक्शन पंप की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भर्ती स्थलों में रहने-खाने, शेल्टर आदि के साथ ही बिजली, पानी, सफाई एवं टायलेट्स की उचित व्यवस्था की जाए। भर्ती स्थलों में एम्बुलेंस, चिकित्सा सुविधाओं आदि की समुचित व्यवस्था रहे। युवाओं को भर्ती स्थलों तक आने-जाने में असुविधा न हो इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा बसों की व्यवस्था की जाए। रैली के दिन जिला अस्पताल एवं जनपद के अन्य अस्पतालों को पूरी तरह अलर्ट पर रखा जाए। भर्ती केन्द्र पर आने वाले अभ्यर्थियों का पंजीकरण कराया जाए कि किस जनपद से कितने अभ्यर्थी भर्ती केन्द्र पर शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि संबंधित जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी स्तर के एक अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा इसी तरह पुलिस अधीक्षक अपने स्तर से अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करें।

भाजपा को पिछड़े मुसलमानों को आरक्षण का नहीं करना चाहिए विरोधः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुसलमानों पर दिये गए बयान का हवाला देते हुए सुझाव दिया कि भाजपा को पिछड़े मुसलमानों को आरक्षण का विरोध नहीं करना चाहिए।

बसपा अध्यक्ष ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा भ्भोपाल में बीजेपी के कार्यक्रम में सार्वजनिक तौर पर यह कहना कि भारत में रहने वाले 80 प्रतिशत मुसलमान 'पसमांदा, पिछड़े, शोषित' हैं, यह उस कड़वी जमीनी हकीकत को स्वीकार करना है जिससे उन मुस्लिमों के जीवन सुधार के लिए आरक्षण की जरूरत को समर्थन मिलता है। अतः अब भाजपा को पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण का विरोध बंद कर देना चाहिए। इसके साथ ही भाजपा की राज्य सरकारों को भी अपने यहां आरक्षण को ईमानदारी से लागू कर बैकलॉग की भर्ती पूरी कर यह साबित करना चाहिए कि वे इन मामलों में अन्य पार्टियों से अलग हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल में 27 जून को एक कार्यक्रम के दौरान समान नागरिक संहिता की जोरदार वकालत करते हुए यह भी कहा कि भाजपा ने फैसला किया है कि वह तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति का रास्ता नहीं अपनाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष समान नागरिक संहिता के मुद्दे का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने और भड़काने के लिए कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पसमांदा मुस्लिम पिछड़े हुए हैं लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण उनके साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता है।

इटली के वेनिस शहर में तब्दील हो गई काशीः अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने कहा, बरसात आते ही सामने दिख गया भाजपा के कथित विकास का सच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बरसात आते ही भाजपा के कथित विकास का सच सामने दिख गया है। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को जापान के क्योटो शहर बनाने का लुभावना सपना दिखाया था। वह सपना तो सपना ही रह गया अलबत्ता काशी क्योटो के बजाय इटली के वेनिस शहर में तब्दील हो गया है। जहां पानी ही पानी है। उन्होंने कहा कि भाजपाराज में एक भी स्मार्ट सिटी तो बनी नहीं, भाजपा सरकार सिर्फ जुमले उछालकर स्मार्ट सिटी के नाम पर धोखा देती रही हैं। सड़कों पर सीवर का गंदा पानी बह रहा है। जगह-जगह काशी में जलभराव हो रहा है। सफाई व्यवस्था के नाम पर कीचड़ दिखाई दे रहा है। गड्ढ़ायुक्त सड़के दुर्घटना का कारण बन रही है। आवारा पशु छुट्टा घूम रहे हैं। सांड़ो के हमले से कई जानें जा चुकी है।

अखिलेश ने कहा कि 'मां गंगा ने बुलाया है' का मंत्र जापकर्ताओं ने 'नमामि गंगे योजना' में गंगा को नाला बनाकर रख दिया है। पुष्पवर्षा की नौटंकी रचने वाली भाजपा सरकार ने गंगा को निर्मल बनाने के नाम पर सिर्फ घोटाला ही किया है। गंदे पानी में श्रद्धालु स्नान, आचमन और जलाभिषेक करने को मजबूर हैं। सावन में बाबा विश्वनाथ महादेव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये बड़ी संख्या में गंगा जल लेने आते है। काशी शहर के ददरी घाट और चीतनाथ घाट पर कांवडियों की सबसे ज्यादा भीड़ होती है लेकिन ददरी घाट पर नाले के पानी का तालाब बन गया है। गंगा जी की मुख्यधारा तक श्रद्धालुओं को नाव से पार जाना होता है। सपा मुखिया ने कहा कि बड़बोले बयानों के बाद भी काशी में बिजली की आवाजाही से लोग त्रस्त हैं। ट्रांसफार्मर रखरखाव के अभाव में फुंक रहे हैं। भाजपा राज में महंगे बिल तो आ रहे हैं पर बिजली नहीं मिल रही है। उद्योग धंधे ठप्प हो रहे हैं। भाजपा सरकार के समय एक भी बिजली घर नहीं लगा। जो व्यवस्था और बिजली उत्पादन समाजवादी सरकार में हुआ था वह भी रख रखाव के अभाव में बर्बाद हो गया है। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को विकास के कई प्रतिमान दिए थे जबकि भाजपा को विकास नहीं, विकास के विनाश में रुचि है। विकास के नाम पर उसे घोटाला करना ही आता है।

सेवानिवृत्ति के दिन ही बिजली कर्मियों को हो सभी देयों का भुगतानः एम. देवराज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम. देवराज ने शक्ति भवन मुख्यालय में आयोजित विदाई समारोह में कहा कि पावर कारपोरेशन में ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे सेवानिवृत्ति के दिन ही कार्मिकों को उनके देयों का भुगतान सुनिश्चित हो सके। इस बात पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया की सेवानिवृत्ति के बाद नोड्यूज और देयों के लिए कार्मिक महीनों भटकता है। शुक्रवार को शक्ति भवन में कार्यरत संयुक्त सचिव साधना गुप्ता, उपसचिव आर के गुप्ता, अनुसचिव आनंद कुमार श्रीवास्तव, समीक्षा अधिकारी रिजवान उल्लाह अंसारी, तीरथ राम तथा सत्य प्रकाश सेवानिवृत्त हुए हैं। विद्युत परिषद मुख्यालय कर्मचारी संघ ने इन्हें विदाई देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया था। जहां पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने पहुंचकर सेवानिवृत्त हुए सैनिकों को भावभीनी विदाई दी। अध्यक्ष ने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद कार्मिकों को कोई परेशानी ना हो इसकी जिम्मेदारी हम सभी लोगों की है।

सौहार्द के साथ मनी बकरीद, सड़कों पर नहीं हुई नमाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 33 हजार से अधिक ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा की गई

बकरीद का पर्व उत्तर प्रदेश में शांति और सौहार्द के माहौल में मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी की अपील पर धर्मगुरु भी आगे आए और किसी भी जनपद में सड़क यातायात बाधित कर नमाज़ आदि धार्मिक क्रियाकलाप नहीं हुए। यही नहींए सभी जिलों में तय और चिन्हित स्थानों पर ही कुर्बानी हुई और इसके तत्काल बाद अपशिष्ट का निस्तारण भी कराया गया।

बीते दिनों सीएम योगी ने अधिकारियों को बकरीद, श्रावण मास, मुहर्रम आदि पर्व-त्योहारों के मौके पर पुलिस-प्रशासन को अतिरिक्त संवेदनशील रहने को कहा था। साथ ही सड़क पर यातायात रोक कर नमाज पढ़ने से सामान्य जन को होने वाली परेशानी का हवाला देते हुए इस बावत धर्मगुरुओं से संवाद बनाने के निर्देश भी दिए थे। मुख्यमंत्री के प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिला और कहीं भी सड़क पर नमाज़ नहीं हुई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बकरीद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो इसको लेकर सभी जिलों में पुलिस चौकस रही। अनुमान के मुताबिक प्रदेश में 33 हजार से अधिक ईदगाहोंए मस्जिदों में नमाज अदा की गई। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बकरीद को लेकर यूपी पुलिस ने 2200 से अधिक संवेदनशील स्थान और हॉट स्पॉट चिन्हित किए थे। पूर्व में पीस कमेटी की 2400 से अधिक गोष्ठियां भी की गईं।

असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए भी पुलिस तैयार दिखी। त्योहार की आड़ में उपद्रवी तत्व किसी भी तरह की परेशानी पैदा करेए उससे निपटने के लिए 238 कंपनी पीएसी, 3 कंपनी एसडीआरएफ, 7 कंपनी सीएपीएफ और 7570 अंडर ट्रेनी उपनिरीक्षकों को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में लगाया गया। बॉडी वॉर्न कैमरा, वाईना कूलर, ड्रोन, हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी गई। राज्य में शांति सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रणनीतिक रूप से 1.25 लाख से अधिक नागरिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। इसके अलावा यूपी 112 और एकीकृत पुलिस आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र के लगभग 4800 पुलिस प्रतिक्रिया वाहन (पीआरवी) को चौबीसों घंटे गश्त कर रही हैं।

पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा पर हुए प्राणघातक हमले की सपा ने की निंदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पूर्व विधान परिषद सदस्य लीलावती कुशवाहा पर हुए प्राणघातक हमले की निंदा करते हुए हमलावरों की गिरफ्तारी तथा उन पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पटेल ने कहा कि कुशवाहा के साथ उनकी दो बेटियों अलका कुशवाहा (32), आस्था कुशवाहा (30), पड़ोसी दुर्गा (25) को भी गंभीर चोटे आई हैं। कुशवाहा के सिर में ज्यादा चोट आई है। उन्हें तथा उनकी बेटी अलका कुशवाहा को मेडिकल कॉलेज, लखनऊ रिफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री एवं विधायक तेज नारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय, विधायक अभय सिंह, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष ओपी पासवान तथा पूर्व प्रमुख रमाकांत यादव जिला अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी

महाराष्ट्र, राजस्थान व एमपी के कई निवेशक भी करेंगे बरेली में 2950 करोड़ का निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ बरेली

● 39 निवेशकों के मिले बीडीए को प्रस्ताव

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली में गाउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत यूपी के बड़े निवेशक बरेली में 2950 करोड़ का निवेश करेंगे। 23 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई है। 39 निवेशकों के प्रस्ताव मिले है। 362 करोड़ की लागत से निवेश स्वीकृत हो चुका है।

बरेली विकास प्राधिकरण को उत्तर प्रदेश से ही नहीं, दूसरे प्रदेश के निवेशकों का भी साथ मिला है। बरेली में बीडीए की पहल पर 2950 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बरेली विकास क्षेत्र में आवासीय तलपट मानचित्र, ग्रुप हाउसिंग, स्वास्थ्य सेवा, होटल, पेट्रोल पंप, व्यवसायिक काम्पलैक्स, कान्फ्रेंस हॉल एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं में भागीदारी के रूप में 39 निवेशकों ने 2950 करोड़ का निवेश करने के लिए पंजीकरण कराया है। प्राप्त प्रस्तावों के क्रम में प्राधिकरण द्वारा कुल 23 प्रस्तावों के मानचित्र स्वीकृत किए गए। इसमें लगभग 362 करोड़ के इन्वेस्टमेन्ट की स्वीकृति सुनिश्चित की गई है। बरेली में निवेश करने वाली कंपनी इस प्रकार हैं। बरेली विकास प्राधिकरण वीसी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा 400 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के चार प्रस्तावों के मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया में है। 12 प्रकरणों में इन्वेस्टर द्वारा अभी प्राधिकरण में मानचित्र प्रस्तुत नहीं किए गए है। उनसे भी संपर्क कर मानचित्र जमा कराने का प्रयास किया जा रहा है।

12 बड़े निवेशकों के प्रस्ताव पर लगी बीडीए की मुहर

एसएस मल्टी केयर हॉस्पिटल, मैक्स लाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ट्राइज मेडिकल इन्स्टीटयूट प्रालि, मैसर्स महा जीवन दीप मैडिकेयर प्रालि, विनायक होटल एण्ड रिसोर्ट, आधार इन्फ्र ाबिल्ड, कावेरी इण्टरप्राइजेज, गोविन्द धाम कालोनी, जेएचएम इन्फ्र ाहोम्स, श्री गिरीराज बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स, गोल्डन आई इन्फ्र ास्ट्रक्चर, रियल इमेज डेवलपर्स प्रा.लि.।

कांवड़ यात्रा के लिए सुगम यातायात कराएं सुनिश्चित

- डीएम ने ली जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए निर्देश
- जन-जन तक पहुंचाएं यातायात नियमों की जानकारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषणए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों ;वनरेबल लोकेशनद्धए स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन किए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का संयोजनए संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। जिले में सड़क.सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिया। श्रावण मास पर कांवर यात्रा के मद्देनजर संबंधित खंड के अधिशासी अभियंता कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुगम यातायात उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। एनएच के भीरा.पलिया मार्ग के मरम्मतए अतरिया ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यवाहीए शारदा सेतु के वेयरिंग कोर्स की मरम्मत के लिए एनएचआई के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया।जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट हैए वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। सड़क निर्माण एजेंसियों को डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैंए उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी। डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। परिवहन-पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि नियमित रूप से यातायात नियमों की जानकारी जन.जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिंग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार.प्रसार करायें। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, ईई पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, एनएचएआई बरैली से टीम लीडर अनवर अली, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, एआरएम रोडवेज मुकेश मेहरोत्रा सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

सेना अधिकारी के मकान में चोरी

संवाददाता। बरेली

कैंट थाना क्षेत्र में रहने वाले सेना के एक अधिकारी के सरकारी आवास में घुसे चोरों ने पाइप व अन्य सामान चोरी कर लिया घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस पर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरूकर दी । कैंट थाना क्षेत्र में एर्टी रोड स्थित सरकारी आवास में रहने वाले सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल तमिलनाडु में डिवाइन रेजिडेंसी कोयंबटूर निवासी आनंद भास्कर पुत्र पुत्र एल भास्कर के सरकारी आवास में गुरुवार को घुसे चोरों ने सप्लाई पाइप, पानी के पाइप, कमबोड पाइप चोरी कर लिया इसके अलावा चोरों ने बाथरूम के गेट और वाशबेसिन को तोड़ दिया सैन्य क्षेत्र में हुई घटना की जानकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ने पुलिस को दी तब पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

परिवहन विभाग ने की ग्रामीण अंचल से बसों के संचालन की तैयारी

- बसों का संचालन कराने के लिए डाटा किया जा रहा तैयार, बस सेवा शुरु होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को होगी आसानी
- सीतापुर डिपो को मिली और चार नई बसें, अब तक कुल 10 नई बसे सीतापुर डिपो के बेड़े में हुई शामिल
- 85 बसें निगम की और 70 अनुबंधित बसों का किया जा रहा संचालन

संवाददाता। सीतापुर

ग्रामीणो को अब जनपद अथवा राजधानी मुख्यालय तक पहुंचने के लिए ज्यादा मशक्त नहीं करनी पड़ेगी। परिवहन विभाग ने अब ग्रामीण अंचल के क्षेत्रों को भी रोडवेज बस सेवा से जोड़ने की तैयारी की है। प्रत्येक विकास खंड क्षेत्र के गांव में बसों का संचालन करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों की तरफ से बसों का संचालन कराने के लिए डाटा तैयार किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों से बस सेवा शुरु होने पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी। जहां लोग पहले अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर की दूरी तय करते थे, तब जाकर कहीं उन्हें बस मिल पाती थी। फिर वह अपने निश्चित स्थान के लिए आगे बढ़ पाते थे। लेकिन अब ग्रामीण अंचलों में सेवा शुरु होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। ग्रामीण अंचलों में परिवह सेवा को शुरु करने के लिए सीतापुर डिपो को भी चार नई बसे शुक्रवार को प्राप्त हुई है। हालाकिं इससे पहले भी कुछ बसे सीतापुर भेजी जा चुकी है। अब तक कुल 14 बसे सीतापुर डिपो के बेड़े में शामिल हो चुकी है। इनमें से कई बसों को ग्रामीण अंचल से जोड़े जाने की तैयारी की गई है। यह बसे रात में ग्रामीण क्षेत्र के निश्चित स्थान पर ठहराओं करेगी। प्रात: काल वहां से सवारियों को उठाकर राजधानी ले जाकर छोड़ेगी, और अगले दिन फिर रात में उनका ग्रामीण क्षेत्र में ठहराव होगा। साधारण सेवा की कुल 10 नई बसें मिलने के बाद अब सीतापुर डिपो में कुल 155 बसे हो गई है। इनमें से 85 बसे निगम की और 70 अनुबंधित बसों का संचालन किया जा रहा है। हालाकिं सीतापुर डिपो से काफी जर्जर हो चुकी 14 बसों को नीलामी प्रक्रिया के तहत नीलाम किया जा चुका है। इस हिसाब से कम से कम 14 बसे डिपों को मिलनी चाहिए। जिसमें से अभी तक सिर्फ 10 बसे ही मिल पाई है। नई बसों के आने के बाद परिवहन विभाग को दैनिक आय बढ़ने का भरोसा है। माना जा रहा है कि प्रतिदिन लक्ष्य के मुताबिक करीब 25 लाख के आसपास राजस्व की प्राप्ति हो सकेगी।

शिवशंकर इंडस्ट्रीज मिनी फ्लोर मिल व तेल कारखाना की हुई संयुक्त जांच

- एनजीटी के निर्देश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ व तहसीलदार गोला ने की संयुक्त जांच

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

तहसील गोला के ठीक पीछे बांकेगंज-कोंधवा मार्ग पर खुला अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज जिसका जांच के बीच फर्म का बदला हुआ नाम शिवशंकर इंडस्ट्रीज ; मिनी फ्लोर मिलद्ध व तेल कारखाना के विस्तार के बाद ध्वनिए वायु प्रदूषण होने के बाद भी प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र नहीं लगाने से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है इससे प्रताड़ित नगर के वरिष्ठपत्रकार होतीलाल रस्तोगीएउनका परिवार जोकि दवाइयों पर है वह बड़ा पुत्र श्रेष्ठ रस्तोगी जोकि ब्रेन हैमरेज होने के चलते लखनऊ से उपचार जारी होने की शिकायत एनजीटी नई दिल्ली से की थी। एनजीटी नई दिल्ली ने शिकायत दर्ज कर इसकी जांच के लिए टीम गठित की जिसमें एन0 जी 0टी 0के अधिकारियों व जिला मजिस्ट्रेट खीरी को नामित किया था उनके निर्देश पर 30 जून 2023 को अपरान्ह लगभग चार बजे उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के क्षेत्रीय अधिकारीपंकज कुमार त्रिपाठी तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता के टीम ने अन्नपूर्णा इंडस्ट्री .ज बदला हुआ नाम शिवशंकर इंडस्ट्रीज तहसील गोला के ठीक पीछे बांकेगंज .कोंधवा मार्ग पर आकर जांच की। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के क्षेत्रीय अधिकारियों ने चारों तरफ़ का मानचित्र व वायु . ध्वनि प्रदूषण की जांच की जिसमें आंटा व तेल का कारखाना को चलवा कर पूरी संयुक्त रिपोर्ट एनजीटी नई दिल्ली को भेजने की रुपरेखा बनाई है।इस संबंध में शिकायत कर्ता होतीलाल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार ने अपना पक्ष रखने व अपने मकान की जांच का आग्रह किया जिसपर क्षेत्रीय अधिकारी पंकज कुमार त्रिपाठी ने एनजीटी नई दिल्ली में रखने का सुझाव दिया। जांच टीम ने लगभग एक घंटा तक जांच की जिसमें आंटा व तेल कारखाना में मिली खामियों व प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र न लगने व एन ओ सी के कोई कागज न होने पर कारखाना संचालक कोई जवाब नहीं दे सका है।

राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने युवक को उपलब्ध कराया ब्लड

सीतापुर। जरुरतमंदो की मदद के लिए बढ़ चढ़कर आगे आने वाले राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के अध्यक्ष विकास हिंदू ने एक जरुरतमंद के लिए रक्त की व्यवस्था कराकर मानवता की मिशाल पेश की है। गुरुवार रात जिला चिकित्सालय पहुंचकर उन्होने अमित शर्मा नामक युवक के लिए खून की व्यवस्था कराई। विकास हिंदू ने बताया कि अमित शर्मा का इलाज जिला चिकित्सालय सीतापुर में चल रहा है। अमित मेडिकल वार्ड के बेड नंबर 22 पर भर्ती है। उन्होने बताया कि अमित ने किसी दूसरे के फोन से उनके नंबर पर फोन करके रक्त की व्यवस्था के लिए कहा था। जानकारी होने पर वह अपने एक साथी के साथ अस्पताल पहुंचे और अमित के लिए खून की व्यवस्था कराई। उन्होने बताया कि अमित उसके बचपन का दोस्त है उसके माता पिता का देहांत हो चुका है। विकास हिंदू ने बताया कि अमित अच्छे सिंगर है इनकी जो भी मदद होगी करुगां, ताकि वह फिर से अपने पैरों पर खड़े हो जाए।

महिला की जमीन पर दबंगों का कब्जा

संवाददाता। खमरिया खीरी

सिविल कोर्ट में मामला विचाराधीन, इसके बावजूद भी जमीन पर अवैध कब्जा जारी है। उत्तर प्रदेश में एंटी भू . माफिया अभियान के तहत दबंगों के कब्जे से सरकारी जमीन छुड़ाकर गरीबों को दी जा रही हैए लेकिन दूसरी तरफ लखीमपुर जिले में सरकार तो छोड़िए दबंग और माफिया टाइप के लोग गरीबों की निजी जमीन भी कब्जाने में जुटे हुए है। यहां तक सिविल कोर्ट में मुकदमा भी पिछले कई वर्षों से विचाराधीन है। इसके बावजूद भी हालात यह है दबंग पर लोकल पुलिस प्रशासन भी कार्यवाही से कतरा रहा है पूरा मामला धौरहरा तहसील के विकासखंड ईशानगर के गांव अल्लीपुर का है जहा महिला मायावती पत्नी राजकिशोर मिश्रा की जमीन पर गांव के ही दबंगों द्वारा कब्जा करने का मामला सामने आया है। सत्ता से नजदीकी रखने वाले दबंगों का प्रभाव इतना है कि सीएम हेल्प लाइन भी महिला मायावती की मदद नहीं कर पा रही है। कई बार मारपीट तक की नौबत आ जाती है ए यहां तक पूर्व में विपच्छी शिव कुमार मिश्रा की पत्नी सीता देवी द्वारा 376 जैसी गंभीर धारा में झूठा मुकदमा भी पीड़ित के पति राजकिशोर पर लिखा दिया जाता है स आज भी विपक्षी महिला सीता देवी पत्नी शिवकुमार मिश्रा द्वारा पीड़ित से अपना कब्जा ना छोड़ने पर झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजवाने की धमकी दी जा रही है स शिकायत के बाद कुछ आला अफसर मौके पर तो जाते हैंए लेकिन विपच्छी द्वारा अवैध कब्जा रुकवाने में उनको पसीना छूट रहा है।

क्विक न्यूज

खाद्य सुरक्षा अधिकारी की कार्यवाही से मचा हड़कंप

मोहम्मदी खीरी। सहायक आयुक्त खाद्य खीरी कौशलेंद्र शर्मा के दिशा.निर्देशन पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर सिद्दीकी ने मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री व बिना खाद्य पंजीकरण की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया।अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 धारा 31 के अंतर्गत बिना खाद्य पंजीकरण व्यवसाय करने वाले अंकुस यादव को दूध का व्यापार करने व पश्चिमी गुरुद्वारा गेट स्थित नवजोत फ़ास्ट फूड का खाद्य पंजीकरण ना होने, खुसबू मेडिकोज का फूड सप्लीमेंट पंजीकरण के बिना दुकान चलाते पाए जाने पर नोटिस दी गयी।साथ गुरुद्वारा रोड स्थित आकाश स्वीट्स की दुकान से खोया के पेड़ा का नुमना ले जांच को भेजा गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया मिलावट खोरी व बिना खाद्य पंजीकरण चल रहे व्यापार को लेकर समय.समय पर अभियान के अंतर्गत कार्यवाही की जाती रही है और आगे भी होती रहेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की इस कार्यवाही से मिलावट खोरी व बिना खाद्य पंजीकरण के व्यापार कर रहे व्यापारियो में हड़कंप मच गया।

खेत में मिली लापता महिला की लाश

बरेली। दो दिन पूर्व चारा लेने के लिए घर से निकली एक महिला लापता हो गई और आज सुबह उसकी लाश घर से कुछ ही दूरी पर ग्राम प्रधान के खेत में पाई गई मृतका की गर्दन में चोट के निशान थे घरवालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरूकर दी।शाही थाने के गांव आनंदपुर निवासी नत्थू लाल की 50 वर्षीय पत्नी प्रेमवती की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर ग्राम प्रधान चरण सिंह के गन्ने के खेत में पाई गई मृतका की गर्दन में चोट के निशान थे और उसके चांदी के गहने भी गायब थे पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के बेटे मनोज ने बताया कि उसकी मां गुरुवार की शाम को घर से बाहर चारा लेने के लिए गई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी तब उसको तलाशने की कोशिश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला इधर आज सुबह जंगल में जा रहे लोगों ने प्रेमवती की लाश को गन्ने के खेत में देखा और घरवालों को सूचना दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने हत्या की आशंका जताई बताया जाता है कि कुछ दिन पहले पास में ही स्थित एक ईंट भट्टे के मालिक से मिट्टी खोदने को लेकर प्रेमवती का विवाद हुआ था और उसने उसे जान से मारने की धमकी दी थी वहीं कुछ लोगों का कहना है कि प्रेमवती का अपने परिजनों से जमीनी विवाद चल रहा है जिसके चलते उसकी हत्या की गई है पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी मृतका तीन बेटों की मां थी ।

संविदाकर्मी ने लगाया अभद्रता का आरोप

सीतापुर। विद्युत चोरी की चेकिंग या बकाएदारी में किसी का बिजली कनेक्शन काटना यह दोनों ही काम बड़े खतरे के है। बिजली विभाग के कर्मचारी तो कर्मचारी कभी-कभी अधिकारी तक इन मामलों में अपनी बेइज्जती करा बैठते है। ऐसा ही एक मामला महोली थाना कोतवाली क्षेत्र से आया है। कोतवाली क्षेत्र के मसंदापुर गांव निवासी राजकिशोर पुत्र राममूर्ति पासी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अपने साथ गाली गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया हैं। राजकिशोर के अनुसार वह महोली स्थित विद्युत उपकेंद्र पर संविदाकर्मी के रूप में कार्यरत है और उसे ब्रम्हावली फीडर पर लाइन मैन का दायित्व सौंपा गया है। आरोप है कि 27 जून को जब राजकिशोर अन्य स्टाफके साथ बिजली बकाया में कनेक्शन काटने क्षेत्र के ग्राम अल्हना गया था तभी वहीं के निवासी अजय तिवारी और सतीश राठौर ने फोन पर उसे जाति सूचक और भद्दी गालियां दी और जान माल की धमकी भी दी। इस मामले में राज किशोर ने अपने व आरोपितों के बीच फोन पर हुए वार्तालाप का आडियो भी पुलिस को सौंपा है।

रोटरी क्लब लगाएगी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बरेली। रोटरी क्लब बरेली नॉर्थ जनता की सेवा में 1 जुलाई से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने जा रहा है यह जानकारी देते हुए रोटेरियन मोहित खन्ना सचिव रोटरी क्लब बरेली नॉर्थ ने बताया की रोटरी क्लब निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण , रक्तदान शिविर वृक्षारोपण रोटरी रायला आदि कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं लॉटरी अंतरराष्ट्रीय के अध्यक्ष जॉर्डन आर मेकले के निर्देश अनुसार क्रिएट होप इन द वर्ल्ड के अंतर्गत कार्यक्रमों को आयोजित किया जाना है रोटेरियन पी पी सिंह ने बताया रोटरी क्लब बरेली नॉर्थ की स्थापना 1985 में की गई थी 39 वर्ष के इतिहास में रोटरी क्लब ने समाज सेवा में एक नया आयाम दिया है रोटरी वर्ष 1 जुलाई से 30 जून तक चलता है दिव्यांग बच्चों के लिए पूजा सेवा संस्थान नाम के संस्था उनके लिखाई पढ़ाई और उनके पालन पोषण का ध्यान रखती है दिल में छेद वाले बच्चों के लिए भी संस्था का काम ऑपरेशन करवाना उनका इलाज करवाना आदि है सामाजिक कार्यों में बढ़कर रोटरी क्लब भाग लेता है इस बार भी 1 जुलाई से रोटरी क्लब ऑफबरेली नॉर्थ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य करने जा रहा है ।

महिला दरोगा पर दिव्यांग ने लगाया झूठे मुकदमे में जेल भेजने का आरोप

बरेली। एक दिव्यांग ने महिला दरोगा पर झूठे मुकदमे मे जेल भेजने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। किला थाना क्षेत्र के बाजार संदलथा निवासी दिव्यांग अफसर खा पुत्र भूरे ने एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि सराय चौकी पर तैनात महिला दरोगा रीता तेवतिया ने कुछ दिन पूर्व उसे चौकी बुलाया था और उससे कहा कि वह खाई बाड़ी का काम करें जो भी कमाई होगी उसमें से कुछ हिस्सा वह उसको दे देगी ताकि उसका घर चलता रहे। महिला दरोगा के कहने पर उसने खाई बाड़ी का काम शुरू कर दिया। इस दौरान महिला दरोगा ने उसको काम चलाने के लिए कुछ पैसे दिए और पूरी रकम अपने पास रख ली लेकिन 20 जून को महिला दरोगा ने उसे अपने पास बुलाया और उसे चौकी से थाने भेज दिया जहां से उसे स्मैक बेचने के आरोप में जेल भेज दिया गया। जेल से छूटने के बाद वह वापस लौटा और उसने महिला दरोगा से इसका कारण पूछा तो दरोगा ने उसे फिर से फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। तब आज दिव्यांग अफसर ने एसएसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की ।

महिला से हुई ऑनलाइन ठगी साइबर क्राइम सेल ने कराया धन वापस

बरेली। साईबर क्राइम सेल बरेली द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी पीड़ित के साईबर ठगों द्वारा ठगे गये रूपयों में से 1,99,497/-रूपये (एक लाख निन्यानबे हजार चार सौ सत्तानबे रूपये) की करायी गयी वापसी। आवेदिका सीमा कपूर निवासी पीलीभीत बाईपास इज्जतनगर बरेली ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, के कार्यालय में शिकायत दर्ज करायी कि उनके क्रेडिट कार्ड से किसी अज्ञात कॉलर द्वारा क्रेडिट कार्ड कस्टमर केयर बनकर कॉल की तथा उन्हें भ्रमित कर उनके क्रेडिट कार्ड व खाते से 2,20,707/- रूपये निकाल लिये थे। उपरोक्त शिकायत प्राप्त होने पर साईबर क्राइम सेल द्वारा प्रकरण का संज्ञान लेते हुये पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद बरेली के निर्देशन में तत्काल आवश्यक कार्यवाही की गयी । जिसके परिणाम स्वरूप आवेदिका सीमा कपूर की निकली धनराशि 2,20,707 रूपयें में से 1,99,497 रूपये वापस करवाये गये हैं। वापस करायी गयी धनराशि का विवरणः - 1,99,497/-रूपये (एक लाख निन्यानबे हजार चार सौ सत्तानबे रूपये) । साईबर क्राईम टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल सचिन कुमार, साइबर क्राईम , हेड कांस्टेबल अरूण कुमार, साइबर क्राईम , कांस्टेबल शिवम कुमार, साइबर क्राईम , कांस्टेबल श्याम सुन्दर, साइबर क्राईम , कांस्टेबल मनोज कुमार, साइबर क्राईम ने रुपये की वापसी कराई।

अधूरे कामों को गुणवत्ता व समयबद्धता से कराएं पूरा

- जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति : डीएम ने ली की मासिक समीक्षा बैठक, दिए निर्देश
- डीटीएफ सदस्य समय से पूरा करें निरीक्षण, बीएसए को सौंपे रिपोर्ट
- निघासन में सर्वाधिक स्मार्ट क्लास, निपुण विद्यालय बनाने पर बीईओ बृजेश त्रिपाठी की सराहना

संवाददाता। लखीमपुर खीरी।

शुक्रवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक लीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि डीटीएफके सदस्य सभी संबंधित अधिकारीगण अनिवार्य रूप से विद्यालयों के निरीक्षण को पूर्ण करते हुए अपनी अद्यतन आख्या बीएसए के जरिए उन्हें भिजवाए। बीडीओ.बीईओ आपसी समन्वय से कायाकल्प के अधूरे कामों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता से पूरा कराएं। डीएम ने निघासन विकास क्षेत्र में सर्वाधिक स्मार्ट क्लासेजए निपुण विद्यालय बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश त्रिपाठी की सराहना की। डीएम ने परिषदीय विद्यालयोंए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में निर्माणाधीन कामो की प्रगति की समीक्षा कीए कार्यदायी संस्था को जरूरी निर्देश दिए। अधूरे निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। यदि कहीं कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसे सीडीओ अथवा उनके संज्ञान में लाया जाए। जिन विद्यालयों में बाउंड्री वालए शौचालय का काम अधूरा है वहां बीईओ स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करते हुए युद्धस्तर पर गुणवत्तायुक्त काम को पूरा कराएं। बैठक में डीएम ने एसएमसी गठन सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोडिंग, केजीबीवी परिसर में एकेडमिक, छात्रावास निर्माण की प्रगति, डीबीटी मॉडल, स्कूल चलो अभियानए मिशन प्रेरणाए फेज.दोए निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरण, कक्षाओं को प्रेषित विभिन्न शैक्षिक सामग्री व शिक्षकों की दक्षता वृद्धि हेतु प्रशिक्षणए मेंटरिंग एवं प्रोग्राम प्रगति का प्रस्तुतीकरण, डीटीएफ डीटीएफ निरीक्षण, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, शिक्षक संकुल बैठक, दिव्यांग बच्चों की ट्रैकिंग, शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रगति संबंधी समर्थ प्रणाली का प्रस्तुतीकरण, मध्यान भोजन टास्क फोर्स, बा विद्यालय में स्टाफ उपस्थिति प्रतिशत की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी निर्देश दिए। बैठक में बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया कि आज की बैठक में जो भी निर्देश डीएम व सीडीओ द्वारा दिए गए हैं उनका उनके स्तर से या उनकी टीम द्वारा पूर्णतया अनुपालन किया जाएगा। बैठक में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, सभी खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

वरिष्ठ कलाकार, संगीतकार ज्योति लाल को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता। बरेली

कलाकार वेलफेयर ट्रस्ट के संरक्षक मंडल के सदस्य, बरेली के वरिष्ठ कलाकार, महान संगीतकार ज्योति लाल का निधन 20 जून को हो गया था।उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बरेली के अलावा अन्य जिलों और प्रान्तों के कलाकारो ने जानकी लान कटरा चांद खां में उपस्थित रहकर उनके पुराने संस्मरणों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर कैट विधायक प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने उनको पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार को सांत्वना दी , श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन उनकी दोनों सुपुत्री रिंकी लाल और आयुषी लाल के संयोजन से किया गया।।श्रद्धेय ज्योति लाल को श्रद्धांजलि अर्पित करने में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल कलाकार वेलफेयर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरीश कठेरिया एडवोकेट, सचिव अंकुर सक्सेना, उप सचिव मंजीत खन्नाए एडवोकेट षीरोज खान, डा0 सोहेल खान, राज मलिक, निषी मलिक, गिटारिस्ट पवन, कपिल बब्बू लहरी अजय चौहान, सुधीर पेट्रिक हरि सिंह बरदान, पार्षद अजय रत्नाकर छंगामल मौर्या, रामबहादुर मौर्य सूर्यकांत मौर्या जयदीप चौधरी कन्हैयालाल राजपूत तथा उनकी दोनों सुपुत्री रिंकी लाल और आयुषी लाल के साथ कलाकार परिवार,व परिजन एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

आचार्य विकास वर्ग का हुआ समापन

संवाददाता। सीतापुर

विद्या भारती द्वारा आयोजित सीतापुर संकुल के समस्त शिशु और विद्या मंदिर शिक्षकों का आचार्य विकास वर्ग शुक्रवार को समाप्त हो गया। सीतापुर के आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में 14 नगरीय विद्यालयों के 124 शिक्षकों सहित 14 प्रधानाचार्य शामिल हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अपनाने और उसके सफल क्रियान्वयन हेतु कार्य किए जाने का रहा। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में रामजी सिंह ने संबोधित किया, जबकि आनंदी देवी विद्यालय के प्रधानाचार्य राम निवास सिंह ने सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया। इसके अलावा कार्यक्रम को विद्या भारती के क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख राजेंद्र बाबू डायट प्रवक्ता अमित कुमार, अमित कुमार वर्मा, रश्मि सिरोही, स्नेहलता वर्मा, मनीषा, सीमा वर्मा, नरेंद्र कुमार ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख दिनेश कुमार सिंह ने संबोधित किया।

अल्संख्यक विभाग के कार्यक्रमों, योजनाओ का एसीएस ने किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग, उप्र की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग ने जनपद खीरी पहुंची, जहां उन्होंने अल्संख्यक विभाग से संबंधित संचालित प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना के तहत निर्माणाधीन राजकीय आईटीआई फूलबेहड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियन्ता ने 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना बताया। एसीएस ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए तथा परियोजना के लिए अवशेष धनराशि शीघ्र अवमुक्त करने के सम्बन्धित को निर्देश दिए, ताकि आईटीआई शीघ्र बनकर तैयार हो तथा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा शीघ्र उपलब्ध करायी जा सके। एसीएस ने निर्माणाधीन राजकीय आईटीआई बांकेगंज, धौरहरा एवं राजकीय पॉलिटेक्निक लखीमपुर में वर्कशाप को शीघ्र क्रियाशील कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को दिए जायें। पोर्टेबल वाटर सप्लाई के तहत तीन परियोजनाओं को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में शैक्षणिक हब योजनान्तर्गत निर्माणाधीन 02 माडल इण्टर कालेज, गरदहा व किरियारा को 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था सी एंड डीएस यूनिट 26 को दिए। एसीएस ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दफ्तर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में कार्यालय की साफ सफाई एवं व्यवस्थित अभिलेखों को संतोषजनक बताया। एसीएस मोनिका एस गर्ग से डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। निरीक्षण के समय एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बीरपाल उपस्थिति रहे।

राशन की दुकान का चयन फर्जी, ग्रामीणों ने की शिकायत

बरेली। फरीदपुर की ग्राम पंचायत सारीपुर के ग्रामीणों ने राशन की दुकान का चयन फर्जी तरीके से करने का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी गेट पर सूरजपाल , चंद्रभान वर्मा के नेतृत्व में गांव बालो ने प्रदर्शन किया और जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए ज्ञापन दिया ।फरीदपुर तहसील की ग्राम पंचायत सारीपुर के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर सचिव विजय शर्मा , ए डी ओ पर फर्जी तरीके से राशन की दुकान का चयन करने का आरोप लगाया है , ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में बताया एडीओ पंचायत व सचिव ने ग्राम वासियों को सूचना दिए बगैर ही फर्जीवाड़ा कर राशन की दुकान का चयन कर दिया। बताया जिस समय चयन प्रक्रिया गांव के स्कूल में चल रही थी , उस समय अपने पक्ष के लोगों को अंदर कर गेट बंद कर दिया, जिससे कोई दूसरा मैदान में न आ सके। उन्होंने जिला अधिकारी से मांग की, खुली बैठक में निष्पक्ष तरीके से दोबारा चयन किया जाए जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

फांसी पर लटका मिला किशोरी का शव, हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता। बरेली

रिश्तेदार के घर से वापस लौटे माता पिता को बेटी का शव घर में फांसी पर लटका मिला पिता ने अपने छोटे भाई उसकी पत्नी और मां पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी । भुता थाना क्षेत्र के गांव देवल बसंतपुर

बांदा में दर्दनाक हादसा, खड़े ट्रक में घुसी बोलेरो, 7 लोगों की मौत

संवाददाता। बांदा

जिले में गुरुवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल लोग गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान दो की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर बांदा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल भी अस्पताल पहुंचीं और घायल का हाल जाना।

दरअसल, यह दर्दनाक हादसा बबेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा-कमासिन रोड पर हुआ। गुरुवार देर रात एक बोलेरो गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर की तेज आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को देकर घायलों को बोलेरो से निकालने के प्रयास किया, लेकिन टक्कर के बाद गाड़ी इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी कि एक भी घायल को बाहर नहीं निकाला जा सका।

घटनास्थल पहुंची पुलिस ने कटर के गाड़ी के गेट काटकर घायलों को बाहर निकाला और आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सात को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक का इलाज चल रहा है।

अपर निदेशक ने इग्नू परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के अपर निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्र ने गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अध्ययन केन्द्र में चल रही परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। शुक्रवार को इग्नू के अध्ययन केन्द्र में परीक्षा की शुचिता पर डॉ मिश्र ने खुशी जताई। दो सत्रों में परीक्षा में प्रथम सत्र में नौ परीक्षार्थी, दूसरे सत्र में 27 परीक्षार्थी थे। डॉ मिश्र ने गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक, सह समन्वयक व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी के साथ दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली की बाबत चर्चा की। वर्तमान में तीन सौ से अधिक पाठ्यक्रम इग्नू चला रहा है। इनमें डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स, स्नातक एवं परास्नातक डिग्री तथा परास्नातक डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। डॉ मिश्रा ने बताया कि इग्नू की प्रवेश नीति जब चाहो तब प्रवेश पाओ के तहत दो प्रवेश सत्रों जनवरी एवं जुलाई में छात्र कभी भी प्रवेश ले सकते हैं।

पर्यटन विकास को रफ्तार देगा चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे

संवाददाता। चित्रकूट

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से चित्रकूट के रामघाट को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेस-वे का प्री-फिजिबिलिटी अध्ययन पूरा हो चुका है। लिंक एक्सप्रेस-वे एमपी बार्डर से न जुड़कर रामघाट तक बनेगा। पहले 25 किलोमीटर लिंक एक्सप्रेस-वे बनाए जाने की योजना थी। अब 15 किलोमीटर लंबा बनाए जाने पर सहमति बनी है।

बुंदेलखंड की सीमाएं पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से जुड़ी हैं। व्यापार और आवागमन के लिए अंतरराज्यीय मार्ग हैं। दोनों राज्य की सीमाएं एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेस-वे बनाए जाने की योजना

● बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के लिंक से जुड़ेगा चित्रकूट का रामघाट

● 15 किलोमीटर लंबा बनाए जाने पर बनी है सहमति

बनाई गई। एक लिंक एक्सप्रेस-वे झांसी और दूसरा चित्रकूट में प्रस्तावित किया गया। जोकि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे जुड़े होंगे। यूपीडा (उप्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण) ने इसके लिए प्री-फिजिबिलिटी अध्ययन कराया। स्कोप ऑफ वर्क अर्थात कहां-कहां पर कौन-कौन से स्ट्रक्चर बनेंगे और खर्च आएगा, यह कार्य पूरा हो चुका है। यूपीडा पैकेज वन के एई एसके यादव ने बताया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे पहले एमपी बार्डर तक बनाए जाने की योजना थी। प्री-फिजिबिलिटी अध्ययन के बाद मार्ग फाइनल किया गया है। रामघाट तक बनाए जाने पर सहमति बनी है। पहले दूरी 25 किलोमीटर थी। अब 15 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस-वे बनेगा। लिंक एक्सप्रेस वे के माध्यम से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को मंदाकिनी के रामघाट तक लाने के प्रस्ताव के स्वीकृत होने से पर्यटकों का चित्रकूट आवागमन और भी सुगम हो जायेगा।

बारिश से तीर्थ राजापुर के जनमानस में हाहाकार

राजापुर, चित्रकूट। राजापुर कस्बे में मानसून की पहली दस्तक पर मन्दिर, विद्यालय व थाना परिसर में लबालब पानी भर जाने के कारण लोगों को आने जाने व पूजा पाठ करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजापुर में जल निकासी की भयंकर समस्याओं के कारण मानसून की पहली बरसात में ही कस्बे के कर्वी बाईपास स्थित एक हनुमान मन्दिर, कम्पोजिट विद्यालय तथा थाना परिसर में लबालब पानी भर जाने के कारण थाने में आने वाले फरियादियों, मन्दिर में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उधर 3 जुलाई से बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों को खोलने के आदेश हुए हैं लेकिन जलभराव के चलते विद्यालय में छात्र छात्राओं के पठन पाठन में भारी कठिनाइयां होंगी। वहीं कस्बे के व्यापारियों का कहना है कि तुलसी चौक से लेकर वार्ड नं 4 कारखाना में निर्मित नाली जो सरांय तलैया चौराहे के पास होकर तालाब में पूरा पानी जाता था लेकिन कुछ लोगों के द्वारा नाली में अतिक्रमण कर लेने के कारण पूरा बरसात का पानी वार्ड नं12 की नालियों से होकर वार्ड नं9 नन्दू केशरवानी के मकान के बगल से बने हुए नाले से पूरे पानी की निकासी होती थी लेकिन नाला बन्द हो जाने के कारण शिक्षक पुरम सहित वार्ड नं9 व 12 की सड़कों में बरसात का पानी लबालब भर जाता है।

सट्टे की खाई बाड़ी करते दो सटोरिये किए गए गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। सट्टे की खाई बाड़ी करते दो सटोरिया गिरफ्तार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 182050 रुपया व लेपटॉप ,5 मोबाइल बरामद कर सट्टा की खाई बाड़ी करते हुए दो सटोरियों को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मय नकदी व कई उपकरणों के साथ उनके घर से गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि थाना मऊ दरवाजा पुलिस, एस ओ जी टीम ने सयुक्त रूप से मोहगा हाता रोशन खा में छापा मारा और आकाश वर्मा पुत्र स्व सुरेश वर्मा व सनी वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा को गिरफ्तार किया ,उनके पास से 182050 रूपये, 31अदद सट्टा पर्ची, एक अदद लेपटॉप, 5 मोबाइल, एक कीबोर्ड, एक केलकुलेटर,दो कार्बन पीस,दो लिखे पैड, दो पेन को बरामद किया। दोनो पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम में दोनों का चालान करके जेल भेज दिया गया।

बीडीओ ने गांव में जन चौपाल लगा ग्रामीणों से जानी हकीकत, किया समस्याओं का निस्तारण

संवाददाता। कुठौंद, जालौन

शुक्रवार को ग्राम पंचायत नोरैजपुर में प्रशासन चला गांव की ओर अमृत महोत्सव के तहत खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने जन चौपाल में आये ग्रामीणों से गांव में कराये गये विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानी साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण भी कराया। जन चौपाल में आये ग्रामीणों को संबोधित करते हुये बीडीओ ने कहा कि गांव स्तर पर जन चौपाल का आयोजन कराने के पीछे शासन की मुख्य मंशा है कि गांव में कराये जाने वाले विकास कार्यों के बारे में ग्रामीणों की भी राय ली जाये। जन चौपाल में उन्होंने शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी साथ ही उनका लाभ उठाने की भी बात की। उन्होंने कहा कि निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन दिव्यांग पेंशन, परिवार रजिस्टर की नकल पंचायत सहायक के द्वारा ग्राम सभा पर ऑनलाइन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाना सुनिश्चित किया गया। जन चौपाल में आयी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में छोटे-छोटे समूहों को जोड़कर समूह सखी के द्वारा डिजिटल लेनदेन के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिये प्रेरित किया। बीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी मुजाहिद खान को निर्देशित किया गया कि वह ग्राम सभा में जो भूमि पड़ी है उसे लेखपाल, कानूनगो से नक्शा तैयार कर ग्राम सभा स्तर पर कई विकास कार्यों को कराया जा सकता है जिसमें सरकारी इमारत एवं रास्ते बनवाए जा सकते हैं। जन चौपाल में प्रधान प्रतिनिधि अवधेश वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी मुजाहिद खान ने शिकायतों का तुरंत निस्तारण करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिया।

क्विक न्यूज

भतीजी से दुराचार में आरोपी फूफा को आजीवन कारावास

हमीरपुर। चार वर्ष पहले मौदहा क्षेत्र में नाबालिग भतीजी के साथ फूफा द्वारा दुष्कर्म करने के आरोप में शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास व पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार मौदहा क्षेत्र के एक गांव में दस साल की किशोरी अपनी मां की मौत के बाद बुआ के घर में रह रही थी। फूफा ने मासूम बच्ची को कई बार हवस का शिकार बनाया। स्कूल में बच्ची को गुमशुम हालत मे देख उससे पूछा तो उसने सब कुछ सच सच बता दिया। विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो एक्ट) रुद्रप्रताप सिंह ने बताया कि घटना के बाद किशोरी की बड़ी बहन ने मौदहा कोतवाली में फूफा रामस्वरूप के खिलाफ पुलिस ने 13 सितंबर को विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी।

दो सीएचओ को शासन ने किया सम्मानित

हमीरपुर। शासन ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जनपद में नियुक्त दो कम्युनिटी हेल्थ आफीसर (सीएचओ) को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इनके द्वारा टेलीमेडिसन सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर सम्मानित किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.रामअवतार ने बताया कि सीएचओ के द्वारा उपकेंद्रों में विभिन्न प्रकार की जांचें की जाती हैं। जिसमें मौदहा ब्लाक के उपकेंद्र पढ़ोहरी में नियुक्त सीएचओ स्मृति देवी व मुस्करा ब्लाक के मोराकांदर गांव स्थित उपकेंद्र में नियुक्त सीएचओ स्वाती सचान को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। उन्होंने बताया कि टेली मेडिसन सेवाएं प्रदान करने में इनका उत्कृष्ट योगदान रहा है। उत्तर प्रदेश में कुछ ही सीएचओ का नाम चिन्हित करके उनको स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थसेन सारथी ने शुभकामनाएं व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है।

महिला को मारपीट कर किया घायल, पुलिस ने की कार्रवाई

राठ, हमीरपुर। जमीन के बंटवारे को लेकर घर में काम कर रही बहू को जेठ ने लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। पत्नी को बचाने आए छोटे भाई को लाइसेंसी दोनाली बंदूक से फायर कर बटमार कर घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिये झांसी रिफर कर दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एक बाइक, मोबाइल व लाइसेंसी दोनाली बंदूक बरामद कर ली है। कोतवाल भरत कुमार ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट व फायरिंग हुई है।

जिला जज समेत डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

फतेहपुर। जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी श्रुति, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। कारागार अस्पताल के वार्ड में भर्ती बंदियों से समस्या के बारे पूछा गया। जिसमें किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। अस्पताल में सफाई व्यवस्था सही पायी गई तत्पश्चात महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। महिला बंदियों से समस्या के बारे में पूछा गया। पाकशाला में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सही पाई गई। कारागार में पूर्व में कराई गई प्रतियोगिता परीक्षा पे चर्चा में अपने विचार साझा करने वाले बंदी सूरज सिंह पुत्र राम नरेश तथा प्यारेलाल पुत्र रघुनन्दन को प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रमाण पत्र का वितरण आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया।

101 एंड्रायड मोबाइल बरामद कर स्वामियों को सौंपे

फतेहपुर। जिले में विभिन्न स्थानों से खोये एक सौ एक मोबाइलों को सर्विलांस टीम ने बरामद कर लिया। जिन्हें पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में असली स्वामियों को सौंपने का काम किया। अपने खोये मोबाइल हाथ में पाकर सभी ने पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा की। एसपी ने बरामदगी करने वाली सर्विलांस टीम को पंद्रह हजार का ईनाम दिया। पुलिस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिले के कई स्थानों से खोये मोबाइलों को बरामद करने के लिए जिले की सर्विलांस टीम लगी हुई थी। टीम को कामयाबी मिली और 19 लाख 18 हजार 98 रूपये के मोबाइल बरामद कर लिये।

तीन माह पूर्व किसान के घर हुई चोरी का सीओ ने किया खुलासा, चार गिरफ्तार

संवाददाता। जालौन, उरई

तीन माह पूर्व किसान के घर हुई चोरी के मामले का सीओ ने खुलासा किया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सफेद व पीली धातु के जेवर समेत 20 हजार रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने चोरी की एक बाइक समेत तीन तमंचा व तीन कारतूस भी आरोपियों के पास से बरामद किए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी किसान रोहित सेंगर के घर में 26 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 86 हजार रुपये नगर समेत सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। जिसकी रिपोर्ट किसान ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। वहीं, भिटारा निवासी रंजीत सिंह की बाइक बीती नौ जून को चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी।

उक्त मामलों का खुलासा करते हुए सीओ रविंद्र गौतम ने बताया कि कोतवाल समीर सिंह को सूचना मिली कि उक्त मामले में आरोपी औरैया रोड पर प्रतापपुरा मोड़ के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई सर्वेश कुमार व अतुल कुमार को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके से रमन कुमार पुत्र रामकिशन निवासी सैननाये गोपालपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, सत्यम पुत्र मोहनलाल निवासी गिनोली थाना अछल्दा जनपद औरैया, वीरेंद्र वर्मा उर्फ डागर व उमाशंकर उर्फ कल्लू उर्फ टाइगर को पकड़ लिया। जबकि बीपी निवासी ग्राम पुरवा थाना रसूलाबाद व सद्दाम हुसैन निवासी ग्राम निभू थाना रसूलाबाद मौके से भाग निकले।

जल जीवन मिशन पर जागरूकता के लिए ग्राम पंचायतों को टीमें रवाना

फतेहपुर। जल जीवन मिशन की जागरूकता हेतु विकास खण्ड तेलियानी से ग्राम पंचायतों के लिए टीमें रवाना की गई। टीमों को मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अभिषेक त्रिवेदी और वीडीओ डा. विनय कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। श्री त्रिवेदी ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जन जागरूकता से ही प्रधानमंत्री और मुख्य मंत्री की स्वपनिल योजना पूर्ण रूप से साकार हो सकेगी।

बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाला पास्को एक्ट में गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। राजेपुर थाना पुलिस ने एक छह वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार करने वाले एक दुष्कर्मी को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि राजेपुर थाना क्षेत्र में बुधवार रात्रि करीब 8: 30 एक गांव में बारात आई हुई थी। जिसे देखने के लिए गांव के पड़ोसी घर की एक छह वर्षीय बालिका गई हुई थी और रात करीब 10:30 बजे तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। इस दौरान बालिका के पिता ने गांव के एक मंदिर की ओर से अपनी पुत्री से मिट्टी से सने हुए कपड़ों के साथ आते देखा और उससे पूरी जानकारी की। उन्होंने बताया कि बालिका ने अपने परिवारी जनों को गांव के एक युवक द्वारा कंधे पर खेतों की ओर ले जाया गया और गलत काम किया गया की जानकारी दी। इस बालिका को फोटो दिखाए जाने पर उसने दुष्कर्मी युवक का नाम मगू बताया। इधर घटना की सूचना मिलते ही राजेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की।

पेज एक का शेष

मणिपुरः इस्तीफा...

एक और व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जिससे घटना में जान गंवाने वालों लोगों की कुल संख्या शुक्रवार को बढ़कर तीन हो गई। हथियारों से लैस दंगाइयों ने बृहस्पतिवार को हरओठेल गांव में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की थी। सेना ने कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों ने स्थिति से निपटने के लिए उचित तरीके से जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार को मारे गए दो दंगाई जिस समुदाय के थे, उसके सदस्यों ने उनके शव के साथ यहां मुख्यमंत्री सिंह के आवास तक जुलूस निकालने की कोशिश की। अधिकारियों के मुताबिक, महिलाओं के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के आवास की तरफ बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती भी दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारी पुलिस की आवाजाही को बाधित करने के लिए सड़क के बीच में टायर जलाते हुए भी देखे गए। अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षाकर्मियों ने जब प्रदर्शनकारियों को सिंह के आवास तक मार्च करने से रोका, तो वे हिंसक हो गए, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा। गौरतलब है कि मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के बीच मई की शुरुआत में भड़की जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और यह मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहती है। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और यह मुख्यत: पर्वतीय जिलों में रहती है।

राहुल ने...

करने के लिए मैं हर संभव मदद करूंगा। गांधी ने कहा, मैं मणिपुर के लोगों का दर्द साझा करता हूं। यह एक भयानक त्रासदी है। यह मणिपुर और देश के लोगों के लिए बेहद दुखद और दर्दनाक है। उन्होंने इंफाल, चुराचांदपुर और मोइरांग में विभिन्न राहत शिविरों के अपने दौरों और सभी समुदायों के लोगों के साथ अपनी बैठकों के बारे में बताया। गांधी ने पत्रकारों से कहा, एक बात जो मैं सरकार से कहना चाहूंगा, वह यह है कि शिविरों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार की जरूरत है। भोजन में सुधार की जरूरत है। दवाओं की आपूर्ति की जानी चाहिए। शिविरों से इस संबंध में शिकायतें आई हैं। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने शुक्रवार को नागरिक समाज संगठन के सदस्यों से मुलाकात की और उनकी परेशानियां सुनीं। गांधी ने नागरिक समाज संगठन कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (सीओसीओएमआई), मणिपुर में नागा समुदाय की शीर्ष संस्था यूनाइटेड नागा काउंसिल , शेड्यूल्ड ट्राइब डिमांड कमेटी के प्रतिनिधियों और जेएनयू के प्रोफेसर बिमोल ए. सहित प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की। कांग्रेस नेता ने सुबह मोइरांग शहर में दो राहत शिविरों में जाकर प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी व्यथा सुनी थी। गांधी सुबह इंफाल से हेलीकॉप्टर में सवार होकर मोइरांग पहुंचे थे। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि मोइरांग शहर के जिन दो शिविरों का गांधी ने दौरा किया, वहां लगभग 1000 लोग रह रहे हैं। राहुल गांधी के साथ मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह, पार्टी महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल, कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र सिंह और पूर्व सांसद अजय कुमार थे। मोइरांग में आईएनए (आजाद हिन्द फौज) ने 1944 में भारतीय तिरंगा फहराया था। कुमार ने कहा, हमने मोइरांग का दौरा किया और दो राहत शिविरों में गए। राहत शिविरों के लोगों से मिलने के बाद, हम नेताजी स्मारक गए जहां राहुल गांधी ने पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी ने बृहस्पतिवार को चुराचांदपुर में राहत शिविरों का दौरा किया था, जो जातीय दंगों से सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में से एक है। जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर के चुराचांदपुर में राहत शिविरों के गांधी के दौरे को लेकर बृहस्पतिवार को उस वक्त नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला, जब कांग्रेस नेता के काफिले को पुलिस ने बीच रास्ते में ही रोक दिया था और उन्हें अपने गंतव्य तक हेलीकॉप्टर से जाना पड़ा। कांग्रेस नेता स्थानीय समुदायों को सांत्वना देने के लिए मणिपुर की दो दिवसीय यात्रा पर हैं।

मानसून सत्र...

कीमत पर पश्चिम बंगाल से एक अतिरिक्त सीट जीतने की आस है। संसदीय स्थायी समिति ने यूसीसी के मुद्दे पर हितधारकों से विचार-विमर्श करने के लिए विधि आयोग और कानून मंत्रालय के प्रतिनिधियों को 3 जुलाई को बुलाया है। बीते मंगलवार शाम तक विधि आयोग को अपने सार्वजनिक नोटिस पर लगभग 8.5 लाख प्रतिक्रियाएं मिली थीं। भारत के संविधान में अनुच्छेद 44 के तहत यूसीसी का प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। अनुच्छेद 44 राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत के अंतर्गत है, जो गैर-न्यायसंगत है। विशेष यह कि अरविंद केजरीवाल की आप को छोड़कर अधिकांश विपक्षी दलों ने यूसीसी को लोकसभा चुनावों से पहले मोदी-सरकार द्वारा आम जनता से जुड़े मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने वाली रणनीति बताते हुए इसका विरोध किया है।

उत्तराखंड में...

सभी प्रकार की राय और चुनिंदा देशों के वैधानिक ढांचे सहित विभिन्न विधानों एवं असंहिताबद्ध कानूनों को ध्यान में रखते हुए मसौदा तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, समिति ने उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित विभिन्न पारंपरिक प्रथाओं की बारीकियों को समझने की कोशिश की है। देसाई ने राजधानी दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे आपको यह जानकारी देते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है कि उत्तराखंड के लिए प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार हो गया है। उन्होंने कहा, प्रारूप संहिता के साथ समिति की रिपोर्ट जल्द ही प्रकाशित की जाएगी और उत्तराखंड सरकार को सौंप दी जाएगी। उत्तराखंड सरकार ने पिछले साल मई में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया था। इस समिति का गठन उत्तराखंड के निवासियों के व्यक्तिगत दीवानी मामलों से जुड़े विभिन्न मौजूद कानूनों पर गौर करने और विवाह, तलाक, संपत्ति के अधिकार, उत्तराधिकार, विरासत, गोद लेने और रखरखाव जैसे विषयों पर मसौदा कानून या कानून तैयार करने या मौजूदा कानूनों में बदलाव का सुझाव देने के लिए किया गया था। इस संबंध में एक अधिसूचना 27 मई 2022 को जारी की गई थी। देसाई ने सवालों का जवाब देते हुए यूसीसी के मसौदे या समिति की रिपोर्ट का विवरण साझा करने से इनकार कर दिया और कहा कि इसे पहले राज्य सरकार को सौंपना होगा। उन्होंने कहा, हमारा जोर महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए लैंगिक समानता सुनिश्चित करना है। हमने भेदभाव को खत्म कर सभी को एक समान स्तर पर लाने का प्रयास किया है। देसाई ने कहा कि समिति ने मुस्लिम देशों सहित विभिन्न देशों में मौजूदा कानूनों का अध्ययन किया है लेकिन उनके नाम साझा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, हमने विधि आयोग की रिपोर्ट का भी अध्ययन किया है। यदि आप हमारा मसौदा पढ़ेंगे तो आपको लगेगा कि समिति ने हर चीज पर विचार किया है।

सड़क पर...

संबंधी कोई संकेतक लगाया। जॉय तिर्की ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ऑटो चालक को गड्ढे की गहराई का एहसास नहीं हुआ और उसने उस पर गाड़ी चलाने की कोशिश की, जिससे वह इस गड्ढे में डूब गया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि ऑटोरिक्शा गड्ढे में फंसा हुआ पाया गया और चालक का शव वाहन के अगले पहिए में फंसा था। दूसरी ओर बारिश से दिल्ली के विभन्न इलाकों में जलजमाव हो गया। दिल्ली सचिवालय में भी टखने तक पानी भर गया। माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर लोगों ने सचिवालय का वीडियो साझा किया जिसमें लोग हाथों में जूते लेकर चलते दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली की यातायात पुलिस ने ट्विटर के जरिए लोगों को जलभराव वाले मार्गों के बारे में जानकारी दी और उनसे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने का आग्रह किया। जलभराव से साउथ एक्सटेंशन, सराय काले खां, लाजपत नगर, आईटीओ, हर्ष विहार, मध्य और बाहरी दिल्ली के कुछ हिस्सों, महरौली-बदरपुर रोड के अलावा गीता कॉलोनी और अक्षरधाम मंदिर के बीच यातायात प्रभावित हुआ।

भारतीय विवि...

विश्वविद्यालय भी इस आंदोलन का एक बड़ा केंद्र था। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालय के अब तक के सफर पर आधारित एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। डीयू के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री ने लोक कल्याण मार्ग स्टेशन से विश्वविद्यालय स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया। इस दौरान प्रधानमंत्री को यात्रियों से संवाद करते देखा गया। दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना एक मई 1922 को हुई थी। पिछले 100 वर्षों में विश्वविद्यालय का काफी विस्तार हुआ है और अब इसमें 90 कॉलेज और 86 विभाग हैं। अब तब छह लाख से अधिक विद्यार्थी दिल्ली विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त कर चुके हैं।

पुतिन-मोदी...

करने के प्रयास जारी रखने पर सहमत हुए। क्रेमलिन प्रेस सेवा ने कहा, बातचीत का स्वरूप सार्थक एवं रचनात्मक रहा। नेताओं ने रूस और भारत के बीच विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए आपसी प्रतिबद्धता दोहराई और संपर्क जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। इसने कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी को कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को सुलझाने से यूक्रेन के स्पष्ट इनकार के बारे में सूचित किया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के बयान के हवाले से कहा, दोनों नेताओं ने यूक्रेन से संबंधित स्थिति पर चर्चा की। रूसी राष्ट्रपति ने विशेष सैन्य अभियान क्षेत्र में वर्तमान स्थिति का जिक्र किया, जो संघर्ष को हल करने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक कदम उठाने से कीव के स्पष्ट इनकार की ओर इशारा करता है। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मुद्दे के समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति का अपना आह्वान दोहराया। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति एवं बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। इस बीच, बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को मॉस्को का शानदार मित्र बताया और कहा कि मोदी के मेक इन इंडिया अभियान का भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में प्रभावशाली असर पड़ा है। पुतिन ने रूस की एजेंसी फॉर स्ट्रैटेजिक इनीशिएटिव्स (एएसआई) की ओर से मॉस्को में आयोजित एक सम्मेलन में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, भारत में हमारे दोस्तों और हमारे शानदार मित्र, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई साल पहले मेक इन इंडिया पहल शुरू की थी। इसने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में बेहद प्रभावशाली असर डाला है। जो चीज अच्छा काम कर रही है, उसका अनुकरण करने में कोई बुराई नहीं है, भले ही उसकी शुरुआत हमने नहीं, बल्कि हमारे दोस्तों ने की हो।

सुरा प्रेमी...

हुए पाया जाता है, तो हम उस पर उत्पाद शुल्क अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत मामला दर्ज कर सकते हैं।

फ्रांस में किशोर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

● 875 लोग गिरफ्तार, 200 पुलिस अधिकारी घायल

भाषा। नैनटेरेपेरिस (फ्रांस)

फ्रांस की राजधानी पेरिस में पुलिस द्वारा एक किशोर को गोली मारे जाने की घटना के बाद यहां लगातार तीसरे दिन लोगों ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अवरोधक लगाकर सड़कों को अवरूद्ध कर दिया, आगजनी की और पुलिसकर्मियों पर पटाखे फेंके। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें डाली। इस सिलसिले में 875 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प की घटनाओं में 200 पुलिस अधिकारी घायल हो गए। गौरतलब है कि मंगलवार को यातायात जांच के दौरान 17 वर्षीय नाहेल की हत्या का वीडियो भी सामने आया है। इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है और लोग काफी आक्रोशित हैं। इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को माता-पिता से किशोरों को घर पर रखने का आग्रह किया और पूरे फ्रांस में फैल रहे दंगों को रोकने के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा। वरिष्ठ मंत्रियों के साथ दूसरी आपात बैठक के बाद, मैक्रों ने कहा कि स्नैपचैट और टिकटॉक जैसे सोशल मीडिया मंचों ने इस सप्ताह हिंसा की गतिविधियों को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सबसे संवेदनशील सामग्री को हटाने के लिए प्रक्रिया स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ काम करेगी। इस घटना के बाद फ्रांस में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़क उठे और जगह-जगह आगजनी की घटनाएं हुईं तथा विरोध प्रदर्शन तीसरी रात भी जारी रहा। फ्रांस की राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने कहा कि हिरासत में लिए गए 875 लोगों में से लगभग आधे पेरिस क्षेत्र से हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने उपनगर क्लिची-सूस-बोइस के सिटी हॉल में आग लगा दी और ऑबर्विलियर्स में एक बस डिपो को आग के हवाले कर दिया। उन्होंने बताया कि पेरिस के कई इलाकों में लोगों के समूहों ने सुरक्षा बलों पर पटाखे फेंके। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि शहर के 12वें प्रांत के पुलिस थाने पर हमला किया गया, जबकि रिवोली स्ट्रीट, लौवर संग्रहालय के निकट और मध्य पेरिस के सबसे बड़े शॉपिंग मॉल फोरम डेस हॉलेस में कुछ दुकानें लूट ली गईं। उन्होंने बताया कि कि भूमध्यसागरीय बंदरगाह शहर मार्सिले में, पुलिस ने शहर के मध्य में हिंसक समूहों को तितर-बितर करने की कोशिश की। पेरिस पुलिस मुख्यालय के अनुसार विरोध प्रदर्शनों को नियंत्रित करने लिए लगभग 40,000 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, लगभग 200 पुलिस अधिकारी घायल हुए। इस बीच गृह मंत्री गेराल्ड डारमनिन ने शुक्रवार को हिंसा की घटनाओं की निंदा की। नाहेल की मां मौनिया एम ने फ्रांस 5 टेलीविजन को बताया कि वह उस पुलिस अधिकारी से बहुत अधिक गुस्सा हैं जिसने उनके इकलौते बच्चे को मार डाला। उन्होंने कहा, मेरे बेटे को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक लेकर हमारे बच्चों पर गोली नहीं चला सकता, हमारे बच्चों की जान नहीं ले सकता।

ब्रिटेनः पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस के सहयोगी ने सुनक मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया

लंदन। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के करीबी सहयोगी और ब्रिटेन के पर्यावरण मंत्री लॉर्ड जैक गोल्डस्मिथ ने मौजूदा ऋषि सुनक सरकार पर जलवायु मुद्दों के प्रति उदासीन रहने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गोल्डस्मिथ ने कहा कि प्रधानमंत्री सुनक की पर्यावरण के प्रति रुचि नहीं है। सोशल मीडिया पर जारी त्यागपत्र में उन्होंने लिखा है, हमारे सामने आई सबसे बड़ी चुनौती के प्रति इस सरकार की उदासीनता के कारण अपनी वर्तमान भूमिका को जारी रखने में मैं असमर्थ हूं। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से ब्रिटेन ने विश्व मंच से कदम खींच लिए हैं और जलवायु एवं प्रकृति पर अपना नेतृत्व वापस ले लिया। गोल्डस्मिथ, सुनक और जॉनसन, तीनों ही सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य हैं। गोल्डस्मिथ (48) लंबे समय से एक प्रकृति संरक्षणवादी हैं, जिन्हें जॉनसन ने इस्तीफा देने से करीब एक साल पहले संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स में नियुक्त किया था।

क्विक न्यूज

समलैंगिकों के विवाह के लिए वेबसाइट बनाने से इनकार करने का डिजाइनर को अधिकारःअमेरिकी न्यायालय

वाशिंगटन। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक फैसला सुनाते हुए कहा कि शादी की वेबसाइट डिजाइन करने की इच्छा रखने वाली ईसाई ग्राफिक डिजाइनर समलैंगिक जोड़ो के साथ काम करने से इनकार भी कर सकती है। न्यायालय के बहुमत वाले इस फैसले को समलैंगिक अधिकारो की दृष्टि से बड़ी हार के रूप मे देखा जा रहा है। यौन-रुझान, नस्ल, लिंग और अन्य विशेषताओ के आधार पर भेदभाव करने पर रोक लगाने वाले कोलोराडो कानून के बावजूद शीर्ष अदालत ने महिला डिजाइनर लॉरी स्मिथ के पक्ष मे 6-3 से बहुमत का फैसला सुनाया। स्मिथ की दलील थी कि कानून उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकारो का उल्लंघन करता है। स्मिथ के विरोधियो ने चेतावनी दी थी कि उनकी जीत से व्यवसायो के आधार पर भेदभाव करने का मौका मिलेगा और बहुत सारे लोग अश्वेत, यहूदी या मुस्लिम ग्राहको, अंतरजातीय या अंतरधार्मिक जोड़ो या प्रवासियो को सेवा देने से इनकार कर देगे। वही, स्मिथ और उनके समर्थको ने कहा था कि उनके खिलाफ फैसला कलाकारो, चित्रकारो और छायाकारो से लेकर लेखको एवं संगीतकारो तक को वैसा काम करने के लिए मजबूर करेगा, जो उनकी मान्यताओ के खिलाफ है। यह निर्णय धार्मिक अधिकारो की जीत है और हाल के वर्षो मे उन मामलो की शृंखला मे से एक है, जिसमे न्यायाधीशो ने धार्मिक वादी का पक्ष लिया है। यह निर्णय समलैंगिक अधिकारो पर अदालत के भी पीछे हटने को प्रदर्शित करता है। अदालत ने हालांकि समलैंगिक अधिकारो का विस्तार किया है, फिर भी, इसने यह कहने मे सावधानी बरती है कि अलग-अलग धार्मिक मान्यताओ वाले लोगो का सम्मान किया जाना चाहिए। अधिकांश अन्य राज्यो की तरह, कोलोराडो मे भी एक कानून है जो जनता के लिए खुले व्यवसायो को ग्राहको के साथ भेदभाव करने से रोकता है।

दुबई भारतीयों के लिए बनी पसंदीदा जगह

दुबई। परिवार के साथ यादगार छुट्टियां बिताने की बात हो तो दुबई एक बेहतरीन गंतव्य है, जो अपने अनूठे अनुभवों के साथ हर उम्र के लोगों को लुभाता है। सीधी उड़ानों की कनेक्टिविटी और आसान वीजा प्रक्रिया के चलते दुबई भारतीय पर्यटकों के लिए आकर्षक गंतव्य बन गया है, जहां वे अपने परिवार के साथ लम्बी और यादगार छुट्टियां बिता सकते हैं। दुबई के कुछ ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों हैं जो आपके शॉर्ट-स्टे फैमिली वेकेशन को हमेशा के लिए यादगार बना देंगे। एक्वावेंचर दुनिया का सबसे बड़ा वॉटरपार्क है। यहां 105 से अधिक स्लाइड्स तथा अनूठे आकर्षण एवं अनुभव हैं। रेजिंग रैपिड्स से लेकर टॉवर ऑफ पॉडेडॉन और लीप ऑफ फेथ तक, आप अपने परिवार के साथ रोमांचक राईड्स का आनंद उठा सकते हैं, इनसे आपका मन कभी नहीं भरेगा। पार्क में 1 किलोमीटर का प्राइवेट बीच है, जहां मेहमान रिलेक्स कर सकते हैं, और दुबई के शानदार नगारों का आनंद उठाते हुए सनबाथ ले सकते हैं। ग्रीन प्लेनेट एक अनूठा ''बायो-डोम'' है, जहां ट्रॉपिकल रेनफॉरेस्ट एनवायरमेन्ट में 3000 से अधिक पौधे और जानवर हैं। यहां पक्षियों, रेप्टाइल्स और मछलियों की कई किस्में पाई जाती हैं, जिन्हें ओपन हेबिटेट में रखा जाता है, यह स्थान प्राकृतिक प्रतीत होता है। जहां बच्चें को पौधों एवं जानवरों के बारे में बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है, यहां तक कि वे लुप्तप्रायः प्रजातियों के बारे में भी जान सकते हैं। म्युयिम ऑफ द फयूचर को आर्कीटेक्चर का वंडर कहा जा सकता है, जहां आप अपने परिवार के साथ आधुनिक एवं भावी विचारधाराओं का अनुभव पा सकते हैं। म्युजियम का इंटरैक्टिव माहौल टेक्नोलॉजी एवं सस्टेनेबिलिटी की आधुनिक प्रगति पर रोशनी डालता है, जिसमें वर्चुअल रिएल्टी के अनुभव एवं शानदार डिस्प्ले शामिल हैं। लेगोलैण्ड होटल उन परिवारों के लिए अच्छा विकल्प है, जो दुबई में लम्बी छुट्टी के लिए गए हैं। होटल में 250 थीम रूम और स्यूट्स हैं, जो वाइब्रेन्ट लेगो डेकोर पर आधारित हैं। होटल में डाइनिंग के कई तरह के विकल्प, एक लेगो प्ले एरिया, डेली लेगो बिल्डिंग एक्टीविटी? और एक आउटडोर पूल भी है। इसके साथ आप थीम पार्क और वाटरपार्क का आसान एक्सेस भी पा सकते हैं, तो निश्चित रूप से यहां आपके परिवार को लुभाने के लिए ढेरों गतिविधियां हैं। वाइल्ड पेंट हाउस दुबई में लम्बी छुट्टियां बिताने का अनूठा और रोमांचक तरीका है। स्टुडियो का निर्माण इस सोच के साथ किया गया कि कला हर के लिए के लिए सुलभ और मजेदार अनुभव होनी चाहिए। छह अनूठी अवधारणाओं के साथ यहां पर परिवार निश्चित रूप से यादगार अनुभव पाएंगे और अपने मन में रंग-बिरंगी यादें लेकर लौटेंगे।

अंतरराष्ट्रीय सहकारी संगठन की आमसभा भारत में

नई दिल्ली। इफको के प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय सहकारिता जगत के लिए ऐतिहासिक अवसर का आगमन हो रहा है। आईसीए के 128 साल के इतिहास में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से जून 2024 में नई दिल्ली, भारत में आईसीए वैश्विक बोर्ड, महासभा और एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। आईसीए अपने सदस्यों के रूप में दुनिया भर के 107 देशों के 310 से अधिक सहकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है। ब्रुसेल्स में चल रही आईसीए के निदेशक मंडल की बैठक के दौरान इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने भारत में प्रतिष्ठित बैठक की मेजबानी का प्रस्ताव रखा और आईसीए के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया था। इफको का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक और बड़ा कदम है। इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा, भारत में आईसीए महासभा और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करना इफको और भारत में सहकारी व्यवसायों के लिए गर्व का क्षण है। यह भारतीय सहकारी क्षेत्र में हम सभी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

अमेरिकाः सकारात्मक कार्वाई को खत्म करने से विविधता के नए रास्ते तलाशने को मजबूर महाविद्यालय

वाशिंगटन। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले के जरिए उच्च शिक्षा को स्तब्ध कर दिया है। न्यायालय ने सकारात्मक कार्वाई को खत्म कर दिया है और देश भर के महाविद्यालयो को छात्र विविधता को बढ़ावा देने के नए तरीके ढूंढने के लिए मजबूर कर दिया है। सकारात्मक कार्वाई एक नीतिगत पहल है, जिसमे रोजगार या शिक्षा के अवसरो का विस्तार करने के लिए किसी कंपनी या सरकारी संगठन द्वारा किसी व्यक्ति की राष्ट्रीयता, लिंग, धर्म और जाति को ध्यान मे रखा जाता है। इस तरह की पहल से, सरकार वंचित नागरिको को प्रदान किए गए अवसरो को बढ़ाने की योजना बनाती है। कई विश्वविद्यालयो के नेताओ ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे इसे विविधता पर आघात के रूप मे देखते है और इससे निराश है, हालांकि कई लोग इस बात को लेकर अब भी आशावादी है कि वे अश्वेत और लातिन अमेरिकी मूल के विद्यार्थियो को प्रवेश देने के नए तरीके खोज लेगे। यह बात दीगर है कि इस बात के सबूत मौजूद है कि ऐसी प्रथा को समाप्त करने से अक्सर उनके नामांकन मे तेजी से गिरावट आती है।

अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद हमलों में एक हजार से अधिक नागरिक मारे गए : संरा

इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि अफगानिस्तान मे तालिबान की हुकूमत आने के बाद से हुए हमलो मे बड़े पैमाने पर नागरिक मारे गए है और घायल हुए है। विश्व निकाय के अनुसार, युद्ध और आतंकवाद के दौर के मुकाबले देश मे हताहतो की संख्या मे भारी कमी आने के बावजूद देश मे यह स्थिति है। अफगानिस्तान मे संयुक्त राष्ट्र के मिशन (यूएनएएमए) की ओर से जारी नई रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 के मध्य अगस्त मे अफगानिस्तान मे तालिबान का शासन लागू होने से लेकर इस साल मई तक देश मे कुल 3,774 नागरिक हताहत हुए है, जिनमे हिंसा मे मारे गए।

वियना में बंद हुआ 320 साल पुराने अखबार का मुद्रित संस्करण

बर्लिन। वियना से निकलने वाले 320 साल पुराने दैनिक समाचार पत्र वीनर जितुंग ने शुक्रवार को अपने अंतिम मुद्रित संस्करण का प्रकाशन किया। इसी के साथ विश्व के सबसे पुराने समाचार पत्रो मे से एक इस अखबार का प्रकाशन बंद हो गया। यह समाचारपत्र सबसे पहले वियनेरिसचेस डायरियम नाम से 8 अगस्त, 1703 को प्रकाशित हुआ था। इसका प्रकाशन काव्यात्मक भाषा या भाषणबाजी बिना के लोगो तक शालीन ढंग से समाचार पहुंचाने के लिए किया गया था। इस समाचारपत्र के आखिरी संस्करण के पहले पृष्ठ पर लिखा है, 320 साल, 12 राष्ट्रपति, 10 सम्राट, दो गणराज्य, एक समाचार पत्र। वीनर जितुंग का स्वामित्व ऑस्ट्रिया सरकार के पास है, लेकिन संपादकीय रूप से यह स्वतंत्र है। हाल एक ताजा कानून के कारण राजस्व मे भारी कमी आने के बाद यह अखबार आर्थिक कठिनाइयो से जूझ रहा था। नए कानून के तहत कंपनियो को मुद्रित संस्करण मे वाणिज्यिक रजिस्ट्री मे परिवर्तन प्रकाशित करने के लिए भुगतान करने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया था।

प्रचंड ने चावल के क्षेत्र में नेपाल को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड ने शुक्रवार को राष्ट्र को चावल उत्पादन मे आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया और किसानो से इसका उत्पादन बढ़ाने के लिए जलवायु-अनुकूल तकनीको का उपयोग करने का आग्रह किया। यहां राष्ट्रीय धान दिवस के अवसर पर प्रचंड ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार धान की खेती के लिए उचित सिंचाई सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। उन्होने कहा, चावल उत्पादन बढ़ाने के लिए जलवायु, कृषि-अनुकूल तकनीक का उपयोग करे और यही इस वर्ष का राष्ट्रीय धान दिवस का नारा होगा। प्रचंड ने कहा कि सरकार नेपाल को देश के मुख्य खाद्य पदार्थ चावल के मामले मे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे काम कर रही है। कई अन्य पर्वतीय क्षेत्रो की तरह चावल नेपाल की मुख्य फसल है। देश ने 2022-2023 मे 724,000 मीट्रिक टन चावल का आयात किया, जबकि घरेलू उत्पादन 5,486,000 टन था, जो मांग को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है।

कैंपबेल ने 53 साल की उम्र में दिया बच्चे को जन्म

लास एंजिलिस। सुपरमॉडल नाओमी कैंपबेल 53 साल की उम्र मे दूसरी बार मां बनी है। उन्होने सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर यह जानकारी साझा की। नाओमी कैंपबेल (53) ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा करते हुए एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमे वह अपनी दो साल की बेटी और नवजात शिशु के साथ नजर आ रही है। सुपरमॉडल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे नन्हे दुलारे उ तुमने मेरी जिंदगी को खुशियो से भर दिया है, तुम सब की आंखो के तारे हो। घर के लोग चारो ओर से तुम पर प्यार लुटा रहे है। तुम ईश्वर का अद्भुत उपहार हो , मेरे घर का चिराग होउ तुम ही मेरी दुनिया हो उ इस घर मे, हमारे परिवार मे तुम्हारा स्वागत है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Dinesh Chansra Gupta S/o Mahendra Pal Gupta R/o D-24, Sector-12, Noida (U.P.), 201301, have changed my name to Dinesh Chandra Gupta for all future purpose.

PD(084)A

भारत की मेजबानी में एससीओ के ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे शी चिनफिंग

भाषा। बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग अगले सप्ताह भारत की मेजबानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को एक आधिकारिक घोषणा में यह जानकारी दी गई। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति शी चार जुलाई को एससीओ के प्रमुखों की 23वीं परिषद बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। भारत की मेजबानी में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन में शी के हिस्सा लेने के बारे में यह पहली आधिकारिक घोषणा है। भारत एससीओ का मौजूदा अध्यक्ष होने के नाते शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक व सुरक्षा संगठन है, जो सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। एससीओ की स्थापना 2001 में शंघाई में एक शिखर सम्मेलन में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थाई सदस्य बने। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गत मंगलवार को यहां एससीओ सचिवालय में नई दिल्ली भवन का उद्घाटन किया था और इसे मिनी इंडिया बताते हुए कहा था कि इससे देश की संस्कृति की बेहतर समझ विकसित होगी। उन्होंने कहा था, आपको भारत की कलात्मक परंपरा और सांस्कृतिक पहचान से रू-ब-रू कराने के लिए भवन को पूरे भारत के समृद्ध वास्तुशिल्प कौशल का प्रतिनिधित्व करने वाले उत्कृष्ट पैटर्न और रूपांकनों के साथ तैयार किया गया है। एससीओ शिखर सम्मेलन का आयोजन पिछले साल उज्बेक शहर समरकंद में किया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन सहित संगठन के सभी शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया था। भारत सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन की भी मेजबानी करेगा, जिसके लिए वह शी और पुतिन के अलावा समूह के अन्य नेताओं को आमंत्रित करने जा रहा है।

पाकिस्तानः प्रधानमंत्री शहबाज चार जुलाई को बैठक में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर चार जुलाई को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक मे वर्चुअल माध्यम से शामिल होगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। एक बयान मे कहा गया है कि शिखर सम्मेलन मे शरीफ की भागीदारी यह दर्शाती है कि पाकिस्तान एससीओ को बहुत अहमियत देता है जो क्षेत्रीय सुरक्षा, समृद्धि और क्षेत्र के साथ जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसमें कहा गया, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एससीओ के राष्ट्राध्यक्षो की 23वी बैठक मे भाग लेगे जिसका आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 4 जुलाई, 2023 को होगा।

ब्रिटेन ने भारत को सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट के साथ संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग की

भाषा। लंदन

शक्तिशाली सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की भारत की दावेदारी का समर्थन करते हुए ब्रिटिश सरकार ने अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग दोहराई है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग करने वाले अग्रणी देशों में है और उसका कहना है कि वह इस विश्व निकाय में स्थाई सीट की अहर्ता रखता है। मौजूदा समय में यूएनसीसी के अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और ब्रिटेन सहित पांच स्थाई सदस्य हैं जिन्हें किसी भी प्रस्ताव पर वीटो का अधिकार प्राप्त है। लंदन स्थित चैथम हाउस थिंक टैंक में बृहस्पतिवार को आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए ब्रिटिश विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए बहु पक्षीय प्रणाली को पुनजीर्वित करने का आह्वान किया। उन्होंने रेखांकित किया कि विश्व अर्थव्यवस्था की धुरी यूरोप-अटलांटिक से खिसक कर हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओ जा रही है लेकिन बहुपक्षीय संस्थान अब तक नई परिस्थितियों के अनुकूल बदलाव नहीं कर सके हैं।

भारत ने सुरक्षा परिषद में सुधार में देरी की आलोचना की

कहा-75 साल और खिंच सकती है प्रक्रिया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

सुरक्षा परिषद में सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता को अगले सत्र तक के लिए खिसकाने के संयुक्त राष्ट्र महासभा के फैसले के बीच, भारत ने इसे जाया किया गया एक और मौका करार दिया है। उसने कहा है कि सुरक्षा परिषद में सुधार की प्रक्रिया बिना किसी वास्तविक प्रगति के 75 साल और खिंच सकती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बृहस्पतिवार को उस मौखिक मसौदा प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें सुरक्षा परिषद में सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता को सितंबर में शुरू होने वाले (महासभा के) 78वें सत्र में जारी रखने का प्रावधान है। इस फैसले के साथ ही मौजूदा 77वें सत्र में इस अंतर-सरकारी वार्ता का अंत हो गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर-सरकारी वार्ता को आगे खिसकाने का फैसला महज एक विचारहीन तकनीकी अभ्यास तक सीमित नहीं रह जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम वार्ता को तकनीकी आधार पर टालने के फैसले को उस प्रक्रिया में जान फूंकने की एक और जाया कोशिश के तौर पर देख रहे हैं, जिसमें पिछले चार दशक में जीवंतता या प्रगति के कोई संकेत नहीं मिले हैं। कंबोज ने स्पष्ट किया कि भारत सिर्फ संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष कसाबा कोरोसी के निजी प्रयासों को मान्यता देने के लिए मसौदा प्रस्ताव को स्वीकार करने की आम सहमति का हिस्सा बना।

बाइडन को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का झटका

● छात्र ऋण का 400 अरब डॉलर माफ करने की योजना को नामंजूर किया

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने छात्र ऋण की 400 अरब डॉलर की रकम माफ करने की राष्ट्रपति जो बाइडन की योजना को शुक्रवार को नामंजूर कर दिया। न्यायालय ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि बाइडन प्रशासन ने लाखों अमेरिकी नागरिकों के छात्र ऋण को रद्द करने या कम करने की कोशिश कर अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने इस मुद्दे पर 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया, जिसमें छात्र ऋण का 400 अरब डॉलर माफ करने की बाइडन की योजना को नामंजूर कर दिया गया है। इस फैसले से अब ऋण लेने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि उन्हें अब ऋण का भुगतान करना होगा। अदालत ने माना कि इतना महंगा कार्यक्रम शुरू करने से पहले बाइडन प्रशासन को कांग्रेस के समर्थन की आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों ने बहुमत के साथ उन तर्कों को खारिज कर दिया कि छात्र ऋण से निपटने वाले द्विदलीय 2003 कानून ने बाइडन प्रशासन को यह अधिकार प्रदान किया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले साल छात्रों के 400 अरब डॉलर के ऋण माफ करने की योजना की घोषणा की थी।

टिकाऊ भविष्य के लिए भारतीय कृषि पद्धतियों को बदलें

● आईएफपीआरआई निदेशक ने दी सलाह

भाषा। काठमांडू

भारत को खेती की वैकल्पिक पद्धतियों को अपनाने के बारे में सोचने की जरूरत है, ताकि देश में भूजल की कमी उत्पन्न न हो और मिट्टी की गुणवत्ता में भी कमी न आए। अंर्ताष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के निदेशक (दक्षिण एशिया) शाहिदुर राशिद ने यह सुझाव दिया। काठमांडू में ग्लोबल फूड पॉलिसी रिपोर्ट (जीएफपीआर) के लॉन्च कार्यक्रम से इतर पीटीआई-भाषा के साथ विशेष साक्षात्कार में राशिद ने भीषण गर्मी को सहने में सक्षम फसलें विकसित करने और टिकाऊ सिंचाई पद्धतियां अपनाने की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, धान की खेती में प्रचलित बाढ़ सिंचाई से पानी की बर्बादी होती है और पानी के उपयोग की क्षमता भी घट जाती है। नवीन सिंचाई पद्धतियां अपनाने और सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करने से कार्बन उत्सर्जन में तो कमी लाई ही जा सकती है, साथ ही पानी की कमी के मुद्दे को भी संबोधित किया जा सकता है। राशिद ने जोर देकर कहा कि हालांकि, भारत में मौजूदा समय में उसकी आबादी का पेट भरने के लिए पर्याप्त खाद्य उत्पादन हो रहा है, लेकिन लोगों तक पहुंच, पोषक तत्वों की उपलब्धता और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के संबंध में चुनौतियां बरकरार हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हरित क्रांति के दौर में जो पद्धति विकसित हुई थी, वह भूजल का अत्यधिक दोहन करती है और बड़ी मात्रा में रासायनिक खाद का इस्तेमाल करती है, जिसके चलते इसे लंबे समय तक बरकरार नहीं रखा जा सकेगा। राशिद ने कहा, हमें वास्तव में खेती के वैकल्पिक तरीकों के बारे में सोचने की जरूरत है, ताकि हमारे पास भूजल संसाधनों की कमी न हो और हम अपनी मिट्टी को भी बर्बाद न करें।

फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता कम करेंगे

मुम्बई। न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड उत्पादन क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक रिस्दा सीमेंट प्लांट -आरसीपी छत्तीसगढ़ और निंबोल सीमेंट प्लांट-एनसीपी राजस्थान में अपने अल्ट्रनेटिव फ्यूल रिसोर्स प्रोजेक्ट को सफलतापूवर्क पूरा करने की घोषणा की। यह बड़ी उपलब्धि फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता कम करने और सीमेंट इंडस्ट्री में सस्टेनेबिलिटी अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए न्युवोको की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। अल्ट्रनेटिव फ्यूल यानि वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के साथ कंपनी फॉसिल फ्यूल के उपयोग को कम करने और इसके पयार्वरण पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभावों को कम करने का प्रयास कर रही है। अल्ट्रनेटिव फ्यूल कार्बन एमिशंस को कम करने और जलवायु परिवतर्न के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। न्युवोको ने समर्पित रूप से एक ऐसा सिस्टम स्थापित किया है जो एग्रीकल्चर वेस्ट पराली, आरडीएफरिफ्यूज्ड डिराइड फ्यूल, प्लास्टिक वेस्टए नगरपालिका कचराए बायोमासए टायर चिप्स और अन्य खतरनाक अपशिष्ट स्रोत का उपयोग करने में सक्षम है। इन वैकल्पिक ईंधनों को अपनी विनिमार्ण प्रक्रिया में शामिल करकेए न्युवोको अपने सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। जयकुमार कृष्णास्वामी मैनेजिंग डायरेक्टर न्युवोको ने कहा कि प्रोटेक्ट अवर प्लेनेट के एजेंडे के हिस्से के रूप में, हम एएफआर प्रोजेक्ट को सस्टेनेबिल सीमेंट निमार्ण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने और पयार्वरणीय प्रभावों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखते हैं। इस प्रोजेक्ट का सफल समापन कार्बन एमिशंस को कम करने, विभिन्न तरह के वेस्ट की खपत को अधिकतम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

मेक्सिको में गर्मी से इस साल अभी तक 112 लोगों की मौत

● 2022 से तीन गुना अधिक

भाषा। मेक्सिको सिटी

मेक्सिको में भीषण गर्मी से इस साल अभी तक कम से कम 112 लोगों की मौत हो चुकी है, जो 2022 की तुलना में तीन गुना अधिक है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब हाल ही में राष्ट्रपति ने दावा किया था कि कुछ पत्रकारों ने गर्मी के संबंध में जानकारी बढ़ा-चढ़ाकर पेश की है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार देर रात जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो सप्ताह में गर्मी से मौत के मामले काफी बढ़ गए हैं। इस साल अभी तक गर्मी से हुई मौत के मामले 2022 की तुलना में करीब तीन गुना अधिक हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय आम तौर पर हर सप्ताह गर्मी से मौत के मामलों पर एक रिपोर्ट जारी करता है, लेकिन इस बार रिपोर्ट देर से जारी की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय से गर्मी के कारण हुई मौत के मामलों की जानकारी देने में विलंब पर किए सवालों का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, 18-24 जून में मौत के सबसे अधिक 69 मामले सामने आए। हाल के सप्ताहों में म

मोदी फिर से पीएम बनते हैं तो धोखेबाज सलाखों के पीछे होंगे : शाह

अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनते है तो घोटाले, भ्रष्टाचार भारत की नियति बन जाएंगे

भाषा। उदयपुर (राजस्थान)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनते हैं तो घोटाले और भ्रष्टाचार भारत की नियति बन जाएंगे और अगर नरेन्द्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनते हैं तो धोखेबाज सलाखों के पीछे होंगे। शाह ने राजस्थान की कांग्रेस नीत सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर उसने पिछले साल उदयपुर में हुए कन्हैया लाल हत्याकांड में विशेष अदालत का गठन किया होता, तो आरोपियों को अब तक फांसी हो गई होती।

उन्होंने गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार पर भ्रष्टाचार में नंबर वन होने का आरोप लगाया और लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। शाह ने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में सरकार बनाएगी और 2024 के लोकसभा चुनाव में 300 सीटों के साथ मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। उदयपुर में जनसभा में मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की पिछले नौ साल की उपलब्धियां गिनाते हुए शाह ने कहा कि ए नौ साल भारत के लिए कई मायने में परिवर्तनकारी रहे। रैली के बाद गृह मंत्री ने एक होटल में आदिवासी नेताओं और पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बातचीत भी की। जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले संयुक्त रणनीति बनाने के लिए हाल में पटना में बैठक करने वाले विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा, जो लोग वहां इकट्ठे हुए थे, वे भ्रष्टाचार में शामिल रहे हैं और लोगों का भला नहीं करना चाहते हैं, वे अपने-अपने बेटों का भविष्य तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा, सोनिया गांधी का लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है, लालू यादव का लक्ष्य अपने बेटे तेजस्वी यादव को प्रधानमंत्री बनाना है, ममता बनर्जी का लक्ष्य अपने भतीजे अभिषेक को मुख्यमंत्री बनाना है और इसी तरह अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, राहुल बाबा अगर प्रधानमंत्री बनते हैं, तो ए घपले, घाटाले, भ्रष्टाचार भारत की नियति बन जाएगी और मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनते हैं।

आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है छत्तीसगढ़ सरकार - नड्डा

बिलासपुर (छत्तीसगढ़)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भ्रष्टाचार का बादशाह करार देते हुए राज्य की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर आकंठ भ्रष्टाचार डूबे रहने का आरोप लगाया। उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के लिए वोट मांगा। नड्डा ने केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि सरकार ने अपने नौ साल के शासन में गरीबों, वंचित वर्गों, युवाओं, दलितों और किसानों को सशक्त बनाया है। राज्य के बिलासपुर शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए, नड्डा ने कहा कि बघेल के नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्टाचार के अलावा कोई काम नहीं करती है और सभी भ्रष्ट लोग मुख्यमंत्री से जुड़े हुए हैं। आगामी विधानसभा चुनावों में लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह करते हुए, नड्डा ने कहा कि राज्य में भ्रष्ट कांग्रेस नीत सरकार को हटाना जरूरी हो गया है। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के नेतृत्व में 15 वर्ष तक शासन करने वाली भाजपा को कांग्रेस ने वर्ष 2018 में हरा दिया था। नड्डा ने रैली में मुख्यमंत्री बघेल पर हमला करते हुए कहा, भूपेश बघेल जी कोई काम नहीं करते हैं। वह आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। वह भ्रष्ट लोगों के बादशाह बन गए हैं। राज्य में जो भ्रष्टाचार कर रहा है वह उनसे जुड़े हुए हैं।

कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी को एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए जाने का शाह का दावा झूठा : गहलोत

भाषा। जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गृह मंत्री अमित शाह पर यह झूठ बोलने का आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उदयपुर के कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि अपराधियों को राजस्थान पुलिस ने घटना के चार घंटे के भीतर ही पकड़ लिया था। कांग्रेस ने भी कहा कि गृहमंत्री अमित शाह आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दे पर भी सरेआम राजनीति करने और झूठ बोलने से नहीं चूके तथा यह भाजपा नेताओं की मानसिकता दिखाता है। उदयपुर में एक रैली में संबोधन के दौरान शाह के दावों के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने उन पर पलटवार करते हुए यह भी कहा कि अमित शाह को शायद पता होगा कि दोनों आरोपी सक्रिय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता थे और उन्होंने इस बात की जांच की मांग की कि इन दोनों की मदद करने वाले भाजपा नेता कौन थे। उल्लेखनीय है कि उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल की पिछले साल 28 जून को दो लोगों ने धारदार हथियार से वार कर कथित तौर पर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने कन्हैयालाल पर निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा के समर्थन में सामग्री पोस्ट करने और इस्लाम का अपमान करने का आरोप लगाया था। अमित शाह ने शुक्रवार को उदयपुर में अपनी रैली में सालों पुराने मामले को याद किया। उन्होंने कहा कि गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार (आरोपियों को) पकड़ना ही नहीं चाहती थी और एनआईए ने उन्हें पकड़ लिया।इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए गहलोत ने कहा कि शाह ने गलत बयान दिया और झूठ बोला।

क्विक न्यूज

प्रधानमंत्री की डिग्रीः केजरीवाल की पुनर्विचार याचिका पर गुजरात उच्च न्यायालय में 21 जुलाई को सुनवाई

अहमदाबाद। गुजरात उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री से संबंधित मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को 21 जुलाई के लिए स्थगित कर दी। गुजरात विश्वविद्यालय की ओर से अदालत में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल द्वारा दायर प्रत्युत्तर हलफनामे को पढ़ने के लिए समय मांगा, जिसके बाद न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने सुनवाई स्थगित कर दी। मेहता ने अदालत से कहा कि उन्हे शुक्रवार की सुनवाई शुरू होने से कुछ समय पहले ही हलफनामा मिला है, जिसमें अदालत की पिछली सुनवाई की प्रति है। न्यायमूर्ति वैष्णव ने जब मेहता से पूछा कि क्या वह आज बहस कर सकते है, तो उन्होंने कहा कि केजरीवाल द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे में जो लिखा गया है उसे पढ़े बिना यह मुश्किल होगा। इस महीने की शुरुआत में आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख केजरीवाल ने गुजरात उच्च न्यायालय का रुख करते हुए मामले में अदालत के एक हालिया आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था। अदालत ने अपने उस आदेश में गुजरात विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री के बारे में जानकारी प्रदान करने के केंद्रीय सूचना आयोग को निर्देश देने के अनुरोध को खारिज कर दिया था।

सुरक्षित, सुरुचिपूर्ण और सुखद वातावरण मिलेगा

नई दिल्ली। ग्राहकों को उनके घरों के लिए एक सुरक्षित, सुरुचिपूर्ण और सुखद वातावरण प्रदान करने के होमश्योर ने मास्टरटच पेंट्स की शुरूआत की है। भवन निर्माण सामग्री उद्योग में एक विश्वसनीय नाम वालप्लास्ट प्रोडक्ट्स प्रा. लिमिटेड, अपने नए पेंट ब्रांड होमश्योर मास्टरटच के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित है। उनके दीवार समाधान पोर्टफोलियो के इस विस्तार में आंतरिक और बाहरी दीवारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ऐक्रेलिक डिस्टेंपर और प्राइमर शामिल हैं। एक मजबूत प्रतिष्ठा के साथ बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए, वालप्लास्ट चार दशकों से अधिक समय से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और अभिनव समाधान प्रदान कर रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष - मार्केटिंग, सीएसआर और बिजनेस हेड - पीटीपी डिवीजन अनिरुद्ध सिन्हा, ने कहा, नए मास्टरटच प्राइमर डिस्टेंपर प्रोडक्टस बाजार में कई फायदे लेकर आए हैं। वे शून्य विलायक, वीओसी (वाष्पशील तेल सामग्री) में कम और भारी धातुओं से मुक्त हैं, जो उन्हें सुरक्षित और टिकाऊ समाधान चाहने वाले व्यक्तियों के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प बनाता है।

मांडविया ने राज्यों से वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने के लिए तैयारियों की निगरानी करने को कहा

नई दिल्ली। मानसून की शुरुआत के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों से मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की समीक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्यों से स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप ऐसी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए समुदायों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए भी कहा। मांडविया ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक में सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, 22 राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों, प्रमुख सचिवों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डिजिटल बातचीत की। अग्रिम तैयारियों और संयुक्त प्रयासों के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा हम स्वास्थ्य आवश्यकताओं का अनुमान लगाते हुए और समय से पहले उनके लिए पर्याप्त प्रावधान करके सक्रिय तैयारी के साथ बीमारी के बोझ को प्रभावी ढंग से कम कर सकते है।

मुंबईः अफ्रीकी नागरिक ने पांच करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन के 43 कैप्सूल निगले, गिरफ्तार

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शहर के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक अफ्रीकी नागरिक के पास से पांच करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन के 43 कैप्सूल बरामद किए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने हेरोइन की कैप्सूल को निगलकर उसकी तस्करी करने का प्रयास किया था। उन्होंने बताया कि विशिष्ट जानकारी के आधार पर, डीआरआई की मुंबई जोनल इकाई ने 21 जून को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बेनिन नागरिक को रोका। तलाशी के दौरान अधिकारियों को संदेह हुआ कि आरोपी किसी मादक पदार्थ को निगलकर उसकी तस्करी करने का प्रयास कर रहा था। अधिकारी ने बताया, आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद अदालत ने उसका मेडिकल परीक्षण करने और शरीर से प्रतिबंधित पदार्थ मिलने पर उसे बरामद करने का आदेश दिया था। उन्होंने बताया कि मेडिकल जांच में पुष्टि हुई कि आरोपी ने 43 कैप्सूल खाए थे, जिनमें जाहिर तौर पर नशीला पदार्थ था। बाद में उसे जे. जे. अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसने 21 जून से 30 जून के दौरान 10 दिनों में अपने शरीर से 43 कैप्सूल निकाले।

व्हाट्सएप्प और यूपीआई से करें भुगतान

मुंबई। कंज्यूमर ऑब्सेशन के अपने मूल्य को सुदृढ़ करने के लिए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने व्हाट्सएप्प और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के माध्यम से डिजिटल भुगतान की शुरुआत की है। उद्योग में पहली बार उपलब्ध यह सुविधा व्हाट्सएप और यूपीआई-सक्षम भुगतान विकल्पों के माध्यम से तत्काल प्रीमियम भुगतान की सहूलियत प्रदान करती है।यह नया भुगतान विकल्प बीमा उद्योग में अपनी तरह का पहला विकल्प है। इस कुशल, निर्बाध प्रक्रिया के जरिए उपभोक्ता डिजिटल रूप से प्रीमियम का भुगतान करने और त्वरित प्रीमियम भुगतान की पुष्टि और पावती प्राप्त कर सकते हैं। यह तकनीकी और गैर-तकनीक-प्रेमी दोनों ही उपभोक्ताओं के लिए उपयोग में आसान है। यह परेशानी मुक्त प्रीमियम भुगतान अनुभव भी प्रदान करता है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और संचालन प्रमुख, संजय अरोड़ा ने कहा, हम अपने पॉलिसीधारकों को उनके पसंदीदा तरीकों का उपयोग करके सुविधाजनक, परेशानी मुक्त प्रीमियम भुगतान विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उच्चस्तरीय शिक्षा पाना हुआ आसान

नोएडा। सफलता का सीधा सम्बन्ध है उच्चस्तरीय शिक्षा और इसको पाने के लिए हरेक स्टूडेंट्स अच्छे इंस्टिट्यूट स्कूल में पढ़ना चाहता है। लेकिन बड़ी हुई फीस के कारण कई योग्य छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं और उनकी सफलता की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा द्वारा प्रचारित देश के तेजी से बढ़ते एड- फिनटेक स्टार्टअप लियो1 ;लियो वनद्ध ने इस चुनौती का समाधान निकाला है और देश भर में में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के फीस फाइनेंसिंग सुविधा प्रदान कर रहा है। इस सुविधा का लाभ देश के लाखों बच्चे और हज़ारों शिक्षण संस्थान ले रहे हैं। फीस फाइनेंसिंग की इस सुविधा के अंतर्गतए लियो1 आपके बच्चे की पूरे साल भर की फीस स्कूल को एक बार में दे देता है और पेरेंट्स इस फीस का आसान मासिक किश्तों जीरो कॉस्ट ईएमआई में भुगतान कर सकते है वो भी बिना किसी अतिरिक्त ब्याज के। संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित गजभिये ने बताया किहमारा उद्देश्य देश के हर बच्चे तक क्वालिटी एजुकेशन पहुँचाना है और यही हर पेरेंट्स का सपना होता कि उसका बच्चा अच्छे से अच्छे स्कूल कॉलेज में शिक्षा ले। लेकिन यह कुछ सीमित परिवारों तक ही संभव हो पाता है क्योंकि इसमें सबसे बड़ी बाधा बड़े स्कूलों की फीस होती है । हमने लियो1 में पेरेंट्स कि इसी समस्या का हल निकाला है और हमारे साथ जुड़कर वो अपने बच्चो कि फीस का आसान मासिक किश्तों पर बिना किसी अतिरिक्त ब्याज से चुका सकते है और यह उतना ही सरल है जैसे आप कोई मोबाइल ध् टीवी या फ्रिज फाइनेंस कराते हैं।

आंध्र प्रदेश : दवा कंपनी में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत, पांच अन्य घायल

भाषा। अच्युतापुरम (आंध्र प्रदेश)

आंध्र प्रदेश में अनाकापल्ली जिले के अच्युतापुरम में स्थित सहिती फार्मा कंपनी में शुक्रवार को हुए एक विस्फोट के बाद दो लोगों की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसे पांच लोगों का इलाज जारी है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट में 90 फीसदी तक झुलसे दो लोगों ने विशाखापत्तनम के केजीएच अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि विस्फोट के समय संयंत्र में 35 लोग थे और उनमें से ज्यादातर सुरक्षित रूप से वहां से निकल गए, लेकिन हादसे में दो व्यक्तियों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान कंपनी के कर्मचारी, उप्पाडा तिरुपति और पैला सत्तीबाबू के रूप में की गई, जो विस्फोट के वक्त वहां मौजूद थे। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि अनाकापल्ली जिले के जंगलपालेम के रहने वाले सत्तीबाबू 95 फीसदी झुलस गए थे, जबकि विजयनगर जिले के रहने वाले उप्पाडा तिरूपति 55 फीसदी झुलस गए थे। पुलिस ने बताया कि चार अन्य घायलों का इलाज इसी अस्पताल में चल रहा है, जिसमें गंभीर रूप से झुलसे दो लोग भी शामिल हैं। वहीं, एक अन्य व्यक्ति अच्युतापुरम के ही स्टार जेन अस्पताल में भर्ती है। उसने बताया कि आग बुझाने के दौरान तीन दमकलकर्मियों को भी मामूली रूप से झुलस गए हैं। हादसे के बाद, उद्योग मंत्री गुडिवाडा अमरनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने उन्हें प्रत्एक मृतक के परिजन के लिए 25-25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार चिकित्सकों द्वारा सुझाव दिए जाने पर घायलों को अन्य अस्पतालों में भर्ती कराने सहित आवश्यक उपचार मुहैया कराएगी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट पूर्वाह्न लगभग 11.45 बजे अच्युतापुरम विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में फार्मा कंपनी के सॉल्वेंट रिकवरी प्लांट में सॉल्वेंट भरते समय हुआ। अनाकापल्ली जिले के पुलिस अधीक्षक के. वी. मुरली कृष्णा ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि रसायन की वजह से लोग झुलस गए। पीड़ितों को बेहतर इलाज मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा, शायद किसी रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण विस्फोट हुआ और आग फैल गई। यह एक सॉल्वेंट रिकवरी प्लांट है। कृष्णा ने बताया कि कंपनी के निरीक्षक इस बारे में एक रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं कि दुर्घटना कैसे हुई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद, आग बुझाने और वहां एकत्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची, ताकि उन्हें दुर्घटनास्थल की ओर जाने से रोका जा सके। सरकारी बयान में कहा गया है कि आग पर काबू पाने के लिए कम से कम दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और माना जा रहा है कि अब आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं, कारखानों के निरीक्षक ने जहरीली गैसों के किसी भी संभावित रिसाव से इनकार किया है। पुलिस ने बताया कि घटना के तुरंत बाद, उसने घायलों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की और इलाज के लिए उन्हें अनाकापल्ली शहर के एनटीआर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

ओडिशा ट्रेन दुर्घटना की सीआरएस रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाएगी : रेलवे

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय रेल बालासोर ट्रेन हादसे पर सीआरएस की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करेगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उससे दुर्घटना की सीबीआई जांच प्रभावित ना हो। वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन कुछ सूत्रों का कहना है कि रेलवे सुरक्षा आयोग (सीआरएस) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुर्घटना सिग्नलिंग और टेलीकॉम विभाग तथा यातायात विभाग के ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों की मानवीय गलती के कारण हुई है। सूत्रों के अनुसार, अधिकारी ट्रेनों के संचालन के लिए तय मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने में असफल रहे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, हम सीआरएस रिपोर्ट पर कोई खुलासा नहीं करेंगे क्योंकि सीबीआई की स्वतंत्र जांच चल रही है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि रिपोर्ट दूसरी जांच को किसी भी रूप में प्रभावित ना कर सके। हम दोनों रिपोर्टों पर संज्ञान लेंगे और दुर्घटना का सम्पूर्ण आकलन करेंगे तथा हरसंभव कदम उठाएंगे। घटना की जांच कर रहे दक्षिण पूर्वी सर्किल के सीआरएस एएम चौधरी ने बृहस्पतिवार को रेलवे बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपी। बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों ने शुक्रवार को रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया और कई लोगों ने दावा किया कि उन्होंने अभी तक रिपोर्ट पढ़ी ही नहीं है। सामान्य तौर पर ऐसे रिपोर्ट शीर्ष अधिकारियों के लिए उपलब्ध होती है। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी तरह की लीक ना हो।

यूसीसी का मसौदा तैयार, उसे जल्द उत्तराखंड में लागू करेंगे : धामी

भाषा। देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने के लिए बनाई गई समिति ने अपना कार्य पूरा कर लिया है और जल्द ही राज्य में इसे लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 12 फरवरी 2022 को (विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन) वादा किया था कि अगर हम सत्ता में दोबारा आए तो समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यहां एक कार्यक्रम में धामी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने किसी राजनीतिक दल को लगातार दूसरी बार सरकार बनाने का अवसर देकर इस बात पर अपनी मुहर लगाई। उन्होंने कहा, इसके लिए जनता ने हमें जनादेश दिया और अब हम अपना किया वादा अब निभाने जा रहे हैं। राज्य सरकार ने कानून का मसौदा तैयार करने के लिए सत्ता में आते ही विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समिति ने इस दौरान दो लाख से भी ज्यादा लोगों के सुझाव और विचार लिए। उन्होंने कहा, जैसे ही यह मसौदा मिलेगा, उसे हम देवभूमि उत्तराखंड में लागू करेंगे। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि इस दिशा में देश के अन्य राज्य भी आगे आएंगे। इससे पहले, नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कानून का मसौदा तैयार करने वाली समिति की अध्यक्ष रंजना प्रकाश देसाई ने घोषणा की कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार है और उसे जल्द ही उत्तराखंड सरकार को सौंप दिया जाएगा। देसाई ने कहा कि समिति ने सभी प्रकार की राय और चुनिंदा देशों के वैधानिक ढांचे सहित विभिन्न विधानों एवं असंहिताबद्ध कानूनों को ध्यान में रखते हुए मसौदा तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, समिति ने उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित विभिन्न पारंपरिक प्रथाओं की बारीकियों को समझने की कोशिश की है। देसाई ने कहा, मुझे आपको यह जानकारी देते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है कि उत्तराखंड के लिए प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार हो गया है। उन्होंने कहा, प्रारूप संहिता के साथ समिति की रिपोर्ट जल्द ही प्रकाशित की जाएगी और उत्तराखंड सरकार को सौंप दी जाएगी। राज्य सरकार ने मई में गठित समिति से उत्तराखंड के निवासियों के व्यक्तिगत दीवानी मामलों से जुड़े विभिन्न मौजूदा कानूनों पर गौर करने और विवाह, तलाक, संपत्ति के अधिकार, उत्तराधिकार, विरासत, गोद लेने और रखरखाव जैसे विषयों पर मसौदा कानून या कानून तैयार करने या मौजूदा कानूनों में बदलाव का सुझाव देने को कहा था।

गर्म जुलाई में सामान्य मॉनसून के आसार : आईएमडी

भाषा। नई दिल्ली

पूर्वी उत्तर प्रदेश और दक्षिण बिहार को छोड़कर देशभर में जुलाई महीने के दौरान मॉनसून के सामान्य रहने के आसार हैं, लेकिन इस पूरे महीने में तापमान के औसत से अधिक रहने की संभावना है। यह अनुमान भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को व्यक्त किया। यहां एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि जुलाई में बारिश जून में दर्ज की गई वर्षा की कमी को दूर करने में मदद करेगी। जून में कम से कम 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कम बारिश हुई और बिहार तथा केरल में सामान्य से क्रमशः 69 प्रतिशत और 60 प्रतिशत की भारी कमी दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में भी दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन के पहले महीने जून में सामान्य से कम बारिश हुई। महापात्रा ने कहा, जुलाई 2023 के दौरान पूरे देश में औसत मासिक वर्षा सामान्य (एलपीए का 94 से 106 प्रतिशत) रहने की संभावना है। देशभर में जुलाई के दौरान वर्षा का दीर्घ अवधि औसत (एलपीए) वर्ष 1971-2020 के आंकड़े पर आधारित है जो करीब 280.4 मिमी है। भूमध्य रेखीय प्रशांत महासागर के गर्म होने की अवधारणा (इसे अल-नीनो दशा कहा जाता है) के जुलाई में विकसित होने की संभावना है। अल-नीनो का संबंध बारिश में कमी से जोड़ा जाता है। महापात्रा ने कहा कि हाल के अधिकांश अल-नीनो वर्षों में जून के दौरान बारिश सामान्य से कम रही है। उन्होंने कहा, जून में बारिश के सामान्य से कम रहने के 25 में से 16 सालों में, जुलाई में सामान्य बारिश दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि देशभर के 377 मौसम केंद्रों पर जून में भारी बारिश (115.6 मिमी से 204.5 मिमी) दर्ज की गई, जबकि 62 स्टेशनों पर अति भारी बारिश (204.5 मिमी से अधिक) दर्ज की गई।

सूर्या को मिला सम्मान

नई दिल्ली। भारत में लाइटिंग, फैन्स, होम अप्लायंसेस, स्टील पाइप्स और पीवीसी पाइप उद्योग के सबसे सम्मानित और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक सूर्या रोशनी लिमिटेड को प्रतिष्ठित ''क्रेता-विक्रेता गौरव सम्मान समारोह 2023'' में जेम व एमएसएमई कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ विक्रेता'' का सम्मान दिया गया है। लाइटिंग, उपकरण और स्टील के क्षेत्र में यह सम्मान सरकारी खरीद में पारदर्शिता, सबके समावेश और सक्षमता को लेकर सूर्या रोशनी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कपड़ा, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने पुरस्कार बांटे। सूर्या रोशनी लिमिटेड के अध्यक्ष जे.पी. अग्रवाल ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के ई-मार्केट प्लेस से यह सम्मान प्राप्त करने के इस अवसर पर मुझे सूर्या के प्रत्येक सदस्य पर बहुत गर्व है।

स्वदेश निर्मित 700 मेगावाट के परमाणु रिएक्टर का परिचालन शुरू

नई दिल्ली। गुजरात में काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना (केएपीपी) में भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित 700 मेगावाट क्षमता के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर ने शुक्रवार को वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया। केएपीपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''बहुत खुशी के साथ यह सूचित किया जाता है कि हमारी पहली स्वदेशी 700 मेगावाट की इकाई, केएपीपी-3, में तीस जून 2023 को सुबह 10 बजे परिचालन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इकाई अपनी कुल क्षमता के 90 प्रतिशत पर काम कर रही है।

मौज का तीसरा जन्मदिन समारोह

मुंबई। मौज, जो कि भारत का एक अग्रणी शार्ट वीडियो प्लेटफ़ॉर्म है, अपना तीसरा जन्मदिन समारोह मना रहा है। यह विभिन्न जोनर्स में अपने उपभोक्ताओं को प्रासंगिक और आनंददायक कंटेंट प्रदान करने की उल्लेखनीय यात्रा को दर्शाता है। पिछले 3 सालों में, उपभोक्ता मौज द्वारा उनके जीवन में लाए गए गहन अनुभव और अनंत खुशियों से बेहद खुश हुए हैं।उत्सव का प्रमुख आकर्षण मौज प्लेटफ़ॉर्म के अंतर्गत एक वर्चुअल कपकेक की शुरूआत से होगा। खुशी फैलाने के उद्देश्य से मौज 1 जुलाई को, प्राप्त प्रत्येक 10 वर्चुअल कपकेक के लिए, नन्हीं परी फाउंडेशन द्वारा समर्थित एक बच्चे को एक असली कपकेक उपहार स्वरुप प्रदान करेगा। शेयरचैट एवं मौज में हेड ऑफ कंज्यूमर मार्केटिंग मौसमी मिश्रा ने साझा किया,जैसा कि हम अपना तीसरा जन्मदिन मानाने जा रहे हैं, ऐसे में हमारा प्राथमिक लक्ष्य खुशियाँ फैलाना और एक सार्थक प्रभाव पैदा करना है।

अदालत ने केंद्र के आदेश के खिलाफ ट्विटर की याचिका खारिज की

50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने ट्विटर इंक की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया जिसमें कंपनी ने सामग्री (कंटेंट) हटाने और ब्लॉक करने संबंधी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विभिन्न आदेशों को चुनौती दी थी। अदालत ने, यह भी कहा कि कंपनी की याचिका में कोई दम नहीं है। न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की एकल पीठ ने ट्विटर कंपनी पर 50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया और इसे 45 दिन के भीतर कर्नाटक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराने का आदेश दिया। अदालत ने 109 पन्नों के अपने फैसले के मुख्य हिस्से को पढ़ते हुए कहा, ''उपरोक्त परिस्थितियों में यह याचिका आधार रहित होने के कारण कठोर जुर्माने के साथ खारिज किए जाने योग्य है और तदनुसार इसे खारिज किया जाता है। याचिकाकर्ता पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है, जो 45 दिन के अंदर कर्नाटक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बेंगलुरु को देय है। यदि इसमें देरी की जाती है, तो इस पर प्रतिदिन 5,000 रुपए का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। न्यायमूर्ति दीक्षित ने अपने फैसले में अमेरिकी संविधान से लेकर ब्रिटेन की अदालत के फैसलों तथा महोपनिषद में वर्णित वसुधैव कुटुम्बकम का भी उल्लेख किया। ,

खरगे ने देशभर से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके फीडबैक लिया

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को देशभर से आए कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके उनसे फीडबैक लिया। यह बैठक अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में हुई। खरगे ने कहा कि वह देशभर के पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलना जारी रखेंगे। पार्टी नेताओं ने कहा कि बैठक प्रमुख रूप से राज्य और आगामी आम चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस अध्यक्ष नियमित रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं से मिला करते थे, लेकिन हाल के वर्षों में यह परिपाटी

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर बढ़त बनाई

● एशेज श्रृंखला का दूसरा टेस्ट

● अंग्रेजों की पहली पारी को 325 रन पर समेटा

भाषा। लंदन

आस्ट्रेलिया ने एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां चाय तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 81 रन बनाकर कुल 172 रन की बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड को पहली पारी को 325 रन पर समेटने के बाद आस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र में केवल डेविड वार्नर का विकेट गंवाया। उस्मान ख्वाजा 45 और मार्नस लाबुशेन आठ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। जोश टंग ने वार्नर (25 रन) को पगबाधा आउट किया। इससे पहले वार्नर और ख्वाजा ने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हालात का डटकर सामना किया। इन दोनों ने 24 ओवर में 63 रन की भागीदारी निभाई। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन दाईं पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस टेस्ट से बाहर हो गए है। वह गुरुवार को दूसरे दिन के खेल के दौरान चाय के सत्र के बाद गेंद के पीछे भागते हुए चोटिल हो गए थे। उन्होंने इससे पहले जैक क्राउली को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई थी। वह शुक्रवार को बैसाखी के सहारे मैदान पर पहुंचे थे। वह टीम में कब वापसी करेंगे, इसका फैसला इस मैच के बाद होगा। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार की रणनीति को आगे बढ़ते हुए रक्षात्मक क्षेत्ररक्षण तैनात कर बाउंसर फेंकना जारी रखा। आसमान में बादल छाए रहने के कारण परिस्थितियां गेंदबाजों के अनुकूल थी जिससे टीम ने नई गेंद लेने से पहले ही इंग्लैंड की पारी समेट दी। ऑस्ट्रेलिया की 416 रन की पहली पारी के जवाब में इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 278 रन पर की थी। दिन की दूसरी ही गेंद पर मिशेल स्टार्क ने कप्तान बेन स्टोक्स को चलता कर दिया। टीम ने 90 मिनट के अंदर 47 रन बनाकर अपने बचे हुए छह विकेट गंवा दिए। स्टोक्स अपने कल के 17 रन के स्कोर में काई इजाफा किए बगैर तीसरे स्लिप में कैमरून ग्रीन को कैच देक पवेलियन लौट गए। हैरी ब्रुक ने अपने 45 रन का अर्धशतकीय पारी में बदला लेकिन इस दौरान पैट कमिंस की उछाल लेती गेंद उनकी हेलमेट से टकरा गई। नौ टेस्ट में आठवां अर्धशतक लगाने वाले ब्रुक्स स्टार्क की बाउंसर गेंद पर बेसबॉल की तरह शॉट खेलकर कवर क्षेत्र में कमिंस को कैच दे बैठे।

पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लियोन दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन दाईं पिंडली की मांसपेशियों मे खिंचाव के कारण लॉर्ड्स मैदान पर इंग्लैड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। वह गुरुवार को दूसरे दिन के खेल के दौरान चाय के सत्र के बाद गेंद के पीछे भागते हुए चोटिल हो गए थे। उन्होंने इससे पहले जैक क्राउली को आउट कर इंग्लैड को पहली सफलता दिलाई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल के दौरान एक बयान जारी कर बताया कि लियोन को चोट थोड़ी गंभीर है। इस बयान मे हालांकि यह नही बताया गया कि वह कितने समय तक बाहर रहेगे।

जिम्बाब्वे के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए ओमान पर जुर्माना लगा

बुलावायो। जिम्बाब्वे के खिलाफ आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) विश्व कप क्वालीफायर मैच में धीमी ओवर गति के लिए ओमान पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के मोहम्मद जावेद ने तय समय में ओमान को दो ओवर कम गेंदबाजी करने के कारण यह सजा सुनाई। न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता के नियम 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनकी टीम के निर्धारित समय में प्रत्एक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। कप्तान जीशान मकसूद ने इस प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई

स्टेडियम की खबरें

हम चाहते है कि उपटन हॉकी खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाएः हॉकी इंडिया

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया चाहती है कि पैडी उपटन उसकी पुरुष टीम के खिलाड़ियो मे उस तरह की मानसिक मजबूती बनाए जो दबाव मे नही बिखरे। यह उसी तरह का गुण है जिसने 2011 मे महेंद्र सिंह की टीम को क्रिकेट मे विश्व विजेता बनाया था।हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि अगर दक्षिण अफ्रीका का यह मानसिक अनुकूलन कोच भारतीय पुरुष टीम के प्रदर्शन मे बदलाव ला सकेगा तो उन्हे 2024 ओलंपिक तक टीम के साथ काम करने के लिए कहा जा सकता है।उपटन बेंगलुरुस्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र मे चल रहे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर मे शनिवार से तीन सत्रो मे मानसिक अनुकूलन सत्र का संचालन करेंगे। हॉकी इंडिया इसके लिए 30 लाख रुपए खर्च करेगा। हॉकी इंडिया को उम्मीद है कि उपटन के इन सत्रो से टीम को इस साल के अंत मे चेन्नई मे एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और चीन के हांगझोऊमे एशियाई खेलो मे मदद मिलेगी। भोला नाथ के अनुसार भारतीय टीम की करीबी मुकाबलो मे हारने और अंतिम क्षण मे गोल खाने की आदत टीम प्रबंधन को लंबे समय से परेशान कर रही है और वे इसका समाधान करना चाहते थे।

वीवो और आईकू 19वें एशियाई खेलों हांग्जो से जुड़े

मुंबई। ग्लोबल लीडिंग टेक्नोलॉजी ब्रांड वीवो ने घोषणा की कि उसे 15 जून, 2023 को 19वें एशियाई खेलों हांग्जो (नीचे हांग्जो एशियाई खेलों के रूप में) के लिए मोबाइल फोन का ऑफिशियल एक्सक्लूसिव सप्लायर नामित किया गया है। यह तारीख हांग्जो एशियाई खेलों के लिए 100 दिन के काउंटडाउन की शुरुआत का भी प्रतीक है। वीवो के सब-ब्रांड, आईकू को गेम्स के दौरान ईस्पोर्ट्स इवेंट के लिए ऑफिशियल ईस्पोर्ट्स गेमिंग फोन के रूप में चुना गया है। एचएजीओसी (हांग्जो एशियाई गेम्स ऑर्गनाइजिंग कमेटी) के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल और डायरेक्टर ऑफ एग्जीक्यूटिव ऑफिस माओ जेनहोंग, एचएजीओसी के इंटरनेशनल रिलेशन डिपार्टमेंट के डिप्टी जू जियानफेंग, एचएजीओसी के मार्केट डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के डू मेंगफेई और ये होंग और चीन में वीवो के ब्रांडिंग के वाइस प्रेसिडेंट जिया जिंगडोंग और अन्य अतिथि साइनिंग सेरेमनी में शामिल हुए।19वें एशियाई खेल 23 सितंबर, 2023 से 8 अक्टूबर, 2023 तक हांगझू, चीन में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें भाग लेने वाले 45 देश और क्षेत्र एक साथ आएंगे। महाद्वीप के सबसे बड़े बहु-खेल आयोजन के रूप में, हांग्जो एशियाई खेल पूरे एशिया में खेलों के माध्यम से एकता और सौहार्द का जश्न मनाते हैं। साइनिंग सेरेमनी के दौरान माओ जेनहोंग ने कहा कि हम हांग्जो एशियाई खेलों की 100-दिवसीय काउंटडाउन के शुरुआत के अवसर पर वीवो के साथ पार्टनरशिप करने के लिए बहुत उत्सुक हैं।

ईरान को हराकर भारत ने एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप खिताब का बचाव किया

बुसान (कोरिया)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने शुक्रवार को यहां रोमांचक फाइनल मे ईरान को 42-32 से हराकर एशियाई चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। यह महाद्वीपीय चैंपियनशिप मे भारत का आठवां खिताब था।ईरान ने मैच मे आक्रामक शुरुआत की लेकिन भारतीय खिलाड़ियो उन्हे दबदबा बनाने का मौका नही दिया। भारतीय कप्तान पवन सहरावत ने ईरान को ऑल आउट कर टीम को 10-4 कर बढ़त दिला दी। भारत ने दबाव बनाए रखा और मध्यांतर से पहले ईरान को दूसरी बार ऑल आउट कर 23-11 की बढ़त बना ली।ईरानी ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा चियानेह ने अपनी टीम को वापसी कराने की कोशिश की लेकिन टीम एक और बार ऑल-आउट से 14-33 से पिछड़ गई। भारत ने इसके बाद अपनी बढ़त को बनाए रखते हुए जीत दर्ज कर ली। भारतीय खेल प्राधिकरण ने ट्वीट किया, ईरान के खिलाफ फाइनल मे 42-32 की जीत के साथ भारतीय टीम ने एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप का खिताब बरकरार रखा।

बीएआई ने स्वैच्छिक आयु सुधार की अंतिम तिथि को 10 जुलाई तक बढ़ाया

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने खिलाड़ियो से बड़ी संख्या मे मिल रही प्रतिक्रिया को देखते हुए स्वैच्छिक आयु सुधार योजना (वीएआरएस) की समय सीमा को आगे बढ़ाकर 10 जुलाई कर दिया। बीएआई की यह योजना उन पंजीकृत खिलाड़ियो के लिए है जिनके पास मौजूदा समय मे बीएआई का पहचान पत्र है, लेकिन उसमे जन्मतिथि गलत है या उम्र को लेकर कोई विसंगति है। खिलाड़ियो को सिर्फ एक बार ही इसमे सुधार करने का मौका मिलेगा। इस खेल मे बड़े पैमाने पर उम्र की हेराफेरी को देखते हुए बीएआई ने खिलाड़ियो को छह से 25 जून तक सुधार का समय दिया था।

हैती को 3-1 से हराकर मैक्सिको कोनकाकैफ गोल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

ग्लेनडाले (एरिजोना)। मैक्सिको ने कोनकाकैफ (उत्तर, मध्य अमेरिका और कैरेबियन संघ का फुटबॉल परिसंघ) गोल्ड कप फुटबॉल के ग्रुप चरण के मुकाबले मे हैती पर 3-1 की जीत के साथ क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का किया। ग्रुप बी के इस मैच के दूसरे हाफ के 44वे सेकंड मे हेनरी मार्टिन ने हेडर से गोल कर के विश्व रैंकिंग मे 14वे स्थान पर काबिज मैक्सिको का खाता खोला। इसके 10 मिनट के बाद हैती के रिकार्डो एडे ने आत्मघाती गोल कर मैक्सिको की बढ़त को दोगुना कर दिया। डेनली जीन-जैक्स ने 78वे मिनट मे गोलकर मैच मे हैती की वापसी कराई ।

पूर्णकालिक विदेशी विशेषज्ञ को लेकर पसोपेश में एनआएआई

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के साथ अनुबंध संबंधी मुद्दो पर ट्रैप और स्कीट कोच रसेल मार्क और उनकी पत्नी लॉरिन के जाने के बाद खाली हुए पदो के लिए पूर्णकालिक विदेशी कोच की नियुक्ति को लेकर असमंजस बरकरार है। ऑस्ट्रेलिया के इन दोनो शॉटगन कोच ने भारतीय टीम का साथ ऐसे समय मे छोड़ा जब विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल और एशियाई चैंपियनशिप जैसे शीर्ष स्तर की तीन प्रतियोगिताएं एक के बाद एक होने वाली है।

डूरंड कप में 27 साल बाद होगी विदेशी टीमों की वापसी

नई दिल्ली। घरेलू सत्र के शुरूआती टूर्नामेंट डूरंड कप के आयोजको ने शुक्रवार को कहा कि 27 साल बाद एशिया के इस सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट मे विदेशी टीमो की वापसी होगी। डूरंड कप दुनिया का तीसरा सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है। तीन अगस्त से कोलकाता मे शुरू होने वाले 132वे चरण मे 24 टीमे हिस्सा लेगी जिसमे नेपाल, भूटान और बांग्लादेश भी शामिल है।

गेमिंग लैप्टास को करेंगे आकर्षित

मुंबई। नए शैक्षणिक साल के शुरू होने के उपलक्ष्य में क्रोमा ने अपना सबसे मशहूर बैक टू कैंपस सेल शुरू किया है। लैपटॉप्स, टैबलेट्स, स्मार्टफोन्स, स्मार्टवॉचेस, हेडफोन्स और इयरफोन्स पर आकर्षक ऑफर्स के साथ क्रोमा का बैक टू कैंपस सेल छात्रों और तकनीक के प्रति उत्साही उपभोक्ताओं के लिए खरीदारी की अतुलनीय खुशी लेकर आता है। अगर आप गेमिंग के दीवाने है तो आपके लिए प्रस्तुत है रायेन ,लैपटॉप्स सिर्फ 7,990 रुपयों से आगे की कीमतों में। इनमें भी माइक्रोसॉफ्ट होम एंड स्टूडेंट्स पहले से इन्स्टॉल किया गया है। क्रोमा में सभी एप्पल उत्पादों पर आकर्षक डील्स दी जा रही हैं। आपकी पसंद के एप्पल उत्पादों की विशाल श्रेणी पर एक्सक्लूसिव छूट पाने का बेहतरीन अवसर क्रोमा ने अपने उपभोक्ताओं को दिया है। एक्सक्लूसिव वाउचर्स और सेल ऑफर्स का लाभ उठाइए और अपनी इ'छाओं को पूरा कीजिए। क्रोमा के बैक टू कैंपस सेल का सबसे बड़ा आकर्षण होती हैं लॅपटॉप्स की डील्स, इसमें हर महीना मात्र 1,412 रुपयों से शुरू होने वाले 50 से ज्यादा विकल्प उपलब्ध हैं। किफायती लैपटॉप चाहिए या फिर सबसे बेहतरीन परफॉर्मन्स, क्रोमा में आपकी इ'छा और पसंद यकीनन पूरी होगी। इन्टेल कोर आई× लैपटॉप्स की कीमतें सिर्फ 2,990 रुपयों से शुरू होती हैं, इनमें माइक्रोसॉफ्ट होम एंड स्टूडेंट्स पहले से निःशुल्क इन्स्टॉल किया हुआ है।

अरोनियन ने कार्लसन को हराया, त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स जीता

दुबई। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन शुक्रवार को यहां ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) मे बड़ी चूक से लेवोन अरोनियन से हारकर उलटफेर का शिकार हुए जिससे त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स ने एसजी एल्पाइन वारियर्स को पराजित कर दिया। लीग के नौवे दिन चिगारी गल्फ टाइटन्स ने अपग्रैड मुम्बा मास्टर्स को 12-3 से हराया। काले मोहरो से खेलते हुए त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स ने एसजी एल्पाइन वारियर्स को 10-8 से पराजित कर उन्हे फाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया।

पहले दौर में लड़खड़ाए गंडास और शुभंकर

बेलफ्राइ (ब्रिटेन)। भारतीय गोल्फर मनु गंडास और शुभंकर शर्मा ने शुक्रवार को यहां ब्रिटिश मास्टर्स के पहले दौर मे अच्छा कार्ड नही खेल सके। गंडास ने एक ओवर 73 का कार्ड खेला और कट मे जगह बनाने के लिए उन्हे दूसरे दौर मे बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

दीक्षा 90वें स्थान पर

सियुनटियो (फिनलैड)। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर (दो ओवर 74) एक हफ्ते पहले अपना दूसरा लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीतने के बाद यहां शुक्रवार को लेडीज ओपन मे अच्छी शुरुआत नही कर सकी ।

भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी शिविर के लिए वेस्टइंडीज ने 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की

टीमः क्रैग ब्रेथवेट (कप्तान), एलिक अथनाज, जर्मेन ब्लैकवुड, नक्रूमा बोनर, तेगनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कॉर्नवाल, जोशुआ दा सिल्वा, शैनन गेब्रियल, केवम हॉज, अकीम जॉर्डन, जायर मैकएलिस्टर, किर्क मैकेंजी, मार्क्विनो माइंडली, एंडरसन फिलिप, रेमन रीफर, केमार रोच, जेडेन सील्स, जोमेल वारिकन।

भाषा। एंटीगुआ

भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले तैयारी शिविर के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने शुक्रवार को यहां टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट की अगुवाई में 18 सदस्ईय टीम की घोषणा की।शिविर एंटीगुआ के सीसीजी में शुरू होगा और टीम नौ जुलाई को डोमिनिका रवाना होगी। श्रृंखला का शुरुआती टेस्ट 12 जुलाई से डोमिनिका में होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 20 जुलाई से त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में होगा। इसके बाद 27 जुलाई से तीन मैचों की वनडे सीरीज और तीन अगस्त से पांच मैचों की टी20 श्रृंखला शुरू होगी। सीडब्ल्यूआई के ट्विटर पर लिखा, सीडब्ल्यूआई पुरुष चयन पैनल ने आज कैरेबियाई टीम के खिलाफ भारत के दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत से पहले तैयारी शिविर के लिए 18 सदस्ईय टीम की घोषणा की। वेस्टइंडीज इस समय आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर में खेल रहा है, इसलिए शिविर में कुछ सीनियर खिलाड़ी शामिल नहीं होगे। जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ और काइल मायर्स शिविर का हिस्सा नहीं होंगे जबकि केवम हॉज, एलिक अथनाज और जेयर मैकएलिस्टर नए चेहरे हैं।

श्रीलंका ने नीदरलैंड को 21 रन से हराया, क्वालीफाई की ओर

बुलावायो। धनंजय डि सिल्वा के करियर की सर्वश्रेष्ठ 93 रन की पारी और महीश तीक्ष्णा के तीन विकेट से श्रीलंका ने शुक्रवार को यहां आईसीसी वनडे विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स चरण में नीदरलैंड को 21 रन से हरा दिया। श्रीलंका के इस तरह तीन मैचों में छह अंक हो गए हैं और उसके सुपर सिक्स चरण में शीर्ष दो में रहकर पांच से 19 अक्टूबर तक भारत में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद है। नंजय की आठ चौके और दो छक्के जड़ति पारी से श्रीलंका ने छह विकेट पर 96 रन के स्कोर से उबरते हुए 47.4 ओवर में 213 रन का स्कोर खड़ा किया।

उत्तर क्षेत्र शानदार प्रदर्शन से जीत के करीब

● दलीप ट्राफी

भाषा। बेंगलुरु

उत्तर क्षेत्र शुक्रवार को यहां दलीप ट्राफी के क्वार्टरफाइनल के तीसरे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 259 रन पर घोषित कर 665 रन की विशाल बढ़त बनाकर पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ जीत की ओर बढ़ रहा है। उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजों ने विशाल बढ़त का फायदा उठाते हुए स्टंप तक पूर्वोत्तर क्षेत्र के 58 रन तक तीन विकेट झटक लिए जिससे वह 607 रन से पिछड़ रही है। सिद्धार्थ कौल की अगुआई वाले उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजी आक्रमण ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को पहली पारी में 134 रन पर समेट दिया जिससे टीम ने 406 रन की बढ़त हासिल की। पहली पारी की विशाल बढ़त के बावजूद उत्तर क्षेत्र ने फॉलो आन नहीं दिया और दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसमें उसके बल्लेबाजों ने शुरूआती झटकों के बाद अच्छा खेल दिखाया। पहली पारी के शतकवीर ध्रुव शोरे और निशांत सिंधू सस्ते में क्रमशः 11 और तीन रन के निजी स्कोर पर आउट हुए। इससे टीम ने 23 रन पर दो विकेट गंवा दिए। लेकिन अंकित कलसी और प्रभसिमरन सिंह ने तीसरे विकेट के लिए 15 से ज्यादा ओवर में 83 रन की भागीदारी निभाई। कलसी 49 और प्रभसिमरन सिंह 59 रन बनाकर पवेलियन पहुंचे। उत्तर क्षेत्र का स्कोर पांच विकेट पर 146 रन था और पूर्वोत्तर की टीम प्रतिद्वंद्वी की पारी को समाप्त करने की योजना बना रही थी जो कारगर नहीं हो सकी। उत्तर क्षेत्र के कप्तान जयंत यादव (नाबाद 55 रन) और अंकित कुमार (70 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी कर गेंदबाजों के लिए मुश्किल पैदा की। अंकित के आउट होते ही उत्तर क्षेत्र ने पारी घोषित कर दी। अब टीम को जीत के लिए सात विकेट की दरकार है।

सौरभ कुमार के चार विकेट, मध्य क्षेत्र जीत के करीब

बेंगलुरु। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार के चार विकेट की बदौलत मध्य क्षेत्र शुक्रवार को यहां दलीप ट्राफी क्वार्टरफाइनल के तीसरे दिन स्टंप तक पूर्वी क्षेत्र के 69 रन पर छह विकेट झटकने से जीत के करीब पहुंच गया। पूर्वी क्षेत्र को जीत के लिए 300 रन का लक्ष्य मिला जिससे वह 231 रन से पिछड़ रहा है और उसके चार विकेट बाकी हैं।सौरभ के साथ साथ पूर्वी क्षेत्र ने अपने बल्लेबाजों की बदौलत दबदबा बनाया। दूसरी पारी में टीम 239 रन पर सिमट गई जिससे उसकी कुल बढ़त 299 रन की हो गई। मध्य क्षेत्र ने बिना विकेट गंवाए 64 रन से आगे खेलना शुरू किया। सलामी बल्लेबाज हिमांशु मंत्री (68 रन, सात चौके) और विवेक सिंह (56 रन, चार चौके, दो छक्के) ने पहले विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के आउट होने के बाद सारांश जैन (32 रन) और शुभम शर्मा (23 रन) ने उपयोगी योगदान दिए। पर पूर्वी क्षेत्र की बल्लेबाजी दूसरी बार सौरभ के खिलाफ चरमरा गई। स्टंप तक रियान पराग छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

टेटे : दीया-श्रीजा सेमीफाइनल में पहुंचे

भाषा। जगरेब

दीया चिताले और श्रीजा अकुला की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां सिंगापुर की शिन रु वोंग और जियान जेंग पर 3-2 की कड़ी जीत के साथ डब्ल्यूटीटी (विश्व टेबल टेनिस) कंटेंडर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।श्रीजा और दीया ने पहला गेम गंवा दिया था लेकिन दोनों ने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम को जीतकर 2-। की बढ़त बना ली। सिंगापुर की जोड़ी ने चौथे गेम को अपने नाम कर स्कोर को 2-2 कर दिया लेकिन श्रीजा और दिया ने दबाव में धैर्य बनाए रखते हुए 39 मिनट तक चले मैच को 9-11, 12-10, 11-7, 5-11, 11-8 से जीता। महिला युगल के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के लिए भारतीय जोड़ी का मुकाबला थाईलैंड की सुथासिनी सवेटाबुट और ओरवान परानांग की जोड़ी की चुनौती से पार पाना होगा।इससे पहले गुरुवार को भारत की शीर्ष रैंकिंग की महिला एकल खिलाड़ी मनिका बत्रा ने क्रोएशिया की हाना अरापोविक को 3-। से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी बत्रा ने शुरुआती गेम हारने के बाद जोरदार वापसी की और 28 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-6, 11-3, 11-। से अपने नाम किया। महिला एकल में हालांकि सुतीर्था मुखर्जी को दक्षिण कोरिया की यांग हा इयुन ने हरा दिया। हा युन ने जीत दर्ज की। महिला युगल में सुतीर्था और अयहिका मुखर्जी एक अन्य भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। पुरुष और मिश्रित युगल में क्रमशः अचंत शरत कमल एवं हरमीत देसाई की जोड़ी और मनिका एवं जी साथियान की जोड़ी हार के साथ ही खिताब की दौड़ से बाहर हो गई।

अनुराधा और कुणाल राणा ने ग्रुप ए राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल के अंतिम दिन जीत हासिल की

नई दिल्ली। हरियाणा की अनुराधा देवी और नौसेना के कुणाल राणा राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल पांच और छह में शुक्रवार को यहां क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता जीतने में सफल रहे। महिला वर्ग में हरियाणा के दबदबे का नेतृत्व अनुराधा ने किया जबकि पुरुष वर्ग में कुणाल को उत्तर प्रदेश के वरूण तोमर से कड़ी टक्कर मिली। कुणाल ने फाइनल के आखिरी 24वें निशाने पर मुकाबला अपने नाम किया। क्वालीफिकेशन में कुणाल और हरियाणा के सुमित के बीच कड़ी टक्कर हुई और दोनों के नाम 586 अंक थे। 10 अंक वाले ज्यादा सटीक निशाने के कारण कुणाल शीर्ष पर थे।

हाशिम को अपना कोच बनाना चाहती हैं सिंधू

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन सुपरस्टार पीवी सिंधू अगले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की मुहिम के अंतर्गत पूर्व आल इंग्लैंड ओपन चैम्पियन मोहम्मद हाफिज हाशिम की सेवाएं लेने की कोशिश कर रही हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को लिखा है जिसमें उन्होंने खेल मंत्रालय की टॉप्स योजना के अंतर्गत मलेशिया के हाफिज हाशिम से ट्रेनिंग लेने के लिए मंजूरी मांगी है। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने पीटीआई से कहा, मुझे लगता है कि साइ उनके प्रस्ताव को मंजूरी दे देगा। वह भारत की एलीट खिलाड़ी हैं और हो सकता है कि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ी हों। मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) की अगली बैठक में यह प्रस्ताव आ सकता है जिसमें एमओसी के सदस्य भारत के ओलंपिक कार्यक्रम और टॉप्स एथलीट के प्रस्तावों के अहम एजेंडे पर चर्चा कर सकते हैं। विमल ने कहा, एक कोच इतने सारे शीर्ष खिलाड़ियों को नहीं देख सकता।

जसपाल राणा फिर होंगे मनु भाकर के निजी कोच

नई दिल्ली। महान पिस्टल निशानेबाज और कई बार के एशियाई खेलो के स्वर्ण पदक विजेता जसपाल राणा ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह भारत की सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजो मे शुमार मनु भाकर को फिर से कोचिंग देंगे।। साल पहले दोनो के बीच मतभेद होने से अलग होने का विवाद कई दिनो तक सुर्खियो मे रहा था। विश्व कप मे कई स्वर्ण पदक जीत चुकी मनु ने तोक्यो ओलंपिक से पहले 2021 मे मतभेदो के कारण उनसे कोचिंग नही लेने का फैसला किया था। विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता और 2018 राष्ट्रमंडल खेलो की चैम्पियन मनु के तोक्यो मे निराशाजनक प्रदर्शन के पीछे का कारण राणा से अलग होना माना जा रहा था जिसमे उनकी पिस्टल भी खराब हो गई थी।

भारत की नजर फाइनल पर

● सैफ सेमीफाइनल आज : लेबनान के खिलाफ छेत्री के करिश्माई प्रदर्शन जारी रहने की उम्मीद

भाषा। बेंगलुरु

भारतीय टीम सैफ फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में शनिवार को जब लेबनान की मजबूत टीम के खिलाफ मैदान में उतरेगी जो उसे अपने करिश्माई कप्तान से एक और दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गत चैंपियन भारत ने ग्रुप ए से कुवैत के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि लेबनान ने ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए अंतिम-चार चरण का टिकट पक्का किया।

छेत्री शानदार लय में है और वह तीन मैचों में पांच गोल के साथ टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष पर है। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ गोल की हैट्रिक भी शामिल है। कुवैत के खिलाफ आखिरी लीग मुकाबले में छेत्री ने शानदार तरीके से गोल कर के यह साबित किया कि वह अब भी अपने खेल के शीर्ष पर है। लेबनान के खिलाफ चुनौती से पार बनाने के लिए छेत्री को एक बार फिर से अपना दमखम दिखाना होगा। सहल अब्दुल समद, महेश सिंह और उदांता सिंह जैसे खिलाड़ियों को अपने कप्तान का साथ देने के लिए आगे आना होगा। इन सभी ने टूर्नामेंट में अच्छे से अपनी भूमिका निभाई है लेकिन छेत्री के अलावा केवल उदांता और महेश ही टीम के लिए गोल करने में सफल रहे है। लेबनान जैसी मजबूत टीम के खिलाफ भारत के लिए छेत्री पर निर्भरता घातक हो सकती है। टीम को रक्षापंक्ति से अपने दमदार खेल को जारी रखने की उम्मीद होगी। टीम ने पिछले नौ मैचों में सिर्फ एक गोल गंवाया है और वह भी कुवैत के खिलाफ आत्मघाती गोल था। भारत और लेबनान ने अब तक आठ बार एक-दूसरे का सामना किया है। दोनों टीमों के बीच जीत-हार के रिकॉर्ड में लेबनान 3-2 से आगे है। तीन अन्य मुकाबले बराबरी पर छूटे है।इस बार भारतीय टीम का मनोबल हालांकि बढ़ा हुआ होगा।

नही जानता भारत के लिए अंतिम मैच कब होगा : छेत्री

बेंगलुरु। भारतीय कप्तान और करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने शुक्रवार को अपने संन्यास के बारे मे चल रही बातो को दरकिनार करते हुए कहा कि उन्होने खेल से अलविदा लेने के लिए कोई समयसीमा तय नही की है। छेत्री अभी 38 वर्ष के है और अब भी भारतीय आक्रमण की अगुआई करते है जिसका अंदाजा यहां चल रही सैफ चैम्पियनशिप के तीन मैचो मे उनके पांच गोल से लगाया जा सकता है। छेत्री ने लेबनान के खिलाफ भारत के सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, मै नही जानता कि देश के लिए मेरा अंतिम मैच कब होगा। मैने कभी भी लंबे समय के लक्ष्य नही बनाए, मै अगले मैच के बारे मे सोचता हू, अगले 10 दिन के बारे मे सोचता हू।

वीनस 24वें विंबलडन में स्वितोलिना के खिलाफ करेंगी शुरुआत

भाषा। विम्बलडन (इंग्लैंड)

पांच बार की विम्बलडन चैम्पियन वीनस विलियम्स 24वीं बार यहां टेनिस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलने उतरेंगी जिसमें वह अपना अभियान एलिना स्वितोलिना के खिलाफ शुरू करेंगी जो 2019 के सेमीफाइनल में पहुंची थी। शुक्रवार को निकाले गए विम्बलडन ड्रा में दो बार यहां खिताब जीत चुके एंडी मरे पहले दौर के मैच में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रेयान पेनिस्टन से भिड़ेंगे जो ब्रिटेन के खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा। वीनस (43 वर्ष) ने इस सत्र में केवल पांच मैच खेले हैं और अप्रैल में टूर में वापसी करने वाली स्वितोलिना दोनों को आल इग्लैंड क्लब ने वाइल्ड कार्ड दिया है। इस मैच की विजेता खिलाड़ी दूसरे दौर में 28वीं वरीय एलिसे मर्टन्स और इसके बाद सातवें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ से भिड़ सकती हैं।

ब्लिंकोवा को हराकर स्वियातेक सेमीफाइनल में

बैड होमबर्ग। शीर्ष रैंकिंग की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक विबलडन से पहले घसियाले (ग्रास) कोर्ट पर लय हासिल करते हुए बैड होमबर्ग ओपन के क्वार्टर फाइनल मे गुरुवार को यहां अन्ना ब्लिंकोवा को आसानी से शिकस्त दी। लाल बाजरी पर तीन बार की फ्रेंच ओपन विजेता और एक बार यूएस ओपन (ह